प्राथमिक रूप से कुछ अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं, विशेषतः अमेरिका के नेतृत्व में वैश्विक अर्थव्यवस्था की गतिविधियों में थोड़ी मजबूती देखने में आई, खासकर 2013 की दूसरी छमाही में; किन्तु यूरोपीय क्षेत्र के देशों और जापान में धीमी वृद्धि और ईएमडीई, विशेषतः चीन में विकास की गति शिथिल होने के कारण यह निस्तेज रही. भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार दूसरे साल 2013-14 में भी वैश्विक गतिविधियों के असर के कारण और घरेलू आपूर्ति की बाधाओं के चलते कमजोर रही जबकि मुद्रास्फीति, खासकर मूल मुद्रास्फीति अच्छे मानसून के बावजूद उच्च स्तर पर बनी रही. कमजोर बुनियादी और कॉरपोरेट निवेश के चलते मंदी ने अर्थव्यवस्था के अन्य मोर्चों पर भी असर डाला. कॉरपोरेटों की वित्तीय स्थिति में प्रतिकूल आस्ति गुणवत्ता के कारण गिरावट आई जिसका असर बैंकों की लाभप्रदता पर भी पड़ा. तथापि, हाल ही के संकेतों के अनुसार वृद्धि में गिरावट की प्रवृत्ति थम सकती है जबकि अर्थव्यवस्था की औद्योगिक गतिविधियों के धीमे बने रहने की संभावना है. विदेशी व्यापार और खास तौर से चालू खाता घाटे (सीएडी) में एक वर्ष से पूर्व के स्तरों की तुलना में वर्ष 2013-14 की दूसरी छमाही में अन्य के साथ-साथ सुधरी हुई बाह्य स्थितियों के चलते उल्लेखनीय कमी आई है. वर्ष 2013-14 के दौरान औसत डब्ल्यूपीआई व सीपीआई मुद्रास्फीति में 2012-13 के स्तरों की तुलना में आधारभूत कारकों के प्रभावों के चलते सुधार आया. साथ ही, भारत में नीतिगत कार्रवाई के चलते पुनः मजबूत प्रतिरोधक बने जिन्होंने प्रभावी रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था का बचाव किया और खास तौर पर अवांछित विनिमय दर अस्थिरता को हालिया बाह्य प्रभावों से बचाए रखा. चालू और वित्तीय घाटे; दोनों में कमी होने के कारण और साथ ही 2013-14 की चौथी तिमाही में पूंजीगत प्रवाहों के जरिए विदेशी मुद्रा भण्डारों की भराई होने से रुपये की विनिमय दर में वृद्धि हुई और उससे भी महत्वपूर्ण यह कि अस्फीतिकारी प्रभावों में गति आने से सामने दिख रही बड़ी अस्थिरता का जोखिम टल गया. इसमें संदेह नहीं कि निहित जोखिमों के चलते और बुनियादी बाधाओं को दूर करने की दिशा में

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

अधिकाधिक प्रयास करने से कारोबार में भरोसे का निर्माण होता है और विकास को सुनिश्चित करने के लिए निवेशों के समर्थन हेतु वित्तीय स्थितियाँ बनाने की जरूरत होती है. किन्तु आगे 2014-15 में बृहत् आधारभूत तत्वों में कभी भी बदलाव होने की बड़ी आशा है.

आपके बैंक ने 2013-14 के दौरान जारी प्रतिकूल परिचालन वातावरण के 'संक्रामक असर' से कतई विचलित हुए बिना मेहनत की और एक सीमा तक अपने कारोबार और वित्तीय कार्यनिष्पादन को इसके प्रभावों से बचाए रखने में सफल भी हुआ. वर्ष के दौरान बैंक का कुल कारोबार ₹ 4.23 लाख करोड़ से 2% से अधिक (वर्ष दर वर्ष आधार पर) बढ़कर ₹ 4.34 लाख करोड़ हो गया. बैंक के तुलनपत्र का आकार भी 31 मार्च 2014 को बढ़कर ₹ 3.29 लाख करोड़ हो गया जो एक वर्ष पूर्व की अवधि की तुलना में लगभग 2% अधिक है. 2013-14 में आपके बैंक के परिचालनों से ₹ 1121 करोड़ का निवल लाभ हुआ. चालू वित्तीय वर्ष के लिए लाभप्रदता का मुख्य संकेतक निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 5 आधार बिन्दु बढ़कर 2.17 % रहा. बैंक अपनी निधियों की कुल लागत को तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के 8.31% से घटाकर 2013-14 के दौरान 7.87% के स्तर पर लाने में सफल रहा है.

संयोगवश यह वर्ष एक संस्था के रूप में आईडीबीआई की स्थापना का 50वां वर्ष भी है. बैंक अपने सुदीर्घ और विशिष्ट ट्रैक रिकार्ड के चलते प्रतिकूल परिस्थितियों में उसी तरह से उभरा है जैसा कि इसने कई विगत अवसरों पर भी किया है. शाखा नेटवर्क में उल्लेखनीय विस्तार के साथ-साथ कम लागत वाली जमाराशियों, विशेषकर कासा के जरिए, जमा संग्रहण के एकमात्र लक्ष्य ने लाभप्रद रूप से निधियों की लागत

आपके बैंक की रणनीतिक योजना को इस उभरते हुए परिचालन वातावरण में मौजूदा अवसरों तथा इसके कारोबार के समक्ष इनसे उपस्थित चुनौतियों के अनुरूप बनाना होगा.

पर असर डाला है. इसी तरह बैंक ने अपनी रिटेल और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की बहियों को बढ़ाने की ओर भी खासा ध्यान दिया है जिसके लिए आकर्षक दरें और नवोन्मेषी योजनाएँ एवं सेवाएँ आरंभ की गई हैं जिनसे आस्ति पोर्टफोलियो को पुनः संतुलित करने और अपने दायरे को बढ़ाने में सहायता मिली है. साथ ही, हमारे कॉरपोरेट पोर्टफोलियो पर पड़ने वाले भारी दबाव के लिए, जो कि डगमगाते विकास और शिथिल निवेश के वातावरण में बड़े रूप में दिखता था, आपके बैंक ने दबावग्रस्त आस्तियों और एनपीए से अधिकतम वसूलियाँ करने के लिए बहुत से कारगर उपाय किए जिनकी सहायता से आपके बैंक को वर्ष के अंत में अपने समग्र एनपीए के स्तर को तार्किक स्तर तक बनाए रखने में मदद मिली. फीस आय जुटाने के लिए किए गए कठिन परिश्रम के भी अच्छे परिणाम मिले. इसी तरह एक कर्तव्यनिष्ठ कॉरपोरेट नागरिक के रूप में बैंक ने अपनी गतिविधियों के दायरे को परंपरागत बैंकिंग क्षेत्रों से बाहर के क्षेत्रों जैसे ग्रीन बैंकिंग और कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व तक पहुंचाया. ऐसे बहुत से पहल कार्यों और उनके परिणामों के बारे में इस रिपोर्ट में निदेशकों की रिपोर्ट के तहत और साथ ही प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण खंड में अधिक विस्तार से जानकारी दी गई है और मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि आप उसका अवलोकन करें. खास तौर पर यह काफी प्रसन्नता की बात है कि वर्ष के दौरान आपके बैंक के कई पहल कार्यों और प्रयासों का स्वागत किया गया और तत्संबंधी फोरमों पर उन्हें सम्मानित भी किया गया.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने चार साल के बड़े अंतराल के बाद अपने लक्ष्य समूह से फिर से जुड़ते हुए अपने ब्रांडिंग अभियान की एक नई टैग लाइन - 'बैंक ऐसा, दोस्त जैसा' के साथ

शुरुआत की जिसमें कोर ब्रांड की विशेषता और स्थिति की जानकारी दी गई है. इस अभियान में इस बात पर ज़ोर दिया गया है कि आईडीबीआई बैंक एक मित्रवत बैंक है जो गर्मजोशी से अपने ग्राहकों का हर हाल में ध्यान रखता है.तात्कालिक रूप से कराए गए कई सर्वेक्षणों में यह बताया गया कि इसका मुख्य संदेश आपके बैंक के लिए अपने लक्ष्य समूहों के साथ सुदीर्घ और गंभीर संबंध बनाने में सहायक सिद्ध होगा. इसके बंद होने के बाद खुदरा उत्पादों में से मुख्य उत्पाद के लिए अभियान शुरू किया गया जिसमें उत्पादों की प्रमुख विशेषताएं प्रचारित की गई. इस प्रचार ने ब्रांड आईडीबीआई और आपके बैंक के प्रस्तावित उत्पादों को लेकर बाजार में दृश्यता की कमी को मिटाने का काम किया.

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 2014 की पहली तिमाही के दौरान अस्थायी कारकों के चलते वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में मामूली नरमी आई. फिर भी, इससे सहमत हुआ जा सकता है कि विश्व अर्थव्यवस्था में सन्निहित तेजी, जो कि 2013 के बाद के हिस्से में आरंभ हुई थी; उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में सामान्य रूप से और यूएस में अधिकेन्द्र के रूप में यथावत बनी रही और फलस्वरूप 2014 में निहित जोखिमों के होते भी, जिसमें नए भौगोलिक राजनीतिक जोखिम और राष्ट्रों एवं क्षेत्रों में असमान कार्य-निष्पादन शामिल हैं; इसके पिछले वर्ष के अर्धवार्षिक स्तरों से इस वर्ष के अर्धवार्षिक स्तरों पर ऊपर बने रहने की संभावना है. जैसा कि मैंने पहले कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के परिदृश्य में हाल ही के महीनों में कुछ बेहतरी की उम्मीद दिखाई दी है. निर्यात में वृद्धि की गति में हाल के घाटे के बावजूद वैश्विक विकास और परिणामस्वरूप सुधरी हुई बाहरी मांग, घरेलू आपूर्ति अवरोधों को आसान बनाने की दिशा में हालिया नीतिगत कार्रवाइयों से व्यापार और ग्राहक के भरोसे में हुई वृद्धि तथा रूकी हुई परियोजनाओं के आंशिक समाधान के साथ-साथ आधारभूत प्रभावों से उभरे लाभकारी आंकड़ों से 2014-15 के दौरान लगभग 5.5% की एक मध्यम वृद्धि की वापसी होनी चाहिए. फिर भी, कुछ विपरीत परिस्थितियाँ इसकी बहाली पर असर डाल सकती हैं जैसे स्फीतिकारी गतिविधियों का उलट-प्रवाह, तिस पर नरमी की संभावना, उद्योग और सेवाओं के स्थायी पुनर्वास में अवांछित देरी, विभिन्न अनिश्चितताएं यथा कृषि पर प्रभाव डालने वाला ईआई निनो फैक्टर, संकुचित वैश्विक मौद्रिक एवं वित्तीय परिस्थितियाँ, विदेशी भौगोलिक राजनीतिक घटनाएं या इसमें निहित आथिकितर कारक आदि; इनसे कुल मिलाकर एक संकुचित मौद्रिक स्थिति बन सकती है जिसका असर निवेशों के प्रवाह की गति पर पड़ सकता है और जिसके कारण वृहद रूप में सुधारों के अनिश्चित रहने की संभावना है.

आपके बैंक की रणनीतिक योजना को इस उभरते हुए परिचालन वातावरण में मौजूदा अवसरों तथा इसके कारोबार के समक्ष इनसे उपस्थित चुनौतियों के अनुरूप बनाना होगा. इस वर्ष में किए गए शाखा विस्तार के मुक़ाबले एक ज्यादा असरदार योजना बनाना जिससे हमारी रिटेल फ्रेंचाईजी ज़रूरतमंद वर्गों को ऋण दे सके जो हमारी कासा बही और निधियों की लागत के लिए एक अनुकूल संकेत बन सके, रिटेल और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधारों में खास तौर पर दूसरे में सेवा आधार पर अनुपूरक स्थायी बढ़ोत्तरी करना जिससे हमारे पोर्टफोलियो के पुनः संतुलन में सहायता मिल सके और साथ ही साथ कॉरपोरेट बैंकिंग और बुनियादी वित्त में हमारी विशिष्ट स्थिति को भी बनाए रखा जा सके. ग्राहक की बढ़ती और अव्यक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नई योजनाओं को आरंभ करना, बकाया दबावग्रस्त आस्ति पोर्टफोलियो से शीघ्र वसूलियों हेतु समाधान करना जिससे सुधारित वृद्धि से हमारी फीस आय में बढ़ोत्तरी होने के साथ-साथ कुल मिलाकर वर्तमान संबंधों को और अधिक गहरा बनाने की ओर ध्यान दिया जा सके, यह सभी 2014-15 के लिए आपके बैंक के प्रमुख कार्यक्षेत्र होंगे. इन सभी कॉरपोरेट लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संस्था की पुनः संरचना किया जाना अनिवार्य है और इस समय यह अनुपालन की स्थिति में है. आपके बैंक की स्वयंसिद्ध सुदृढ़ता में सॉफ्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग-कौशल व संचालन और इसकी प्रौद्योगिकी पृष्ठभूमि के साथ-साथ अपने लक्ष्य समूहों में इसकी शानदार ब्रांड इक्विटी, जो हाल के ब्रांड पुनः निर्धारण अभियान से जुटाई गई है; इन सबके जरिये बैंक अपने लिए तय किए गए चुनौतीपूर्ण व्यापक लक्ष्यों को सफलतापूर्वक हासिल कर सकेगा.

मुश्किल वक्त नहीं टिकता है, मजबूत लोग टिके रहते हैं. पिछले कुछ महीनों के दौरान संस्था में मुझे बड़ी संख्या में इस श्रेणी के कर्मचारियों को देख कर काफी खुशी हुई है और यह वास्तव में बहुत विनम्रकारी बात है कि उनके इसी ज़ज़्बे ने मुझे बड़ा स्वप्न देखने के लिए प्रेरित किया है. आईडीबीआई बैंक के एक संस्था के रूप में 50 वर्ष पूर्ण करने के गौरवशाली अवसर पर मैं आपसे निरंतर निष्ठा और सहयोग बनाए रखने का अनुरोध करता हूँ ताकि हम सब साथ मिलकर बैंक को एक नई ऊंचाई तक पहुंचा सकें और सभी अंशधारकों का मूल्यवर्धन कर सकें.

आपको और आपके परिजनों को शुभ कामनाओं सहित,

एम.एस. राघवन
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

निदेशक मंडल

बैठे हुए(बाएं से दाएं): श्री पी. एस. शेनॉय, श्री एम. एस.राघवन, सुश्री स्नेहलता श्रीवास्तव
खड़े हुए (बाएं से दाएं): श्री मेल्विन रेगो, श्री बी. के. बत्रा, श्री सुभाष तुली, श्री एस. रवि, श्री पंकज वत्स, श्री निनाद कर्पे

निदेशक मंडल की रूपरेखा

श्री एम. एस. राघवन
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

श्री राघवन विज्ञान में स्नातक हैं तथा उन्होंने मैनेजमेंट एवं फायनेन्शियल मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा किया है. उन्होंने अपना बैंकिंग कैरियर इंडियन ओवरसीज़ बैंक (आईओबी) में प्रोबेशनरी अधिकारी के रूप में आरंभ किया. आईडीबीआई बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्ति से पहले वे बैंक ऑफ इंडिया में कार्यपालक निदेशक थे.

आईओबी में अपने साढ़े तीन दशक से अधिक के लंबे कार्यकाल में श्री राघवन ने ऋण, परिचालन और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया. उन्हें मानव संसाधन प्रबंध, जोखिम प्रबंध, कॉरपोरेट ऋण, सूचना प्रौद्योगिकी व अनुपालन के क्षेत्र में व्यावसायिक दक्षता हासिल है. इंडियन ओवरसीज़ बैंक में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के महाप्रबंधक के रूप में उन्होंने बैंक की सभी शाखाओं में कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) कार्यान्वित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. बैंकिंग प्रणाली और विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के संदर्भ में श्री राघवन के योगदान की उद्योग द्वारा व्यापक प्रशंसा की गई है.

श्री बी. के. बत्रा
उप प्रबंध निदेशक

श्री बत्रा श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, नई दिल्ली से बी. कॉम (ऑनर्स) स्नातक हैं और उन्होंने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकर्स से सीएआईआईबी किया है. उन्होंने फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़, दिल्ली से एमबीए तथा इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड फायनेंशियल एनालिस्ट्स ऑफ इंडिया, हैदराबाद से सीएफए की डिग्री भी प्राप्त की है.

श्री बत्रा 1983 में आईडीबीआई बैंक की पूर्ववर्ती संस्था-आईडीबीआई, विकास वित्तीय संस्था में औद्योगिक वित्त अधिकारी के रूप में नियुक्त हुए और उन्होंने बैंक के सभी प्रमुख विभागों में विभिन्न पदों पर कार्य किया. उन्हें विशेष रूप से परियोजना वित्त (इन्फ्रास्ट्रक्चर सहित) और कॉरपोरेट बैंकिंग के अत्यधिक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में व्यावसायिक दक्षता हासिल है. उन्हें 13 जनवरी 2012 से बैंक के उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है.

श्री मेल्विन रेगो
उप प्रबंध निदेशक

श्री रेगो पुणे के सिंबोइसिस इन्स्टिट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट से वित्त में एमबीए रैंक होल्डर हैं. वे आईडीबीआई से इसके विकास वित्त संस्था के दिनों से लेकर लगभग तीन दशकों से जुड़े रहे हैं. उन्हें 30 अगस्त 2013 से बैंक के उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है. उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्ति से पहले वे बैंक में कार्यपालक निदेशक के पद पर कार्यरत थे और उन्होंने कॉरपोरेट बैंकिंग समूह, इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेट समूह, परियोजना मूल्यांकन, ऋण समूहन, संरचना एवं सलाहकारी विभाग, अंतराष्ट्रीय बैंकिंग (डीआईएफसी में बैंक की एकमात्र विदेशी शाखा सहित) और ट्रेज़री पहल कार्यों का नेतृत्व किया है.

आईडीबीआई में अपने कैरियर के दौरान, श्री रेगो ने पुनर्वास वित्त, परियोजना वित्त, कॉरपोरेट बैंकिंग, ट्रेज़री और अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग में विभिन्न पदों पर कार्य किया है.

निदेशक मंडल की रूपरेखा

सुश्री स्नेहलता श्रीवास्तव
सरकारी निदेशक

भूगोल में पोस्ट ग्रैजुएट तथा रीजनल प्लानिंग एंड इकोनॉमिक ग्रोथ में एम. फिल सुश्री श्रीवास्तव भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की 1982 बैच के मध्य प्रदेश कैडर से हैं. वे मध्य प्रदेश सरकार के कई महत्वपूर्ण पदों का कार्यभार संभाल चुकी हैं जिनमें उप सचिव (उर्जा विभाग), अपर सचिव (वित्त), कार्यपालक निदेशक (खान एवं खनिज), प्रधान सचिव (उच्च शिक्षा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी) तथा अध्यक्ष (शिक्षा विभाग) शामिल हैं. वे केंद्र सरकार में भी विभिन्न पदों पर कार्य कर चुकी हैं. वर्तमान में वे वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार में अपर सचिव के पद पर पदापित हैं.

श्री सुभाष तुली
स्वतंत्र निदेशक

श्री तुली कॉमर्स ग्रैजुएट तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं. वे 1971 से लखनऊ के अग्रणी चार्टर्ड अकाउंटेंटों की फर्म के वरिष्ठ पार्टनर हैं. आपको विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों और सार्वजनिक उपक्रमों के लेखा परीक्षा, कराधान एवं प्रबंध परामर्श समनुदेशन कार्यों के संचालन का विषद् अनुभव है. इनमें से कुछ संस्थाएं हैं - आईआईएम लखनऊ; उ.प्र. राज्य चीनी निगम; उ.प्र. वन निगम; उ.प्र. राज्य कृषि औद्योगिक निगम लि. और कुछ अन्य एसएमई कंपनियां. उन्होंने इसी तरह के कार्य कई बैंकों की शाखाओं में किए हैं जिनमें इलाहाबाद बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, शाहजहांपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा इसकी 27 शाखाओं की सांविधिक लेखा परीक्षा एवं अन्य शामिल हैं.

श्री पी. एस. शेनॉय
स्वतंत्र निदेशक

श्री शेनॉय मैसूर यूनिवर्सिटी से बी. कॉम (गोल्ड मैडलिस्ट) और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फायनेंस के फैलो हैं. वे 2000 से 2005 तक बैंक ऑफ बड़ौदा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद पर पांच वर्ष के कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं. उन्हें बैंकिंग उद्योग में चार बैंकों अर्थात् बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक तथा सिंडीकेट बैंक में चार दशकों से अधिक का अनुभव प्राप्त है. विदेश में कई वर्ष तक पदापित रहने के कारण उन्हें अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग के क्षेत्र में गहन अनुभव हासिल है. वे भारतीय रिज़र्व बैंक तथा भारत सरकार की विभिन्न समितियों के सदस्य भी रहे हैं.

श्री एस. रवि
स्वतंत्र निदेशक

श्री रवि बीएससी तथा एम. कॉम की डिग्री प्राप्त और एफसीए हैं; वे जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली के सेंटर फार मैनेजमेंट स्टडीज से पीएचडी भी कर रहे हैं. श्री रवि को सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न बैंकों जिनमें यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, कॉरपोरेशन बैंक, देना बैंक, यूको बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक शामिल हैं, के बोर्डों में निदेशक होने के फलस्वरूप बैंकिंग क्षेत्र का व्यापक अनुभव प्राप्त है. वे सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों जैसे-भेल और ओएनजीसी लिमिटेड तथा अन्य के बोर्ड में भी नामित हैं.



श्री निनाद कर्पे
स्वतंत्र निदेशक

श्री कर्पे एप्टेक लि. के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ हैं. उन्होंने बी. कॉम, एलएलबी (जनरल) की डिग्री प्राप्त की है और एफसीए हैं. एप्टेक लि. में कार्य ग्रहण करने से पहले वे सीए इंडिया में एमडी के पद पर थे जहां उन्होंने कंपनी की प्रौद्योगिकी के दायरे को बढ़ाने और शीर्ष भारतीय आईटी महारथियों के साथ रणनीतिक साझेदारी विकसित करने के कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया. उन्होंने कराधान पर किताबें लिखी हैं और भारत में विदेशी निवेश तथा कार्यनीति पर सेमिनार तथा कार्यक्रम आयोजित किए हैं. वे बीएनपी पारिबस असेट मैनेजमेंट इंडिया प्रा. लि. और इंडिया एसएमई असेट रीकंस्ट्रक्शन कं. लि. तथा अन्य के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक हैं.

श्री पंकज वत्स
स्वतंत्र निदेशक

उद्योगपति श्री वत्स, श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, दिल्ली से बी. कॉम (ऑनर्स) हैं तथा उन्हें लघु उद्योग चलाने का तीन दशक से भी अधिक का अनुभव है. लघु उद्योग में उनके गहन अनुभव और विशेष ज्ञान, जो बैंक के निदेशकों के लिए आवश्यक योग्यता है, के कारण उन्हें भारत सरकार द्वारा बैंक के संस्था के अंतर्नियम के नियम 116(1)(डी) के अनुसार 30 सितंबर 2013 से आईडीबीआई बैंक लि. के निदेशक के रूप में नामित किया गया है.

नेतृत्व टीम की रूपरेखा

श्री बी. रविन्द्रनाथ
कार्यपालक निदेशक

श्री रविन्द्रनाथ एम. जी. एम. कॉलेज, उडिपि के रैंक होल्डर हैं. उन्होंने रीजनल इंजीनियरिंग कॉलेज, सुरथकल से विशेष योग्यता (डिस्टिंक्शन) के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की. उन्होंने मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लि. (एचएएल) में कार्यग्रहण किया और मैनेजमेंट एवं प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी में डेढ़ वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त किया. उन्होंने एचएएल में पांच वर्ष तक कार्य किया. उन्होंने 1982 में पूर्ववर्ती विकास वित्तीय संस्था-आईडीबीआई में अपना बैंकिंग कैरियर आरंभ किया. वर्तमान में वे बैंक के जोखिम प्रबंध, ट्रांजैक्शन बैंकिंग ग्रुप, ट्रेज़री, अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग, लेखा परीक्षा, वसूली, कॉरपोरेट रणनीति और संवाद, केंद्रीकृत परिचालन, शाखा परिचालन सहायता एवं नीति तथा विधि विभाग के प्रभारी हैं. उन्हें इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेट वित्त पोषण, परियोजना मूल्यांकन और ऋण समूहन संरचना एवं सलाहकारी सेवाएं, मिड कॉरपोरेट, एसएमई तथा कृषि कारोबार में गहन अनुभव प्राप्त है. वे कॉरपोरेट ऋण पुनर्संरचना कक्ष के पूर्व अध्यक्ष हैं. वे स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के गैर-कार्यपालक अध्यक्ष भी हैं. वे कई प्रतिष्ठित सूचीबद्ध/गैर सूचीबद्ध कंपनियों के बोर्ड में भी निदेशक हैं.

श्री बंसल रैंक होल्डर चार्टर्ड अकाउंटेंट और सीएआईआईबी हैं. बैंक के पूर्ववर्ती डीएफआई में प्रबंध प्रशिक्षार्थी के रूप में कार्य ग्रहण करने के बाद से आईडीबीआई बैंक में उनका लगभग 30 वर्ष से अधिक का अनुभव है. इस अवधि में उन्होंने विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों जैसे ट्रेज़री, निवेश, वित्त एवं लेखा (सीएफओ), परियोजना मूल्यांकन, संसाधन, वसूली, खुदरा बैंकिंग आदि में कार्य किया है. श्री बंसल आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट कंपनी तथा आईडीबीआई म्यूच्युअल फंड ट्रस्टी कंपनी स्थापित करने के कार्य से जुड़े रहे. उन्होंने बैंक की दो सहायक संस्थाओं अर्थात् आईडीबीआई होमफाइनेंस लिमिटेड और आईडीबीआई गिल्ट्स लिमिटेड के विलय का कार्य देखा. वे युनाइटेड वेस्टर्न बैंक लिमिटेड के बैंक में समन्वयन के लिए गठित टास्क फोर्स के भी सदस्य थे. वे 1 जुलाई 2013 से 31 जनवरी 2014 तक आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कं. लि. के कार्यकारी प्रबंध निदेशक एवं सीईओ भी थे.

वर्तमान में वे बैंक के कॉरपोरेट बैंकिंग समूह, वित्त एवं लेखा विभाग, स्ट्रैटेजिक एवं असोसिएट निवेश कक्ष तथा सीडीआर कक्ष के प्रमुख हैं. वे सीडीआर एम्पॉवर्ड समूह के भी अध्यक्ष हैं.

श्री आर. के. बंसल
कार्यपालक निदेशक

श्री विनय कुमार
कार्यपालक निदेशक

श्री कुमार पंजाब यूनिवर्सिटी से कैमिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं तथा उन्होंने सीएआईआईबी किया है. उन्होंने जमनालाल बजाज इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट से फायनेंशियल मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है. उन्होंने अगस्त 1983 में पूर्ववर्ती भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आईडीबीआई) में कार्य ग्रहण किया. 2003 से बैंक के मध्यम तथा बृहद कॉरपोरेट सम्बन्धों से जुड़े कार्य देखते हुए वे इन्फ्रास्ट्रक्चर वित्त, कॉरपोरेट बैंकिंग, ट्रांजेक्शन बैंकिंग व्यवसाय जैसे विभिन्न समूहों के प्रमुख रहे. वे विभिन्न पदों पर मुख्यतः बैंक की पश्चिम और दक्षिण क्षेत्र की शाखाओं एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रभारी भी रह चुके हैं.

उनके वर्तमान दायित्वों में बैंक का इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेट समूह, सकेंद्रित परिसंपत्ति प्रबंधन समूह, परियोजना मूल्यांकन विभाग, ऋण समूहन, संरचना व सलाहकारी सेवा विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी तथा एमआईएस विभाग शामिल हैं.

श्री श्रीनिवासन ने इंजीनियरिंग में स्नातक के साथ वित्त (पीजीडीबीएम) तथा बैंकिंग (सीएआईआईबी) में व्यावसायिक अर्हता प्राप्त की है. ट्रांजैक्शन बैंकिंग, मिड कॉरपोरेट, एसएमई, वैयक्तिक और कृषि कारोबार के साथ वाणिज्यिक बैंकिंग के क्षेत्र में उनका लगभग तीन दशकों से अधिक का अनुभव है. श्री श्रीनिवासन ने अपने कैरियर की शुरूआत बैंक ऑफ इंडिया से की जहां वे देशभर में फैली शाखाओं तथा प्रशासनिक कार्यालयों में विभिन्न पदों पर कार्य कर अग्रसर होते हुए मुख्य अधिकारी बने. उन्होंने आईडीबीआई की पूर्ववर्ती बैंकिंग सहायक संस्था-आईडीबीआई बैंक में 1997 में कार्यग्रहण किया जो 2005 में मूल संस्था में विलय हो गई. उन्होंने विभिन्न पदों जैसे क्षेत्रीय प्रमुख, वर्टिकल प्रमुख और वर्तमान में कार्यपालक निदेशक के रूप में बैंक के उपर्युक्त सभी क्षेत्रों में कारोबार का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया.

कार्यपालक निदेशक के रूप में वर्तमान में वे बैंक के खुदरा बैंकिंग समूह, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र समूह (कृषि और एमएसई), वित्तीय समावेशन विभाग, प्रशासन विभाग और सुविधा एवं संरचना प्रबंध विभाग का नेतृत्व कर रहे हैं. कई प्रतिष्ठित कंपनियों के बोर्ड में निदेशक होने के अलावा वे सिडबी और आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट कं. लि. के निदेशक मंडल में नामिती निदेशक हैं.

श्री एस. के. वी. श्रीनिवासन
कार्यपालक निदेशक

संबंधों को प्रगाढ़ बनाना

आपका बैंक ग्राहकों के साथ संबंधों को मजबूत करने पर विश्वास रखता है: ऐसे संबंध जो वित्तीय लेन- देनों से आगे हों और जिनमें दोस्ती की गरमाहट छलकती हो.

ग्राहकों के साथ गहरी मित्रवत सहभागिता और दीर्घकालिक ध्येय ने बैंक को देश के सुदूर कोने तक पहुंचने और असंख्य लोगों के दिलों को छूने में मदद की है.

बैंक से बढ़कर बहुत कुछ ..... 24x7 का साथी

''***आईडीबीआई बैंक मेरी सभी बैंकिंग ज़रूरतों का ध्यान रखता है;*** चाहे म्युचुअल फंड, शेयर और सावधि जमा में निवेश हो अथवा बचत खाता. जब भी आपको ज़रूरत हो बैंक आपके लिए हाज़िर है. आपके सभी सवालों और चिंताओं के समाधान के लिए वे हमेशा आपके लिए उपलब्ध हैं. आईडीबीआई बैंक से भी बढ़कर है. ऐसा दोस्त जिस पर आप विश्वास कर सकें''.

अनु मलिक, संगीत निदेशक, 2001 से ग्राहक

बैंक जो आपके दिल में घर कर रहा है : एक पारिवारिक अहसास

''***बैंक के साथ मेरा संबंध 16 वर्ष पुराना है;*** और पिछले वर्षों में हमारे संबंध और सुदृढ़ हुए हैं. मैं बैंक की खार (मुंबई) शाखा के पहले ग्राहकों में से एक हूं. मुझे याद है बैंक की शाखा से मुझे पहला डेबिट कार्ड जारी किया गया था. इस बात को एक दशक से ज्यादा का समय बीत गया है लेकिन बैंक की सेवाओं की गुणवत्ता अब भी बेजोड़ है.

आज बैंक के साथ मेरे संबंध दैनंदिन लेन-देन से आगे बढ़ कुछ ऐसे हो गये हैं जो भावनात्मक हैं. मैं जब भी बैंक के परिसर में आता हूं अपने आप को बैंक के परिवार का सदस्य महसूस करता हूं. मैंने आईडीबीआई बैंक के साथ हमेशा भावनात्मक संबंध अनुभव किया है. इस शाखा के लोग आपकी अपेक्षा से एक कदम आगे सेवाएं देने का प्रयास करते हैं. ऐसा लगता है मानो वे ज़रूरतमंद दोस्त की मदद कर रहे हों. ***मैं बैंक का गौरवान्वित प्रतिनिधि हूं.***''

शैलेश बी दवे, 1998 से ग्राहक

सुखकर सेवा - भरोसेमंद दोस्त

''पिछले दो वर्षों से मुंबई और बेंगलूर दोनों ही जगह आईडीबीआई बैंक के साथ बैंकिंग करता रहा हूं और मैं उनकी सेवाओं के स्तर से बहुत ही संतुष्ट हूं. वे तत्पर, कुशल, शिष्ट और जब भी जरूरत हो आपके लिए उपलब्ध हैं. ***मैंने किसी दूसरे बैंक में ऐसी सेवाएं नहीं देखी हैं.*** उनके साथ बैंकिंग करना एक सुखद अनुभव है और ऐसी सेवाओं के साथ और आगे बढ़ने के लिए मेरी शुभकामनाएं.''

प्रकाश पादुकोण, पूर्व ऑल इंग्लैंड बैंडमिंटन चैंपियन

जरूरत के समय सच्चा दोस्त, हमेशा के लिए

''जब तक मेरे पति जीवित थे, ***मैं वैयक्तिक वित्त के मामले में लापरवाह हुआ करती थी.*** उनका अचानक स्वर्गवास हो जाने पर उस मुश्किल घड़ी में आईडीबीआई बैंक मेरी मदद करने के लिए सामने आया. जब मेरे साथ यह त्रासदी हुई तब मैं असुरक्षित महसूस कर रही थी और मुझे विश्वसनीय सहायता की जरूरत थी. मुझे किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत थी जिसके साथ मैं अपनी समस्याओं को बांट सकूं और उनसे सलाह ले सकूं. एक ऐसा असली दोस्त जो मुझ पर ध्यान दे और संवेदना के साथ मुझे सहारा दे. आईडीबीआई बैंक ने मेरी जिंदगी में यही भूमिका निभाई है. आईडीबीआई ने इस बदलाव प्रक्रिया में मेरा साथ दिया और चौबीसों घंटे काम में लग कर यह सुनिश्चित किया कि मेरे सभी कागजात सुव्यवस्थित हैं. बैंक कर्मियों द्वारा दर्शायी गई समानुभूति मेरे लिए यादगार बन चुकी है. ***बैंक के साथ मेरा अनुभव इतना सुखद रहा है कि मैंने अपने परिचितों को भी यहां भेजा है.***''

ज्योतिका कोठारी, 1999 से ग्राहक

सहभागिता को मजबूत करना

सहभागिता एक दिन में नहीं बनती. अपने आरंभ से ही आईडीबीआई बैंक ने राष्ट्र के औद्योगिक पुनरुत्थान के सृजन के लिए भारत के बड़े औद्योगिक घरानों के साथ सहभागिता की है. औद्योगिक खिलाड़ी भारत के औद्योगिक विकास और समृद्धि में आईडीबीआई की दीर्घकालीन प्रतिबद्धता के प्रति आश्वस्त हैं. पिछले पाँच दशकों के दौरान आपके बैंक ने आधुनिक भारत बनाने में विशेष कर औद्योगिक महाव्योम को छूने के हर संभव प्रयास किये हैं.

दीर्घकालीन सहभागी के रूप में सेवा

आईडीबीआई बैंक का जेएसडब्ल्यू समूह के साथ संबंध 1994 से है, जब आईडीबीआई ने वित्तीय संस्था के रूप में कर्नाटक में ग्रुप के स्टील प्लांट का वित्त पोषण किया था. इस ग्रुप ने आज स्टील, ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर, सीमेंट और खनन के क्षेत्र में विशाखीकरण कर लिया है. मुख्य कंपनी जेएसडब्ल्यू स्टील देश में निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी स्टील उत्पादक कंपनी है. यह साथ पिछले दो दशकों में बढ़ा है और ग्रुप को आईडीबीआई बैंक की ऋण सहायता में कई गुना वृद्धि हुई है. यह साथ भी परीक्षा की घड़ी से गुजरा है जब आईडीबीआई ने नब्बे के दशक के दौरान और इस सदी के आरंभ में स्टील उद्योग में गिरावट के दौर में कंपनी का कठिन समय में साथ दिया था. जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने अपनी ओर से आईडीबीआई से अपने सुदृढ़ और दीर्घकालिक संबंध की स्पष्ट रूप से सराहना की और उन्होंने अपने विकास की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विकास वित्त संस्था/ बैंक का सहयोग लिया है.

जेएसडब्ल्यू ग्रुप के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री सज्जन जिंदल ने आपके बैंक के बारे में यह कहा है: ''नब्बे के दशक की शुरुआत से ही जिंदल ग्रुप का आईडीबीआई बैंक के साथ दीर्घकालिक संबंध रहा है और आईडीबीआई ने अपने नाम के अनुसार ही बड़े उद्योगों के विकास में हमेशा ही मदद की है. औद्योगिक घरानों का आईडीबीआई के पास जाने का एक मुख्य कारण देश के औद्योगिकीकरण में उनका बहुत ही सकारात्मक दृष्टिकोण है. उन्होंने औद्योगिक घरानों अथवा कंपनियों का मुश्किल समय में साथ दिया है जबकि ज्यादातर बैंक उद्योगों के कठिन दौर में उनका साथ छोड़ देते हैं. ***इसके परिणाम स्वरूप हमारा आईडीबीआई बैंक के साथ केवल सुख के साथी होने के बजाए दीर्घकालिक सहभागी के रूप में जुड़े रहने का पूरा विश्वास है.***''




राष्ट्र निर्माण में साथी

आईडीबीआई बैंक और जीवीके ग्रुप का साथ 1979 से है और बैंक ने इस ग्रुप के विभिन्न उद्योगों को, विशेषकर इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों में प्रवेश के लिए, निधीयन और सम्बद्ध सहायता दी है. आईडीबीआई ने कठिन स्थितियों के बावजूद आवश्यकतानुसार हमेशा ही ग्रुप को यथासंभव सहायता दी है. आज यह ग्रुप नामी भारतीय कंपनी है जिसकी मौजूदगी ऊर्जा, संसाधन, एयरपोर्ट, परिवहन, आतिथ्य और जीवन विज्ञान क्षेत्रों में है. कंपनी विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता में आईडीबीआई का साथ चाहती है और कंपनी बैंक के साथ अपने लंबे समय के संबंधों को और मजबूत करने और आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है. आईडीबीआई बैंक का मुंबई के छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की टी 2 टर्मिनल परियोजना में सहयोग विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि बैंक ने इस परियोजना में बिडिंग स्तर से और बाद में एयरपोर्ट की वित्तीय सहायता/उन्नयन के लिए संयुक्त अग्रणी अरेंजर के रूप में भूमिका निभाई है. आपका बैंक भारत के सर्वप्रथम और अत्याधुनिक पैसेंजर टर्मिनल, जिसकी डिजाइन, आर्किटेक्चर, इंफ्रास्ट्रक्चर और परिचालनगत क्षमता विश्व स्तरीय है और जिसमें भारतीय मूल्य, परम्पराएं और संस्कृति का सघन समावेश है; को साकार करने में मुख्य भूमिका निभाते हुए गौरवान्वित महसूस करता है.

जीवीकेपीआईएल के संस्थापक अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक डॉ. जी.वी.के. रेड्डी, आईडीबीआई बैंक के साथ अपने दीर्घकालिक संबंधों के सुखद अनुभवों को याद करते हुए कहते हैं:

''आईडीबीआई बैंक पिछले तीन दशकों से हमारे अग्रणी बैंकरों में से एक है और इसने हमेशा ही जीवीके उद्यमों को वित्तीय सहायता दी है जिसमें विश्व में विमानन उद्योग में नये प्रतिमान स्थापित करनेवाल मुंबई एयरपोर्ट भी शामिल है. मैं यहाँ बहुत गर्व के साथ यह कहना चाहता हूं कि आईडीबीआई बैंक मेरी सफल विकास यात्रा का आधार बना है और आईडीबीआई बैंक के साथ हमारे दीर्घकालिक, सुदृढ़ और सफल संबंधों की आधारशिला हमारा आपसी भरोसा और सम्मान है. मैं आईडीबीआई को देश के एक भरोसेमंद और विश्वसनीय वित्तीय संस्था के रूप में पचास स्वर्णिम वर्ष पूरे करने पर बधाई देता हूं. ***मैं उनके लिए और अधिक सफलता की कामना करता हूं और उनके साथ हमारे संबंधों को और मजबूत करने की आशा करता हूं.***''

आकांक्षाओं को पंख लगाना

सामाजिक पिरामिड में जनसंख्या का एक बड़ा तबका अपनी जीवन शैली के स्तर को उठाना चाहता है. इन्हें ज़रूरत है एक भरोसेमंद साथी की जो उनकी आकांक्षाओं के साथ समानुभूति रखता हो और उनकी आकांक्षाओं को उपलब्धि के द्वार तक ले जाने का मार्ग प्रशस्त करता हो. आईडीबीआई बैंक का ध्येय ऐसी आकांक्षाओं में सहभागी बनना और लोगों की ज़िन्दगियों में हर तरह की परिस्थितियों में परिवर्तन लानेवाले एजेन्ट के रूप में उभरना है.

एक सच्चा दोस्त

वर्ष 2000 में जब शेवंतीलाल दोशी का निधन हुआ था तब उनके बड़े बेटे डायमंड दोशी की उम्र केवल 17 वर्ष थी. इस छोटी सी उम्र में उन्हें दुकान के परिचारक के रूप में परिवार का कारोबार संभालना पड़ा था. संकट की इस घड़ी में आईडीबीआई बैंक एक सच्चे दोस्त और मार्गदर्शक के रूप में सामने आया. उसी वर्ष आपके बैंक ने (उस समय यूडब्ल्यूबी) प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत उन्हें ₹ 90,000 की सहायता दी. योजना की शुरुआत भारत सरकार द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए की गई थी.

इस आर्थिक सहायता से डायमंड ने बेलगाम, कर्नाटक में 150 वर्ग फीट की किराए की दुकान से उपभोक्ता माल का व्यवसाय शुरू किया. 14 वर्षों के भीतर डायमंड और उनके भाइयों ने मिलकर शहर के बीचों-बीच 700 वर्ग फीट की दुकान और स्वयं के दो मकान (इसके लिए भी आईडीबीआई बैंक ने वित्तीय सहायता की) बना लिये. उनकी फर्म का मौजूदा टर्न ओवर ₹ 4.5 करोड़ है. उनकी फर्म बेलगाम और आसपास के जिलों में सभी बड़ी एफएमसीजी कंपनियों के लिए वितरक का काम करती है. आईडीबीआई बैंक की आरंभिक सहायता आज एक महत्वपूर्ण कैश क्रेडिट आऊटले के रूप में बढ़ चुकी है. डायमंड और उनके भाई बैंक के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को समय पर पूरा करते हैं और अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए अपने कैश फ्लो का प्रभावी रूप से प्रबंध कर रहे हैं.

बैंक के साथ उनके लाभप्रद संबंध के बारे में डायमंड दोशी का कहना है:

''आईडीबीआई बैंक ने कठिन समय में मेरे और मेरे परिवार का साथ दिया है. बैंक ने वर्षों से मेरा साथ दिया है और यह मेरे फर्म और मेरे परिवार का एकमात्र बैंकर है. ***मेरा परिवार इस दशक के दौरान संपन्न हुआ है और मैं बैंक द्वारा समय पर दी गई सहायता के लिए उनका अत्यंत शुक्रगुज़ार हूं''.***

बैंकिंग सुविधा से वंचित लोगों को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना

आईडीबीआई बैंक 2007 से बंधन फायनेंशियल सर्विसेस प्रा. लि (बंधन) जो एक प्रतिष्ठित माइक्रो फाइनेंस संस्था है, का पार्टनर रहा है. इस अवधि के दौरान बंधन ने अपने ऋण पोर्टफोलियो में परिसंपत्ति की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता किये बिना माइक्रो फायनेंस क्षेत्र में भौगोलिक पहुंच, उधारकर्ताओं की संख्या और प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं. इन सात वर्षों के दौरान आईडीबीआई बैंक द्वारा इस समूह को दी जानेवाली ऋण सहायता में कई गुना वृद्धि हुई है और अन्य बातों के साथ-साथ बैंक ने बंधन को 5.4 मिलियन उधारकर्ता प्राप्त करने में सहायता की है, जो कि एक ऐसा असाधारण कार्य था जिसे कोई भी अन्य माइक्रो फायनेंस संस्था नहीं कर पाई है.

बंधन के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री चंद्र शेखर घोष आईडीबीआई की खुलकर प्रशंसा करते हैं:

''मैं बेझिझक यह उल्लेख करना चाहता हूं कि माइक्रो फायनेंस क्षेत्र में हमारी असाधारण प्रगति आईडीबीआई बैंक की अबाधित सहायता और मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं थी और इसके लिए मैं आभारपूर्वक उनकी सराहना करता हूं और इस अनुभव को संजोये रखना चाहता हूं. बैंक द्वारा दी गई वित्तीय सहायता ने ग्रामीण/अर्ध शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को उनका जीवन स्तर ऊपर उठाने में सहायता की है. हमारी इस यात्रा में सभी क्षेत्रों के साथियों के साथ सामना हुआ है लेकिन आईडीबीआई बैंक ने 'सदा के दोस्त' के रूप में हमारा साथ दिया है जैसे वह हमारे परिवार का ही हिस्सा हो. हम बंधन में आईडीबीआई बैंक के साथ हमारी दोस्ती को और मजबूत करना चाहते हैं ताकि हम आनेवाले कल के पारस्परिक सुनहरे भविष्य के लिए अपने समाज के पात्र तबकों की जिन्दगियों को बेहतर बनाने में सफल हो सकें. मेरे लिए ***आईडीबीआई बैंक के मायने हैं -''बैंक ऐसा दोस्त जैसा''.***

संबंधों को पल्लवित करना

एन रंगा राव एण्ड सन्स (एनआरआरएस) 60 वर्षों से 'साईकिल अगरबत्ती' ब्रांड के अंतर्गत सुगंधित अगरबत्ती का उत्पादन कर रहे हैं. यह ब्रांड इस दौरान एक अनुभवहीन कुटीर उद्योग से वैश्विक उद्यम बन गया है. एनआरआरएस वर्तमान में पूरे भारत में अपनी 17 शाखाओं से 34 बिक्री डिपो के साथ 250 प्रकार की अगरबत्ती बनाते हैं और 40 से भी अधिक देशों में इनका निर्यात करते हैं. एनआरआरएस और आईडीबीआई बैंक का साथ 2005 से है और यह साथ आईडीबीआई बैंक द्वारा फर्म को दी गयी वित्तीय सहायता में कई गुना बढ़ोत्तरी के साथ और गहरा होता गया है.

एनआरआरएस के पार्टनर श्री आर. गुरु, आपके बैंक द्वारा फर्म को दिये गये साथ और उसकी मूल्य आधारित सहायता की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हैं.

''बैंक और हमारा साथ लगभग एक दशक का है. बैंक ने हमें उच्च विकास के पथ पर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. बैंक हमारे साथ-साथ हमारे आसपास के अनेक कुटीर उद्योगों की सहायता करने और 30,000 से अधिक गरीब बेरोजगार महिलाओं को रोजी-रोटी उपलब्ध कराने में हमारी सहायता कर रहा है और उनके उत्थान में उनकी मदद कर रहा है. आईडीबीआई बैंक की सहायता से हम अगरबत्ती बनाने वाले घरेलू समूहों की भी मदद कर पा रहे हैं जो कि हमारे गृह राज्य कर्नाटक से ओड़िशा, असम और बिहार जैसे अन्य राज्यों तक फैले हैं. बैंकिंग संस्था के रूप में उन्होंने समय पर निपटान और हमारे वेंडरों को बिना किसी झंझट के मौद्रिक मूल्य के अंतरण में सहायता करने में उत्सुकता दिखाई है. ***हम आईडीबीआई बैंक की प्रगतिशील विचारधारा की और हमारी ज़रूरत से पहले ही हमारे लिए उपलब्ध रहने की सराहना करते हैं.***''

हर एक की आवाज़ सुनना

हम आईडीबीआई बैंक में यह मानते हैं कि समुदाय में हरेक की आवाज़ मायने रखती है और हम समुदाय की सेवा द्वारा सहयोगी मार्ग अपना कर बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. आईडीबीआई बैंक में कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व अल्पकालिक प्राथमिकता नहीं है; बल्कि यह बैंक के दीर्घकालिक कॉरपोरेट दर्शन और ध्येय में पूरी तरह से रचा बसा है.

विकास वित्त संस्था के रूप में आईडीबीआई ने चार दशकों तक उद्योग, संरचनागत सुविधाओं और अग्रणी पूंजी बाजार संस्थाओं के सृजन पर ध्यान केन्द्रित कर राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई थी. सबसे युवा वाणिज्यिक बैंक के रूप में आपके बैंक ने 2004 से अपने कार्यकलापों के हर क्षेत्र में इसी भावना को पल्लवित किया है. आईडीबीआई बैंक के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) नीति समाज के वंचित वर्गों के लोगों के जीवन में वास्तविक, दृश्य और स्थायी बदलाव लाने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर बनाई गई है. यह कार्य अन्य क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण संरचनागत सुविधाओं, सामाजिक सशक्तिकरण, शिक्षा, पर्यावरण, सामुदायिक कल्याण और स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता जैसे क्षेत्रों में सक्रिय सहभागिता के जरिए किया जाता है.

वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान आपके बैंक ने प्रत्यक्ष रूप से और साथ ही मान्यताप्राप्त संस्थाओं के सहयोग से अपने क्षेत्र विशिष्ट ज्ञान का प्रयोग अपने सीएसआर संबंधी पहल कार्यों के कार्य क्षेत्र को विस्तारित करने और अपने कार्यकलापों को बढ़ाने के लिए किया. आपका बैंक ऐसे कुछ प्रभावी सबंधों को गर्व के साथ याद करता है जिनसे समाज के हाशिये पर बसर करनेवाले लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सहायता मिली है.

निर्माण स्थलों पर मजदूरों के बच्चों का संपूर्ण विकास

भवन निर्माण मजदूरों को जीवन में मजदूरी की असुरक्षा, खराब स्थितियों में काम करने और कल्याणकारी सुविधाओं की कमी से जूझना पड़ता है. इन मजदूरों के बच्चे, जिनकी तादाद 30 मिलियन से अधिक होने का अनुमान है, का भविष्य इस प्रतिकूल माहौल में अंधकारमय है.

मुंबई मोबाइल क्रेश इन निर्माण स्थलों पर बच्चों (चौदह वर्ष की आयु तक) के लिए व्यापक डे-केयर सेंटर चलाते हैं. आईडीबीआई बैंक एक जागरूक कॉरपोरेट नागरिक के रूप में ***मुंबई मोबाइल क्रेशों द्वारा चलाये जा रहे शिक्षा, आहार और स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सहायता करता है.***

ख्याल रखना, सहभागी होना, प्रतिसंवेदी होना

आईडीबीआई ने वर्ष 2011 के पूर्वार्द्ध में लद्दाख क्षेत्र के तरु गाँव के बाढ़ प्रभावित निवासियों की सहायता के लिए

टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस (टीआईएसएस) की साझेदारी में और लद्दाख स्वायत्त विकास परिषद की सक्रिय सहभागिता से निधि सहायता तथा अन्य प्रकार का सहयोग उपलब्ध करा कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. आपके बैंक ने स्थानीय समुदाय को शामिल करते हुए समग्रता पूर्वक और निरंतर लोगों की मदद करने पर विशेष ध्यान दिया है. बैंक की पहल का उद्देश्य विशिष्ट सामुदायिक सहभागिता और स्वामित्व मॉडल के आधार पर गाँव को 'कुछ नहीं की स्थिति' से उठाकर 'मॉडल गाँव' के तौर पर रूपांतरित करना रहा है. इस परियोजना के दिसंबर 2014 तक पूरा हो जाने की आशा है और उसके बाद यह दूसरी जगहों पर इसी प्रकार की पहल के लिए एक प्रेरणा के रूप में काम करेगी.

सलाहकार के रूप में इस परियोजना से निकटता से जुड़े रहे डॉ. भास्कर चटर्जी, महानिदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स ने आपके बैंक की इस अप्रतिम सीएसआर पहल के बारे में निम्नलिखित शब्दों में अपनी राय दी है:

''इस अद्भुत परियोजना के बारे में महत्वपूर्ण बात पंचायत और ग्राम सभा की सहभागिता थी. परियोजना के प्रत्येक घटक ने सौहार्दपूर्ण तरीके से कार्य किया और उनका आपसी मैत्री भाव देखना सुखद अनुभव रहा. इसका श्रेय बैंक को जाता है कि उन्होंने समूची परियोजना को योजनाबद्ध तरीके से इस प्रकार कार्यान्वित किया है कि यह तय समय सीमा के भीतर ठोस परिणाम प्रस्तुत कर रही है. ***आपके बैंक का योगदान कठिनाई झेल रहे गाँववालों के लिए स्थायी परिसंपत्तियाँ निर्माण करने में सहायता देगा ताकि वे स्थायी जीवनयापन और सम्मानपूर्ण जीवन की उम्मीद कर सकें.***''

आईडीबीआई बैंक के उप प्रबंध निदेशक श्री बी. के. बत्रा, भारत सरकार के कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय एवं भारतीय कॉरपोरेट मामला संस्थान के महानिदेशक और मुख्य एक्जीक्यूटिव अधिकारी श्री भास्कर चटर्जी और ग्रीनटेक फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री कमलेश्वर शरण से प्लेटिनम श्रेणी का ग्रीनटेक सीएसआर अवार्ड-2013 प्राप्त करते हुए.

आपका बैंक जहां जागरूक कॉरपोरेट नागरिक के रूप में अपने दायित्व का निर्वाह कर रहा है, बैंक के कर्मचारी रक्त दान शिविरों, नेत्र दान अभियान के जरिए सीएसआर पहल कार्यों में हिस्सा लेकर जरूरतमंदों के लिए स्वयं ही भौतिक और वित्तीय सहायता प्रदान कर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं.

हरित अधिदेश का अनुसरण

हरित बैकिंग विश्व में अब कोई नयी संकल्पना नहीं रही है. सभी कारोबारी उद्योगों के समान वैश्विक बैंक भी पर्यावरण को बनाए रखने के लिए जागरूकता फैलाने हेतु हरित पहल कार्यों को बढ़ावा दे रहे हैं और जलवायु परिवर्तन का सामना करने में नीति निर्माताओं की सहायता कर रहे हैं. आपका बैंक निर्वाह योग्य आर्थिक विकास और पर्यावरण सुरक्षा के लिए भारत सरकार की नीतियों, पहल कार्यों तथा लक्ष्यों के अनुसरण में बैकिंग परिचालनों में 'हरित अधिदेश' का लगातार पालन कर रहा है.

आपके बैंक ने बहुपक्षीय एजेंसियों जैसे विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और युनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) के सहयोग से 1990 की शरुआत से जलवायु परिवर्तन का सामना करने हेतु कई परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है. यह ओजोन अपक्षय पदार्थ (ओडीएस) के उत्पादन और खपत को चरणबद्ध तरीके से तेजी से खत्म करने के लिए मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के अंतर्गत अनुपालन हेतु भारत सरकार के प्रयासों में अपना योगदान दे रहा है.

जलवायु परिवर्तन पर भारत की राष्ट्रीय कार्य योजना को सहयोग देने के लिए आपका बैंक नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) परियोजनाओं की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता रहा है. अपनी सहायता प्राप्त नवीकरणीय और ऊर्जा कार्यक्षम परियोजनाओं को यूएनएफसीसीसी के अंतर्गत क्योटो प्रोटोकॉल के सीडीएम के लाभ प्राप्त करने हेतु सहायता और सलाहकारी सेवाएं प्रदान करने हेतु आईडीबीआई बैंक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में ऐसा पहला बैंक है जिसने कार्बन क्रेडिट कारोबार में प्रवेश किया है. इसने सीडीएम परियोनाओं को तकनीकी और वाणिज्यिक सेवाओं के लिए एकल बिंदु समाधान उपलब्ध कराने हेतु एक विशिष्ट कक्ष स्थापित किया है.

आपके बैंक ने कार्बन क्रेडिट प्राप्तियों पर अपफ्रंट वित्त प्रदान करने के लिए एक संरचित उत्पाद तैयार किया है. यह पात्र सीडीएम परियोजनाओं को कार्यान्वयन की अवधि के दौरान भावी कार्बन क्रेडिट प्राप्तियों पर अपनी कैपेक्स और कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सहायता उपलब्ध कराता है. यह उत्पाद सीडीएम परियोजनाओं के लिए स्वच्छ प्रौद्योगिकी खरीदने और ग्रीन हाउस गैसों को घटाने में सहायता करने के अलावा उनके कारोबार को दीर्घावधि तक बनाए रखने के लिए नकदी उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायक रहा है.

आपके बैंक ने न्यून-कार्बन फ्यूचर सुनिश्चित करने की अपनी पहल के एक भाग के रूप में कार्बन प्रकटीकरण परियोजना (सीडीपी) पर हस्ताक्षर किये हैं.

यह पांच वर्षों से अधिक समय से अपने सीडीपी उत्सर्जन का प्रकटीकरण कर रहा है. बैंक ने अपने कार्बन पद चिह्न घटाने के लिए विभिन्न पहल कार्य अपनाए हैं जिनमें सीएफएल और एलईडी के प्रयोग जैसे ऊर्जा बचानेवाले उपकरण का उपयोग, सोलर वाटर हीटर लगाना, अपने परिसर में सेंसर आधारित बिजली प्रणालियां लगाना तथा अन्य शामिल हैं.

आपका बैंक नियमित रूप से 'आईडीबीआई कार्बन डेवलपमेंट' (मासिक न्यूज़लेटर) प्रकाशित करता है और इसे बैंक की वेबसाइट पर भी रखा जाता है. न्यूजलेटर से पर्यावरण संबंधी जागरूकता पैदा करने में सहायता मिलती है और यह पाठकों को हरित पहल अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है.

1ला

आईडीबीआई बैंक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से पहला बैंक है जिसने कार्बन क्रेडिट कारोबार में प्रवेश किया है.

5+ वर्ष

आईडीबीआई बैंक कार्बन प्रकटीकरण परियोजना (सीडीपी) का हस्ताक्षरकर्ता है और यह पांच से भी अधिक वर्षों से अपने सीडीपी उत्सर्जन का प्रकटीकरण कर रहा है.

आपका बैंक निर्वाह योग्य आर्थिक विकास और पर्यावरण सुरक्षा के लिए भारत सरकार की नीतियों, पहल कार्यों तथा लक्ष्यों के अनुसरण में बैंकिंग परिचालनों में 'हरित अधिदेश' का लगातार पालन कर रहा है.

उर्जा कार्यक्षमता को बढ़ाना

एबीसी लि. (गोपनीयता के लिए ग्राहक का नाम बदल दिया गया है), नई दिल्ली ने इंडिया चिलर एनर्जी इफिशिएन्सी प्रोजेक्ट (आईसीईईपी) में भाग लेने के लिए अनुरोध करते हुए 26 फरवरी 2010 को आपके बैंक से संपर्क किया. प्राप्त पुष्टि के अनुसार, कंपनी ने 1999 में लगाए गए प्रत्येक 350 टीआर क्षमता वाले अपने दो सीएफसी चिलर्स का प्रतिस्थापन कर उनके स्थान पर प्रत्येक 400 टीआर क्षमता के दो गैर सीएफसी चिलर्स क्रमशः मई 2013 और जून 2013 में संस्थापित किए. आपके बैंक ने परियोजना की विस्तृत सम्यक सावधानी की जांच की और संवितरण-पूर्व विजिट कर इस बात की पुष्टि की कि पर्यावरण प्रबंधन योजना (ईएमपी) के अनुसार सीएफसी चिलर्स के पुराने कम्प्रेसरों को नष्ट कर दिया गया था. कंपनी ने दोनों पुराने चिलर्स से 450 किलोग्राम सीएफसी प्राप्त किया. इसे कंपनी के बेसमेंट में उपयुक्त रूप से बंद सिलेंडर में रखा गया है.

कंपनी द्वारा सीएफ़सी इनवेंटरी के ब्योरों का उल्लेख करते हुए पत्र की एक प्रति पर्यावरण और वन मंत्रालय (एमओईएफ़) के ओज़ोन कक्ष को भेजी गई है. संतोषजनक अनुपालन पर आपके बैंक ने 9 नवंबर 2013 को परियोजना के अंतर्गत ₹ 26.46 लाख की पात्र अनुदान प्रोत्साहन राशि संवितरित की. ***कंपनी ने सूचित किया है कि ऊर्जा सक्षम नए गैर सीएफसी चिलर्स की संस्थापना से वह आधार रेखा खपत से लगभग 25% की ऊर्जा सक्षमता प्राप्त कर रही है.***

यादगार लम्हें

ई-एसबीटीआर सुविधा के उद्घाटन के अवसर पर महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री श्री पृथ्वीराज चव्हाण. साथ में हैं - आईडीबीआई बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री एम.एस. राघवन और उप प्रबंध निदेशक श्री बी. के. बत्रा एवं अन्य अधिकारी.

उत्तराखंड राज्य में आपदा प्रभावित क्षेत्रों की सहायता हेतु राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री विजय बहुगुणा को ₹ 1 करोड़ की राहत राशि का चेक भेंट करते हुए आईडीबीआई बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री एम.एस. राघवन और उप प्रबंध निदेशक श्री बी. के. बत्रा.

1

चक्रवात से उत्पन्न हुए संकट में सहायता हेतु ओड़िशा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक को ₹ 1 करोड़ की राहत राशि का चेक भेंट करते हुए आईडीबीआई बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री एम.एस. राघवन और कार्यपालक निदेशक श्री एस. के. वी. श्रीनिवासन एवं अन्य अधिकारी.

'आईडीबीआई समृद्धि पोर्टल' द्वारा खुदरा निवेशकों के लिए इन्फ़्लेशन इंडेक्स बॉन्ड सुविधा का उद्घाटन करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर श्री एच. आर. खान, (बीच में). साथ में हैं आईडीबीआई बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री एम.एस. राघवन, उप प्रबंध निदेशक श्री बी. के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक श्री मेल्विन रेगो और मुख्य महा प्रबन्धक श्री एन. एस. वेंकटेश.

पुरस्कार एवं सम्मान

बैंक समग्र रूप में

- बिजनेस टुडे के 'सर्वश्रेष्ठ बैंक' (दिसंबर 2013) अंक द्वारा बृहत बैंकों में कुशलता और उत्पादकता के मामले में सर्वोत्तम बैंक के रूप में चयनित
- एडीएफआईएपी अवार्ड बोर्ड द्वारा एडीएफआईएपी अवार्ड 2014 में सर्वश्रेष्ठ वार्षिक रिपोर्ट (2012-13) का पुरस्कार
- ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट (बीटीआर) इंडिया स्टडी 2014 द्वारा विभिन्न श्रेणियों के टॉप 1,200 ब्रांडों में से 85 वां स्थान (ब्रांड विश्वसनीयता के मामले में) (2013 के स्तर से 74 स्थान ऊपर)

ब्रांड प्रचार से संबन्धित

- वर्ष 2013 के लिए तमिल प्रिंट मीडिया में सर्वश्रेष्ठ विज्ञापन हेतु 'कालकी सदाशिवम मेमोरियल अवार्ड' प्राप्त हुआ.
- पीआरसीआई कॉरपोरेट कोलेटरल अवार्ड 2014 में कॉरपोरेट एडवरटाइज़मेंट प्रचार श्रेणी में रजत पुरस्कार प्राप्त हुआ.
- ओगिल्वी एंड माथर द्वारा आयोजित 'दि एन्वीज़' में 350 प्रविष्टियों में पुरस्कृत
- exchange4media.com द्वारा 2013 के सर्वश्रेष्ठ 5 विज्ञापनों में से एक के रूप में चयनित
- फाइनेंसियल एक्स्प्रेस के सप्लीमेंट, दि ब्रांड वैगन द्वारा थ्री स्टार रेटिंग
- इंडियन एक्सप्रेस के लेख ऍड मैड वर्ल्ड में 2013 के सबसे पसंदीदा 5 विज्ञापनों में से एक के रूप में चयन

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) एवं कारोबार निर्वहन

- बैंकिंग (सार्वजनिक क्षेत्र) श्रेणी के अंतर्गत वर्ष 2013 के लिए कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) हेतु गोल्डन पिकॉक अवार्ड
- उच्चतम प्लेटिनम श्रेणी में तृतीय वार्षिक ग्रीनटेक सीएसआर अवार्ड 2013 जीता
- बीएफएसआई अवार्ड 2014 में बैंकिंग श्रेणी में 'बेस्ट कॉरपोरेट सोशल रिस्पोन्सिबिलिटी प्रैक्टिसेस' हेतु अवार्ड प्रदत्त
- 'तारु जमीन पर' फिल्म के लिए पीआरसीआई कॉरपोरेट कोलेटरल अवार्ड 2014 में कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व हेतु रजत पुरस्कार प्राप्त हुआ.
- एडफिएप अवार्ड 2014 में 'पर्यावरण विकास' के अंतर्गत दो परियोजनाओं के लिए मान्यता

मानव संसाधन एवं आंतरिक संवाद

- एडफिएप डेवलपमेंट अवार्ड 2013 में मानव पूंजी विकास श्रेणी में 'लेवरेजिंग ह्यूमन कैपीटल टू डिलीवर कस्टमर डिलाइट एंड इंपैक्ट ओवरआल ग्रोथ' के लिए पुरस्कार
- 53 वें एबीसीआई (एसोसिएशन ऑफ बिजनेस कम्युनिकेटर्स ऑफ इंडिया) वार्षिक पुरस्कार में आंतरिक प्रकाशन के लिए 3 पुरस्कार
- पीआरसीआई कॉरपोरेट कोलेटरल अवार्ड 2014 में आंतरिक प्रकाशन के लिए प्रशंसित

आईटी और प्रौद्योगिकी संबंधी

- आईबीए बैंकिंग टेक्नॉलॉजी अवार्ड 2012-13 में 5 श्रेणियों में पुरस्कार
- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा आयोजित 9वें नेशनल फाइनेंशियल स्विच (एनएफएस) यूजर अधिवेशन में तकनीकी और परिचालनगत उत्कृष्टता के लिए 'बेस्ट बैंक-ज्यूरी अवार्ड' से सम्मानित
- अपने ई-एसबीटीआर (इलेक्ट्रॉनिक रूप से सुरक्षित बैंक और ट्रेजरी रसीद) परियोजना के लिए आईसीटी श्रेणी के अंतर्गत स्कॉच रिनेसन्स अवार्ड 2013 जीता
- आईडीबीआई समृद्धि पोर्टल के लिए फिनोविटी 2013 पुरस्कार जीता
- वित्तीय समावेशन श्रेणी में वित्तीय समावेशन और भुगतान प्रणाली (एफआईपीएस) 2013 पुरस्कार विजेता के रूप में चयनित



The Annual Report cover reinforces the spirit of friendship to touch and transform lives. The front cover shows a girl child standing at the bottom of the ladder and providing her friend physical and moral support to scale the acme of achievement. Her hands and feet provide the anchor, while her vision guides her friend in his hour of need.

The girl child here is being portrayed as the wellspring of internal and external strength that provides the foundation for her friend's ascent to the top. She depicts the essence of Indian womanhood from whom all life force emanates. She is the proverbial reservoir of strength that sustains and enriches all life.

In contrast to the front cover, the back cover shows that even when her friend has reached his goal, the girl child is still patiently holding the ladder and keeping an unwavering vigil to address any unforeseen adversity. The cover design in its twin manifestation showcases the bond of unconditional friendship, much like the relationship IDBI Bank shares with all its stakeholders.

Fifty years of friendship – A Glimpse

Fifty years of meaningful contribution to strengthening India's industrial and infrastructure landscape, of handholding visionaries who were driven by the spirit of enterprise and have, over the course of time, become household names and luminaries in their own right and respective domains.

Fifty years of foresight and fortitude to help accelerate the nation's economic prosperity and social inclusion in every conceivable way.

Fifty years of playing an instrumental role in the establishment of almost all the prominent institutions that form the bedrock of India's industrial and capital market sector.

That, in essence, is how IDBI Bank has catalysed the nation's progress, in its chosen arena, as a committed ally over 50 epoch-making years, first, as an apex DFI in the realm of industry and thereafter as a full-service customer-friendly commercial bank.

Your Bank has nurtured many leading industrial houses of India almost from their inception, and supported the aspirations of corporate India and the wide fraternity of customers and other stakeholders from all walks of life. The priorities that will shape your Bank's journey in the next 50 years are those of expanding its network of operations across the length and breadth of this vast country, and to provide differentiated value to customers and other stakeholders. Your Bank's technology platform and integrated operations will play a key role in this regard.

As the youngest full-service public sector commercial bank, IDBI Bank will continue to foster enriching and enduring bonds of friendship to support the ambitions of a nation progressively on the move.

Friendship that enriches & endures

IDBI Bank must-knows

- IDBI Bank was instrumental in setting up such iconic institutions as the Securities and Exchange Board of India, the National Stock Exchange and the National Securities Depository Limited, amongst others
- IDBI Bank was the first large PSU bank in the country to achieve 100% networking on the Core Banking Solution (CBS) platform of all its branches
- The average age of IDBI Bank employees is 33 years – perhaps, the youngest in the industry in India and certainly in the PSU banking arena
- Nearly 30% of your Bank's workforce are women, arguably one of the highest, if not the highest, among PSU Banks
- IDBI Bank is a pioneer in 'green banking' and has been active in the field for over two decades – much before it emerged as an imperative

Friendship strengthens our foundation

1,388
Branch network pan–India

2,301
ATM network pan–India

16,438
Total team strength

₹ 4.3 lakh crore

Total business as on March 31, 2014

₹ 3.3 lakh crore

Aggregate balance sheet size as on March 31, 2014

New media presence

180,000+
YouTube hits

20,000+
Have IDBI Bank in their Google+ circles

10,000+
Twitter followers

800,000+
Facebook fans

3,000+
Corporate clients

6.5 million+
Retail customer base

Innovative portfolio of products

Your Bank currently operates through two distinct business groups: corporate and retail with separate verticals for Retail Banking, Priority Sector Group (MSE and Agri-business), Infrastructure and Corporate Banking.

Retail Banking Products

Liability Products

Current Account

Flexi Current Account (Retail), Flexi Current Account (Co-op and Other Banks), Flexi Accounts for Bulk (TASC, Educational Institutes, Govt. Accounts).

Core Savings Accounts and its variants

Financial Inclusion Savings Account

Sabka Basic Savings - Complete KYC, Small Account Savings, In-built Overdraft facility for Basic Savings Bank Deposit (BSBD) Account (including Non-Farmer and Landless Labourers).

Regular (Non-Financial Inclusion) Savings Account

Super Savings Account, Powerkidz Savings Account, Super Shakti Savings Account, Jubilee Plus Savings Account, Being Me Account, Pension Savings Account (For Central Govt.), Family Account (For Indian Army), Capital Gains Account.

HNW Savings Accounts

Power Plus Account, Preferred Account, Royale and Royale Plus Account.

Corporate Payroll Accounts (Savings Bank A/C)

Prime Salary Account, Star Salary Account, Crown Salary Account, Imperial Salary Account, Pride Salary Account.

Retail Term Deposit

Fixed Interest Rate Retail Term Deposit, Floating Rate of Interest Retail Term Deposit, Godhuli Retail Term Deposit, Suvidha Tax Savings Fixed Deposit, Fixed Deposit with Motor Accident Tribunal.

Recurring Deposit

Suvidha Recurring Deposit, Suvidha Suraksha Recurring Deposit.

NRI Products

NRE/NRO Savings Bank Account, NRE/NRO Fixed Deposit Scheme for NRIs, Resident Foreign Currency Account / FD, Foreign Currency Non- Resident (B) Deposit Scheme, NRI Recurring Deposit, Portfolio Investment Scheme for NRIs, Purchase and Sale of Foreign Currencies and Purchase of TC, Personal Inward Remittances from Abroad (Speed Remittance Service; Money Transfer Service Scheme; Online Money Transfer Service from UK using 'India Remit'), IDBI Rupee Yield Enhancer [Forward Foreign Exchange Contract on NRE/FCNR (B) Deposit for NRI Customers].

Structured Asset Products

Home Loan & its variants

- Received 'Kalki Sadasivam Memorial Award' for best ad in Tamil print media for 2013
- Received Silver award in Corporate Advertisement Campaign category at PRCI Corporate Collateral Awards 2014
- Received award at 'The Envies' organised by Ogilvy & Mather from among 350 entries
- Rated among top 5 commercials of 2013 by exchange4media.com
- Rated three-star by The Brand Wagon, a supplement of the Financial Express
- Rated as one of the top 5 favourite ads of 2013 by Indian Express in its article Ad Mad World

Corporate Social Responsibility (CSR) & Business Sustainability

- Received the Golden Peacock Award for CSR for 2013 under the Banking (PSU) category
- Won the Third Annual Greentech CSR Award 2013 in the highest Platinum category
- Conferred award for 'Best Corporate Social Responsibility Practices' in the Banking Category at the BFSI Awards 2014
- Received Silver award at the PRCI Corporate Collateral Awards 2014 for 'Taru Zameen Par' film on CSR
- Recognised for two projects under 'Environmental Development' at the ADFIAP Awards 2014

Human Resources & Internal Communication

- Won in the Human Capital Development Category for 'Leveraging Human Capital to Deliver Customer Delight and Impact Overall Growth' at ADFIAP Development Awards 2013
- Won 3 awards at the 53rd ABCI (Association of Business Communicators of India) Annual Awards for in-house publications
- Garnered appreciation at the PRCI Corporate Collateral Awards 2014 for in-house publication

IT and technology-related

- Won awards in five categories in the IBA Banking Technology Awards 2012-13
- Awarded the 'Best Bank – Jury Award' for technical and operational excellence at the 9th National Financial Switch (NFS) user meet organised by the National Payments Corporation of India (NPCI).
- Won the Skoch Renaissance Award 2013 under ICT Category for its e-SBTR (Electronic Secure Bank and Treasury Receipt) project.
- Won the Finnoviti 2013 Award for IDBI Samriddhi Portal
- Adjudged winner of the Financial Inclusion and Payment Systems (FIPS) 2013 Award under the Financial Inclusion Category

निदेशकों की रिपोर्ट
Directors' Report

निदेशकों की रिपोर्ट

आपके बैंक के निदेशक मंडल को 31 मार्च 2014 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आपके बैंक के कारोबार तथा परिचालनों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है.

एक सचेत कारोबार नीति के रूप में, अधिक संतुलित कारोबार सम्मिश्र प्रदान करने के उद्देश्य से, आपके बैंक ने उत्तरोत्तर बृहत् खुदरा कारोबार पोर्टफोलियो पर ध्यान केन्द्रित करना जारी रखा. यह रणनीति इसके एक पूर्ण सेवा प्रदाता, नई पीढ़ी के वाणिज्यिक बैंक के रूप में इसके अभिप्रेत प्रतिष्ठापन के अनुरूप ही है. इसके साथ ही, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार पोर्टफोलियो (पीएसएल) को तेजी से लक्ष्य स्तर तक पहुँचाने को रणनीतिक प्राथमिकता दी गई. सामान्यतः कारोबारी मात्रा में वृद्धि और कासा जमाओं में बढ़ोतरी के लिए आपका बैंक तीव्रता से अपने नेटवर्क को बढ़ा रहा है जिसके फलस्वरूप वित्तीय वर्ष 2013-14 में 309 शाखाओं को जोड़ते हुए मार्च 2014 के अंत में बैंक का कुल शाखा नेटवर्क 1388 हो गया है. आपके बैंक की उत्पाद श्रृंखला की आवधिक समीक्षा की जाती है और ग्राहक आह्लाद और कारोबार को तीव्रता से बढ़ाने के लिए वर्तमान उत्पादों में संशोधन/नवोन्मेषण/ ग्राहकोन्मुखीकरण के साथ-साथ नए उत्पादों को लाने के उपाय लगातार किए जा रहे हैं.

31 मार्च 2014 को आपके बैंक की कुल जमाराशियां और अग्रिम में गत वर्ष की तुलना में क्रमशः 3.8% एवं 0.7% की वृद्धि हुई और ये बढ़कर क्रमशः ₹ 2,35,774 करोड़ एवं ₹ 1,97,686 करोड़ हो गए. समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक के कार्य-निष्पादन की प्रमुख विशेषताएं तालिका 1 में प्रस्तुत की गई हैं:

तालिका 1 : वित्तीय विशेषताएं

(₹ करोड़)

31 मार्च की स्थिति	2013	2014
पूंजी	1,332.75	1,603.94
रिज़र्व और अधिशेष	19,902.51	22,034.92
जमाराशियां	2,27,116.47	2,35,773.63
उधार राशियां	65,808.87	60,146.29
अन्य देयताएं और प्रावधान	8,607.91	9,437.85
कुल देयताएं	**3,22,768.51**	3,28,996.63
नकदी और रिज़र्व बैंक के पास शेष	10,543.95	12,711.11
बैंकों के पास शेष और मांग तथा अल्प सूचना पर देय राशि	7,380.57	4,106.80
निवेश	98,800.93	1,03,773.50
अग्रिम	1,96,306.45	1,97,686.01
अचल और अन्य परिसंपत्तियां	9,736.61	10,719.21
कुल परिसंपत्तियां	**3,22,768.51**	3,28,996.63
इस अवधि में	**2012-13**	2013-14
कुल आय	28,283.81	29,576.27
कुल व्यय (प्रावधान छोड़कर)	22,825.55	23,894.88
प्रावधान (कर छोड़कर)	2,836.48	3,940.26
कर - पूर्व का लाभ	2,621.78	1,741.13
कर के लिए प्रावधान*	739.70	619.73
कर - पश्चात् लाभ	1,882.08	1,121.40

* वर्तमान आयकर और आस्थगित आयकर को घटाकर

लाभ एवं विनियोग

वर्ष 2013-14 के दौरान आपके बैंक की सकल आय ₹ 29,576 करोड़ रही, जिसमें ₹ 26,597 करोड़ की ब्याज आय तथा ₹ 2,979 करोड़ की अन्य आय शामिल है. वर्ष के दौरान ₹ 20,576 करोड़ के ब्याज व्यय तथा ₹ 3,319 करोड़ के परिचालन व्यय के चलते प्रावधान व आकस्मिकताओं को छोड़कर कुल व्यय ₹ 23,895 करोड़ रहा. वर्ष के दौरान कुल ₹ 4,560 करोड़ के प्रावधान किये गये, जिनमें अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों और निवेश के लिए ₹ 1,862 करोड़, बट्टे खाते डाले गए अशोध्य ऋणों के लिए ₹ 1,393 करोड़, पुनर्संरचित परिसंपत्तियों के लिए ₹ 486 करोड़, मानक परिसंपत्तियों के लिए वृद्धिशील विवेकपूर्ण प्रावधान हेतु ₹ 173 करोड़ तथा कर के लिए ₹ 620 करोड़ शामिल हैं. वर्ष 2013-14 के दौरान आपके बैंक के परिचालनों से कर-पूर्व लाभ ₹ 1,741 करोड़ रहा. कराधान के लिए ₹ 620 करोड़ का प्रावधान करने के बाद कर-पश्चात् लाभ ₹ 1,121 करोड़ रहा. निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर-पश्चात् लाभ का विनियोग तालिका 2 में दिया गया है.

तालिका 2 : लाभ का विनियोग

(₹ करोड़)

31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए	2013	2014
वर्ष के लिए निवल लाभ/(हानि)	1,882.08	1,121.40
आगे लाया गया लाभ/(हानि)	672.65	903.86
विनियोग के लिए उपलब्ध लाभ	2,554.73	2,025.26
विनियोग		
सांविधिक रिज़र्व में अंतरित	470.83	281.00
पूंजी रिज़र्व में अंतरित	191.82	9.32
सामान्य रिज़र्व में अंतरित	150.00	400.00
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अधीन सृजित एवं अनुरक्षित विशेष रिज़र्व में अंतरित	300.00	250.00
लाभांश		
- इक्विटी शेयर	466.47	160.41
- लाभांश पर कर	71.75	27.76
तुलन पत्र में ले जाया गया शेष लाभ	903.86	896.77

वर्ष के दौरान ₹ 10 अंकित मूल्य के प्रत्येक शेयर के लिए प्रति शेयर आय (ईपीएस) ₹ 8 रही और मार्च 2014 के अंत में प्रति शेयर बही मूल्य ₹ 136.52 रहा. निदेशकों ने वर्ष 2013-14 के लिए पूर्णतः प्रदत्त इक्विटी पूंजी पर 2.75% लाभांश की सिफारिश की है जो वर्ष के दौरान प्रदत्त 7.25% के अन्तरिम लाभांश के साथ कुल 10% हो जाता है.

पूंजी पर्याप्तता

बासेल मानदंडों के अंतर्गत, पिलर-I दिशानिर्देशों के अनुपालन में आपका बैंक ऋण, बाजार और परिचालनगत जोखिम के लिए विनियामक पूंजी आवश्यकता का भी परिकलन करता है. आपका बैंक बासेल III ढांचे पर अंतरित हुआ है और 01 अप्रैल 2013 से बासेल III मानदंडों के अनुसार तिमाही आधार पर पूंजी अनुपात की गणना कर रहा है. आपका बैंक 31 मार्च 2009 से भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित बासेल II मानदंडों वाले पूंजी अनुपात की गणना भी करता है. बासेल III मानदंडों के अंतर्गत दर्शाई गई उच्च गुणवत्ता पूंजी आवश्यकता के संबंध में, वर्तमान में, आपके बैंक के पास दिशानिर्देशों में निर्धारित विनियामक आवश्यकतानुसार पर्याप्त सामान्य इक्विटी है.

निदेशकों की रिपोर्ट

वर्तमान में ऋण जोखिम की गणना के लिए बैंक द्वारा मानकीकृत दृष्टिकोण अपनाया जाता है, बाजार जोखिम का निर्धारण मानकीकृत गणना अवधि प्रणाली (एसएमएम) से किया जाता है और परिचालनगत जोखिम के लिए मूल संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) अपनाया जाता है. बासेल II के अंतर्गत आधुनिक दृष्टिकोण लाने के लिए बैंक अपनी प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं को उन्नत कर रहा है. बासेल पिलर II मानदंडों का अनुपालन करने के लिए आपके बैंक के पास आंतरिक पूंजी पर्याप्तता अभिनिर्धारण प्रक्रिया (आईसीएएपी) के लिए निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीति है. बासेल मानदंडों के अंतर्गत पिलर III की आवश्यकताओं के अनुपालन में आपके बैंक ने एक प्रकटन नीति भी लागू की है. प्रत्येक तिमाही के प्रकटन आपके बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं.

31 मार्च 2014 को आपके बैंक का जोखिम भारित परिसंपत्तियों की तुलना में पूंजी का अनुपात (सीआरएआर) 11.7% रहा जो बासेल III की 9% की न्यूनतम विनियामक आवश्यकता से अधिक है. इसी प्रकार बैंक का सीईटी 1 अनुपात 7.8% है जो रिज़र्व बैंक के न्यूनतम मानक सीईटी 1 अनुपात 5.0% से अधिक है. 31 मार्च 2014 का टियर-1 अनुपात 7.8% पर 6.5% की विनियामक आवश्यकता के प्रतिकूल है.

कारोबार रणनीति

वर्ष 2013-14 के दौरान आपके बैंक ने चालू खाता और बचत खाता (कासा) जमाराशियाँ बढ़ाने पर विशेष ज़ोर देते हुए खुदरा कारोबार खंड में वृद्धि करने के लिए कई कदम उठाए. आपके बैंक ने कॉरपोरेट बैंकिंग और निवेश बैंकिंग संबंधों को प्रगाढ़ और गहरा करने के लिए रणनीतियाँ अपनाईं. साथ ही प्राथमिकता क्षेत्र कारोबार के अर्जन एवं विस्तार हेतु विशेष बल दिया, जिसके अंतर्गत कमजोर वर्गों, एमएसई व कृषि कारोबार को उधार शामिल हैं, ताकि परिसंपत्ति पोर्टफोलियो को व्यापक बनाया जा सके.

प्रमुख कारोबारी पहल कार्य

वर्ष के दौरान खुदरा बैंकिंग क्षेत्र में कारोबारी पहल कार्यों में शाखा नेटवर्क में उल्लेखनीय विस्तार और उसके अनुरूप कुशल मानव शक्ति पर विशेष बल दिया गया. आपके बैंक ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 309 नई शाखाएँ खोलीं जिससे 31 मार्च 2014 तक शाखाओं की कुल संख्या 1388 हो गई. आपके बैंक ने, ग्राहक की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, एटीएम नेटवर्क की संख्या 31 मार्च 2013 के 1702 से 31 मार्च 2014 को 2301 तक बढ़ाकर वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों को और मजबूत किया.

आपका बैंक संरचित खुदरा वित्तीय क्षेत्र में एक ऐसे प्रभावी, प्रतिस्पर्धी और पसंदीदा खिलाड़ी के रूप में उभरा है जो सभी क्षेत्रों की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए नवोन्मेषी उत्पाद प्रस्तुत कर रहा है. बड़ी संख्या में ग्राहकों तक पहुंचने और बढ़ते डिलीवरी नेटवर्क से निर्मित बड़े अवसरों का लाभ उठाने के लिए आपके बैंक ने खुदरा परिसंपत्ति उत्पादों की श्रृंखला को बढ़ाने के अतिरिक्त, संरचित खुदरा परिसंपत्ति उत्पादों के लिए सरल और ग्राहक अनुकूल दिशा-निर्देशों को अपनाया है. इससे आपके बैंक का बाजार शेयर बढ़ाया जा सकेगा. आपके बैंक ने कई मुख्य पहल कार्यों को लागू करने के लिए अद्यतन प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म का प्रयोग किया है जिसके ब्यौरे रिपोर्ट के प्रबंध परिचर्चा और विश्लेषण भाग में दिए गए हैं.

आपके बैंक ने प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र को उधार (पीएसएल), विशेषतः कमज़ोर वर्गों को उधार, कृषि, एमएसई, आवास और शिक्षा ऋण क्षेत्र में बढ़त बनाने के लिए आक्रामक रुख बरकरार रखा है. समर्थकर्ता के रूप में, बैंक के कृषि और एमएसई वर्टिकल का विलय करके एक समर्पित कारोबार वर्टिकल अर्थात् प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र समूह (पीएसजी) बनाया गया है. पीएसएल प्रस्तावों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए प्रशिक्षित स्टाफ युक्त 6 समर्पित पीएसजी केन्द्रों के अलावा अनन्य रूप से पीएसएल कारोबार के लिए 44 समर्पित शाखाएँ हैं. आपके बैंक ने देश भर में एमएसई और कृषि ग्राहकों की सेवा के लिए खुदरा शाखाओं को भी अधिकार प्रदान किए हैं. आपके बैंक ने पीएसजी उत्पादों, सुविधाओं और सेवाओं से वर्तमान तथा संभावित ग्राहकों को परिचित कराने के लिए विभिन्न कृषि और एमएसई समूहों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया. बैंक ने इस क्षेत्र में अपनी पहुँच का विस्तार करने के लिए विभिन्न सम्मेलनों, व्यापार मेलों और संवर्धन कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता की.

आपके बैंक ने शाखाओं पर ग्राहकों की निर्भरता को कम करने के लिए एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और अन्य सुविधाओं जैसे वैकल्पिक चैनलों को मजबूत करना जारी रखा, साथ ही 24x7 घंटे सुविधाओं को जारी रखा. बैंक के परिप्रेक्ष्य में ये सुविधाएं शाखा चैनलों की तुलना में कम लागत वाली हैं. आपके बैंक ने त्यौहारों के मौसम में प्रीपेड कार्ड उत्पादों की अधिकतम

बिक्री के लिए शाखा नेटवर्क का कुशलता से इस्तेमाल किया. आपके बैंक ने अपने ग्राहकों को पीओएस स्थानों पर खरीददारी हेतु आईडीबीआई बैंक डेबिट कार्ड का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से कई नए उपाय किए. वैकल्पिक चैनल और व्यापार अधिग्रहण कारोबार शुल्क आधारित आय बढ़ाने के अवसर प्रदान करते हैं, साथ ही नए संबंध बनाने/वर्तमान सम्बन्धों को मजबूत करने में मदद करते हैं. आपका बैंक साइबर धोखाधड़ी और इसे रोकने के बारे में ग्राहकों की जागरूकता बढ़ाने के लिए सक्रिय पहल करता रहा है. साइबर धोखाधड़ी की बढ़ती हुई घटनाओं को देखते हुए आपके बैंक ने वैकल्पिक चैनलों विशेषकर इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी संबंधी सुरक्षा स्तर में सुधार के उपाय किए हैं.

आपके बैंक के पास मध्यम और बृहद् कॉरपोरेट ग्राहकों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए एक समर्पित वर्टिकल अथात् कॉरपोरेट बैंकिंग समूह (सीबीजी) है. यह समूह हमारे सात क्षेत्रों, 25 शहरों तथा 29 विशिष्ट कॉरपोरेट शाखाओं (एससीबी) द्वारा संचालित है. रणनीतिक पहल के रूप में पोर्टफोलियो को ठोस बनाया गया ताकि जोखिम संकेन्द्रण से बचा जा सके और अपने कॉरपोरेट ग्राहकों के गैर-निधि कारोबार तथा फीस आधारित कारोबार हासिल करने पर आक्रामक रूप से ध्यान केन्द्रित किया गया. ग्राहकों को व्यक्तिगत सेवाएँ देने के लिए क्षेत्रीय तथा शाखा स्तरों पर ग्राहक सेवा दल गठित किए गए जिनमें विभिन्न उत्पाद वर्टिकलों के सदस्यों को शामिल किया गया. अस्थिर बृहत् आर्थिक वातावरण और ग्राहकों को होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए एक समर्पित संकेंद्रित आस्ति प्रबंध समूह (एफएएमजी) स्थापित किया गया है ताकि मुद्दों का समय पर निपटान सुनिश्चित किया जा सके और परिसंपत्तियों का प्रभावी प्रबंध किया जा सके.

वर्ष 2013-14 के दौरान आपके बैंक ने यूरो तथा जीबीपी मुद्राओं के दो नए नोस्ट्रो खाते खोले. इसके अतिरिक्त, निर्यातकों को प्रतिस्पर्धी दर पर विदेशी मुद्रा निधियां समय पर उपलब्ध कराने के लिए बैंक ने अपने विदेशी प्रतिनिधि बैंकों के साथ विदेशी मुद्रा उधार के लिए करार पर हस्ताक्षर किए.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने पूरे भारत में 12 नए पूर्ण सुविधा संपन्न व्यापार वित्त (टीएफ) केंद्र (विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत डीलर) खोले हैं जिससे कुल व्यापार वित्त (टीएफ) केन्द्रों की संख्या 52 हो गयी है. आपके बैंक ने व्यापार वित्त कारोबार को सुगम बनाने के लिए विदेशी बैंकों के साथ संबंध मजबूत बनाना जारी रखा. इस अवधि के दौरान बैंक ने 21 प्रमुख विदेशी बैंकों के साथ संबंध प्रबंधन अनुप्रयोग (आरएमए) स्थापित किए जिससे इनकी संख्या बढ़कर 1,442 हो गई. इस बढ़े हुए नेटवर्क के साथ अब बैंक विश्व के अधिकांश हिस्सों में द्वि-दिशाओं से जुड़े व्यापार लेनदेनों को निपटाने में सक्षम है.

आपके बैंक ने कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पहल करने वाले बैंक की भूमिका को बनाए रखा. यह भारत का पहला बैंक है जिसने महाराष्ट्र में ई-एसबीटीआर (इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षित ऑनलाइन बैंक ट्रेज़री रसीद) द्वारा स्टैम्प ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क के भुगतान को ऑनलाइन करने की प्रक्रिया को विकसित किया. बैंक एनएचएआई के पथकर वसूली परियोजनाओं का पहला ऋण प्रदाता हो गया. दीर्घावधि परिचालन-रखरखाव-अंतरण (ओएमटी) व्यवस्था के अंतर्गत ऐसी ओएमटी परियोजना के लिए एनएचएआई द्वारा चुने गए 1800 किलोमीटर के कुल राजमार्ग में से 275 किलोमीटर के लंबे राजमार्ग से जुड़ा यह कार्य हमारे बैंक को सौंपा गया है.

आपके बैंक को परिचालन उत्कृष्टता और कोर बैंकिंग कारोबार के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों से भी पुरस्कार और सराहनाएं प्राप्त होती रहीं.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने विज्ञापन और प्रचार पहल कार्यों को चार वर्ष के अंतराल के बाद इसके रिब्रांडिंग कैंपेन द्वारा और तेज किया जो इसका केंद्र बिन्दु रहा. यह अभियान अक्टूबर 2013 के अंत से फरवरी 2014 के प्रारम्भ तक मीडिया के सभी माध्यमों किन्तु मुख्य रूप से टेलीविज़न कमर्शियल के रूप में प्रसारित हुआ. जिसमें ब्रांड की विशेषता और दृष्टिकोण को दर्शाते हुए 'दोस्ती' जैसी सहज अवधारणा का इस्तेमाल कर बैंक के नए अवतार पर ध्यान केन्द्रित किया गया. एक नई प्रचार पंक्ति 'बैंक ऐसा दोस्त जैसा' तैयार की गई ताकि ग्राहकों का ख्याल रखने वाले एक उत्साही, मित्रवत बैंक के रूप में बैंक की ब्रांड की मुख्य विशेषता (यूएसपी) का प्रचार-प्रसार किया जा सके. नए ब्रांड अभियान के बंद होने के बाद खुदरा उत्पादों में से मुख्य उत्पादों के लिए अभियान प्रारम्भ किए गए जिसमें उत्पादों की प्रमुख विशेषताएं प्रचारित की गईं. इस वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में भी इसी ब्रांड प्रचार की मुख्य थीम 'गहराती दोस्ती, संवरती जिंदगी' को सर्वत्र रखा गया है.

निदेशकों की रिपोर्ट

वर्ष 2013-14 के दौरान आपके बैंक के महत्वपूर्ण पहल कार्यों का विवरण प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण खंड में दिया गया है.

संगठनात्मक संरचना

आपके बैंक का सुदृढ़ ग्राहक आधार तैयार करने, कासा और खुदरा-सह-पीएसएल वृद्धि को सुगम बनाने, ग्राहक सेवा में सुधार लाने और समावेशी बैंकिंग बढ़ाने की मुख्य रणनीति के कार्यान्वयन हेतु बैंक ने शाखा-श्रेणी अनुसार विस्तार कार्यक्रम चलाते हुए वर्ष 2013-14 के दौरान 309 नई शाखाएं खोलीं. 31 मार्च 2014 के अनुसार आपके बैंक की देश में कुल 1387 शाखाओं में से 319 शाखाएं महानगरीय केन्द्रों में, 426 शहरी केन्द्रों में, 372 अर्ध-शहरी केन्द्रों में तथा 146 ग्रामीण केन्द्रों में और 124 शाखाएँ ऐसे क्षेत्रों में हैं जहां बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं. इसके अलावा इंटरनेशनल फायनेंशियल सेंटर (डीआईएफसी), दुबई में एक पूर्ण परिचालनगत अंतर्राष्ट्रीय शाखा भी है.

निदेशक मंडल

आपके बैंक के निदेशक मंडल का आधार व्यापक है और इसका गठन बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, कंपनी अधिनियम और बैंक के संस्था अन्तर्नियमों से शासित होता है और यह स्टॉक एक्सचेंज के साथ सूचीबद्धता करार में वर्णित एक अच्छे कॉरपोरेट अभिशासन की अपेक्षाओं को पूरा करता है. बोर्ड स्वयं और बैंक के महत्वपूर्ण कार्य क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने के लिए अपनी विभिन्न समितियों के माध्यम से कार्य करता है.

31 मार्च 2014 को आपके बैंक के बोर्ड में नौ निदेशक थे, जिनमें अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) तथा दो उप प्रबंध निदेशक, एक गैर-कार्यपालक निदेशक और पाँच स्वतंत्र निदेशक थे. बोर्ड का कोई भी निदेशक बैंक के बोर्ड के किसी अन्य निदेशक से किसी भी रूप में संबद्ध नहीं है.

शीर्ष समितियां

बोर्ड की कुल 13 समितियां हैं जो बैंक के कारोबार और परिचालन से संबद्ध विभिन्न कामकाजी पहलुओं की देख-रेख करती हैं. रिपोर्टिंग अवधि के दौरान दो नई समितियां अर्थात् कारोबार समीक्षा समिति और कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति जोड़ी गई हैं.

कॉरपोरेट अभिशासन

आपका बैंक कॉरपोरेट अभिशासन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ पद्धतियां अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है. आपके बैंक की यह मान्यता है कि उचित कॉरपोरेट अभिशासन सिर्फ विनियामक अनुपालन की आवश्यकता मात्र नहीं है बल्कि शेयरधारिता मूल्य में वृद्धि के लिए एक सुसाध्यकारक भी है. आपके बैंक में अपनाई जा रही कॉरपोरेट अभिशासन पद्धतियों का विस्तृत विवरण इस वार्षिक रिपोर्ट में प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण के अंतर्गत एक अलग खंड के रूप में दिया गया है.

कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2ए) के अंतर्गत कथन

ऐसा कोई कार्मिक समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान आपके बैंक की सेवा में नहीं रहा जिसे ₹ 60 लाख से अधिक वार्षिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो. इसके अतिरिक्त, बैंक की सेवा में वर्ष की किसी आंशिक अवधि के लिए ऐसा कोई कार्मिक नहीं था जिसे बैंक की सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह ₹5 लाख से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो. ऊर्जा संरक्षण और प्रौद्योगिकी अपनाने से संबंधित अधिनियम की धारा 217 (1) (ई) के प्रावधान आपके बैंक पर लागू नहीं होते हैं.

निदेशकों की जिम्मेदारी के संबंध में कथन

निदेशक मंडल एतद्द्वारा यह घोषणा और पुष्टि करता है कि:

क. लेखों को तैयार करने में लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है. साथ ही तात्विक रूप से अनुसरण न किये गये मामलों में उचित स्पष्टीकरण दिया गया है.

ख. निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों को अपनाया है और उन्हें सुसंगत रूप से प्रयुक्त किया है तथा ऐसे निर्णय लिए एवं अनुमान लगाए हैं जो उचित और विवेकपूर्ण थे, ताकि लेखा वर्ष के अंत में आपके बैंक की स्थिति और इसी अवधि में आपके बैंक के लाभ अथवा हानि की सही एवं उचित तस्वीर पेश की जा सके.

ग. निदेशकों ने आपके बैंक की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए विनियामक प्रावधानों के अनुसार उचित लेखा रिकार्डों के रख-रखाव के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी बरती है.

घ. निदेशकों ने चालू संस्था के आधार पर लेखे तैयार किये हैं.

आभार

आपके बैंक का निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीए) और अन्य सभी सांविधिक / विनियामक प्राधिकारियों को उनके बहुमूल्य सहयोग और मार्गदर्शन के लिए पूरे सम्मान के साथ हार्दिक धन्यवाद देता है. निदेशक मंडल राज्य सरकारों और अन्य बैंकिंग / वित्तीय संस्थाओं का भी उनके द्वारा दिये गये सहयोग और सहायता के लिए आभार मानता है. निदेशक मंडल विभिन्न बहुपक्षीय संस्थाओं और अंतरर्राष्ट्रीय बैंकों / संस्थाओं से समय-समय पर मिले सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद देता है. बोर्ड अपने सभी शेयरधारकों और ग्राहकों को भी वर्ष के दौरान उनके द्वारा दिये गये सहयोग के लिए धन्यवाद देता है और आने वाले वर्षों में भी उनसे निरंतर सहयोग की आशा करता है. वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक को बैंकिंग क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए कई सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं. बैंक के प्रयासों को मिली सराहना के लिए बोर्ड इन सभी संस्थाओं/ एजेंसियों का आभारी है. निदेशक मंडल अपने समस्त स्टाफ की निष्ठापूर्ण और समर्पित सेवाओं की सराहना करता है और आपके बैंक के कार्य-निष्पादन में सुधार लाने में उनकी प्रतिबद्धता का सम्मान करता है.

स्थान : मुंबई
दिनांक : 30 अप्रैल 2014

(एम.एस. राघवन)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

Directors' Report

Your Bank's Board of Directors is pleased to present the Report on the business and operations for the financial year ended March 31, 2014.

As a conscious business policy, your Bank continues to target a progressively larger retail business portfolio to facilitate a more balanced business-mix. This strategy is aligned with its intended positioning as a full-service, new generation commercial bank. At the same time, strategic priority is accorded to ramping up the Priority Sector Lending (PSL) portfolio to target levels. For enhancing business volumes in general and boosting CASA deposits, your Bank is pursuing a rapid network expansion which resulted in an addition of 309 branches during the financial year 2013-14, taking the total branch network to 1388 at end-March 2014. The bouquet of your Bank's products continue to be periodically reviewed and modifications/ innovations/customisation of existing products as well as introduction of new products are carried out regularly for eliciting customer delight and ramping up business growth. As on March 31, 2014, aggregate deposits and advances stood at ₹ 2,35,774 crore and ₹ 1,97,686 crore, reflecting a growth of 3.8% and 0.7%, respectively, over the previous year. Your Bank's performance highlights for the period under review are presented in Table 1.

TABLE 1 : FINANCIAL HIGHLIGHTS

(₹ crore)

As on March 31,	2013	2014
Capital	1,332.75	1,603.94
Reserves & Surplus	19,902.51	22,034.92
Deposits	2,27,116.47	2,35,773.63
Borrowings	65,808.87	60,146.29
Other Liabilities & Provisions	8,607.91	9,437.85
TOTAL LIABILITIES	**3,22,768.51**	**3,28,996.63**
Cash & Balances with RBI	10,543.95	12,711.11
Balances with Banks & Money at Call & Short Notice	7,380.57	4,106.80
Investments	98,800.93	1,03,773.50
Advances	1,96,306.45	1,97,686.01
Fixed & Other Assets	9,736.61	10,719.21
TOTAL ASSETS	**3,22,768.51**	**3,28,996.63**
For the period	**2012-13**	**2013-14**
Total Income	28,283.81	29,576.27
Total Expenses (other than provisions)	22,825.55	23,894.88
Provisions (other than tax)	2,836.48	3,940.26
Profit Before Tax	2,621.78	1,741.13
Provision for Tax*	739.70	619.73
Profit After Tax	1,882.08	1,121.40

* Net of Current Income Tax and Deferred Income Tax

PROFIT AND APPROPRIATIONS

During 2013-14, your Bank's gross income amounted to ₹ 29,576 crore, comprising interest income at ₹ 26,597 crore and other income at ₹ 2,979 crore. Interest expenses of ₹ 20,576 crore and operational expenses of ₹ 3,319 crore accounted for total expenditure, excluding provisions and contingencies, of ₹ 23,895 crore. Total provisions during the year were at ₹ 4,560 crore, which mainly include ₹ 1,862 crore towards provision for bad and doubtful debts and investments, ₹ 1,393 crore towards bad debts written off, ₹ 486 crore towards restructured assets, ₹ 173 crore towards incremental prudential provisions for standard assets and ₹ 620 crore towards tax. During 2013-14, your Bank's operations resulted in Profit Before Tax (PBT) of ₹ 1,741 crore. After a provision of ₹ 620 crore towards tax, Profit after Tax (PAT) amounted to ₹ 1,121 crore. The appropriation of PAT, as approved by the Board of Directors, is given in Table 2.

TABLE 2 : APPROPRIATION OF PROFITS

(₹ crore)

For the year ended March 31,	2013	2014
Net Profit/(Loss) for the year	1,882.08	1,121.40
Profit/(Loss) brought forward	672.65	903.86
Profit available for Appropriations	2,554.73	2,025.26
Appropriations		
Transferred to Statutory Reserve	470.83	281.00
Transferred to Capital Reserve	191.82	9.32
Transferred to General Reserve	150.00	400.00
Transferred to Special Reserve created and maintained u/s 36(1)(viii) of IT Act, 1961	300.00	250.00
Dividend		
- Equity Shares	466.47	160.41
- Tax on Dividend	71.75	27.76
Balance of Profit carried to Balance Sheet	903.86	896.77

For each share with face value of ₹ 10, Earnings per Share (EPS) during the year stood at ₹ 8.00, while Book Value per Share stood at ₹ 136.52 as on end-March 2014. The Directors are pleased to recommend dividend at 2.75% on the fully paid-up equity share capital for 2013-14, which along with Interim dividend at 7.25% paid during the year, aggregates to 10%.

CAPITAL ADEQUACY

Your Bank computes regulatory capital requirement for credit, market and operational risks in compliance with the Pillar-I guidelines under Basel norms. Your Bank has migrated to the Basel III framework and has been calculating capital ratios on a quarterly basis as per Basel III norms since April 1, 2013. Your Bank also computes capital ratios following the Basel II norms as stipulated by RBI since March 31, 2009. With regard to the requirement for higher quality capital highlighted under Basel III norms, your Bank, at present, has sufficient common equity to meet the regulatory requirements as stipulated in the guidelines.

Directors' Report

Currently, your Bank follows the Standardised Approach for credit risk, Standardised Measurement Method (SMM) for market risk and the Basic Indicator Approach (BIA) for operational risk. Your Bank is upgrading its systems and processes in order to migrate to advanced approaches under Basel II. To comply with the Basel Pillar II norms, your Bank has a Board-approved policy on the Internal Capital Adequacy Assessment Process (ICAAP). In compliance with the Pillar III requirements under Basel norms, your Bank has implemented a Disclosure Policy. The disclosures for every quarter are available on your Bank's website.

As on March 31, 2014, your Bank's Capital to Risk-weighted Assets Ratio (CRAR) works out to 11.7%, which is above the minimum regulatory requirement under Basel III of 9.0%. Similarly, your Bank has a CET1 ratio of 7.8%, which is above the minimum applicable CET1 ratio of 5.0% as stipulated by the RBI. The Tier-I ratio also stands at 7.8% as on March 31, 2014 against the regulatory requirement of 6.5%.

BUSINESS STRATEGY

During 2013-14, your Bank has undertaken various initiatives to register growth in the retail business segment with special emphasis on higher mobilisation of Current Account and Savings Account (CASA) deposits. Your Bank followed a strategy of deepening and widening the corporate banking and investment banking relationships. Simultaneously, special emphasis was laid on acquisition and expansion of its Priority Sector Business, which includes lending to weaker sections, MSE and Agri business, to broaden its asset portfolio.

KEY BUSINESS INITIATIVES

Business initiatives in the retail banking space during the year were driven by significant expansion in branch network and matching skilled manpower. Your Bank added 309 new branches during the current financial year, taking the total number of branches to 1388 as on March 31, 2014. Your Bank, as part of customer convenience, also demonstrably strengthened its alternate delivery channels by expanding its ATM network from 1,702 as on March 31, 2013 to 2301 as on March 31, 2014.

Your Bank has emerged as one of the dominant, competitive and sought-after players in the structured retail finance segment, offering an array of innovative products catering to the financial needs of all customer segments in this domain. To ensure wider customer coverage and tap the growing opportunities emerging from the expanding delivery network, your Bank, apart from expanding its bouquet of retail asset offerings, introduced a simplified and customer-friendly process for structured retail asset products. This is expected to augment your Bank's market share. Your Bank has also leveraged its state-of-the-art technology platform to implement several key initiatives, which are detailed in the Management Discussion and Analysis section of the Report.

Your Bank continued to aggressively pursue a ramp up in its Priority Sector Lending (PSL), broadly comprising loans to weaker sections, agriculture, MSE, housing and education loan segments. As an enabler, a dedicated business vertical, viz. Priority Sector Group (PSG) was formed by merging your Bank's Agri and MSE business verticals. In addition to six dedicated PSG Processing Centres (PPCs) with trained staff to process PSL proposals expeditiously, there are 44 dedicated branches exclusively for PSL business. Your Bank has also empowered retail branches to service the MSE and Agri customers across India. Additionally, it conducted workshops in various Agri and MSE clusters for acquainting existing and potential clients with its PSG products, facilities and services. Your Bank also actively participated in various conferences, trade fairs and promotional events to expand its reach in this sector.

Your Bank continued to strengthen its Alternate Banking Channels like ATMs, internet banking, mobile banking, among others, to reduce customers' dependence on the branch channel, while simultaneously offering 24x7 facilities. From your Bank's perspective, these facilities are cost-effective as the transaction cost is less compared to the branch channel. Your Bank gainfully leveraged the

branch network during the festive season for maximising sales of Prepaid Card products. Your Bank also initiated various measures to induce its customers to use the IDBI Bank Debit Card more frequently for purchases at Point-of-Sale (POS) locations. The Alternate Channels and Merchant Acquisition Business provide avenues for augmenting fee-based income, besides helping acquire/ deepen existing relationships. Your Bank has also been actively engaged in initiatives aimed at enhancing customer awareness on cyber frauds and its prevention. It undertook measures to improve the security level of Alternate Channels, especially through internet banking, in view of rising incidence of cyber frauds.

Your Bank has a dedicated vertical, viz. Corporate Banking Group (CBG), which caters to the financial needs of medium and large corporate clients. The Group is organised across seven regions spanning 25 cities and operates through 29 Specialised Corporate Branches (SCBs). As a strategic initiative, the portfolio was granularised to avoid concentration of risk and Non-Fund business/Fee based Income from its corporate clientele was aggressively pursued. To provide personalised services to customers, Client Service Teams (CSTs), comprising members from various product verticals, have been formed at regional and branch levels. In view of the turbulent macroeconomic environment and difficulties confronting the customers, a dedicated Focused Asset Management Group (FAMG) was established to ensure timely resolution of issues, and thereby, manage assets effectively.

During 2013-14, your Bank opened two new Nostro Accounts in EURO and GBP currencies. Further, to make available timely foreign currency funds to the exporters at a competitive rate, your Bank signed Agreements with its Foreign Correspondent Banks for Foreign Currency Borrowing.

During the year, your Bank opened 12 new full – fledged Trade Finance (TF) Centres (Authorized Dealer in Foreign Exchange) pan-India, taking the total number of TF locations to 52. Your Bank continued to strengthen its relationship with foreign banks for facilitating Trade Finance business. During the reference period, your Bank established Relationship Management Application (RMA) with 21 major Foreign Banks, taking the total number of RMAs to 1,442. With the enhanced networking, your Bank has been able to handle bi-directional trade transactions in major parts of the world.

Your Bank continued to derive first-mover advantage in a number of key areas. It was the first Bank in India to develop online payment of stamp duty and registration fees by issuing e-SBTR (Online Secured Bank Treasury Receipt) in Maharashtra. Your Bank was the first lender to finance the toll collection projects of NHAI, awarded under a long-term Operate-Maintain-Transfer (OMT) arrangement, spanning a stretch of 275 km-long highways out of the total 1,800 km highways identified by NHAI for such OMT projects.

Your Bank continued to garner awards and accolades from various quarters for operational excellence and its initiatives beyond its core banking business.

Your Bank's advertising and publicity initiatives intensified during the year with its re-branding campaign, launched after a gap of four years, serving as its centre-piece. The campaign, which spanned from end-October 2013 to early February 2014 in assorted media, but primarily as a television commercial, focused on repositioning your Bank, using a simple concept like friendship to convey the brand attribute and positioning. A new tagline, 'Bank Aisa Dost Jaisa', was conceived to echo the brand's USP as a warm, friendly Bank that cares for its constituents. After the new brand campaign closed out, retail product campaigns of its flagship products were launched, drawing upon the DNA and tonality of brand campaign communication. The brand campaign also finds its echo in the core theme of this year's Annual Report: 'Strengthening Friendship. Touching Lives.'

The details of your Bank's key initiatives during 2013-14 are featured under the Management Discussion and Analysis section of this Annual Report.

Directors' Report

ORGANISATION STRUCTURE

To execute its core strategy of building a robust customer base, facilitate CASA and retail-cum-PSL growth, improve customer service and enhance inclusive banking, your Bank embarked on a calibrated branch expansion drive, while adding 309 branches during 2013-14. Of the domestic branch network of 1387 branches as on March 31, 2014, 319 branches are located in metropolitan centres, 426 in urban centres, 372 in semi-urban centres, 146 in rural centres and 124 branches at rural unbanked centres. Besides, your Bank has one fully operational overseas branch at Dubai International Financial Centre (DIFC), Dubai.

BOARD OF DIRECTORS

Your Bank's Board of Directors is broad-based and its constitution is governed by the provisions of the Banking Regulation Act, 1949, the Companies Act, the Articles of Association of your Bank and the requirements of corporate governance, as envisaged in the Listing Agreement with the Stock Exchanges. The Board functions directly as well as through various Board-level Committees constituted to provide focused governance in your Bank's important functional areas.

As on March 31, 2014, the Board comprised nine Directors, including the Chairman and Managing Director (CMD), two Deputy Managing Directors (DMDs), one Non-Executive Director and five Independent Directors. No Director is related to any other Director on the Board.

APEX COMMITTEES

The Board has a total of 13 committees to oversee various functional aspects of your Bank's business and operations. Two new Committees, viz. Business Review Committee and Corporate Social Responsibility Committee, were added during the reporting period.

CORPORATE GOVERNANCE

Your Bank is committed to adopting the best corporate governance practices. It believes that proper corporate governance is not just a requirement for regulatory compliance, but also a facilitator for enhancement of stakeholders' value. The details of your Bank's corporate governance practices are given in this Annual Report as a separate section under Management Discussion and Analysis.

STATEMENT UNDER SECTION 217 (2A) OF THE COMPANIES ACT 1956

There were no personnel in your Bank's services, during the financial year under review, who received remuneration over ₹ 60 lakh annually. Besides, there were no personnel in the service of your Bank for a part of the year who received remuneration in excess of ₹ 5 lakh per month. The provisions of Section 217(1) (e) of the Act relating to conservation of energy and technology absorption do not apply to your Bank.

DIRECTORS' RESPONSIBILITY STATEMENT

The Board of Directors hereby declares and confirms that:

a. In the preparation of accounts, the applicable accounting standards had been followed along with proper explanation relating to material departure.

b. The Directors had adopted accounting policies and applied them consistently and made judgments and estimates that are reasonable and prudent to give a true and fair view of the state of affairs of your Bank at the end of the accounting year and of your Bank's profit or loss for that year.

c. The Directors had taken proper and sufficient care for the maintenance of adequate accounting records, in accordance with the regulatory provisions, to safeguard your Bank's assets, prevent and detect fraud and other irregularities.

d. The Directors had prepared the accounts on a going concern basis.

ACKNOWLEDGEMENTS

Your Bank's Board of Directors is sincerely grateful to the Government of India, Reserve Bank of India (RBI), Securities and Exchange Board of India (SEBI), Insurance

Regulatory and Development Authority (IRDA) and all other Statutory/ Regulatory Authorities for their valuable co-operation and guidance. The Board also acknowledges, with gratitude, the co-operation and support received from various State Governments and other banking/ financial institutions. The Board thanks various multilateral institutions and international banks/ institutions for their periodic support. The Board takes this opportunity to put on record its deep sense of gratitude to its loyal shareholders and customers for extending their support during the year and looks forward to their continued association in the years ahead.

During the financial year, your Bank has received various recognitions and accolades for its excellence in the core banking domain and beyond. The Board is thankful to all such organisations/ agencies for formally recognising your Bank's efforts. The Board appreciates the sincere and devoted services displayed by its entire staff and highly values their commitment in improving your Bank's performance on a sustained basis.

Place: Mumbai **[M.S. Raghavan]**

Date: April 30, 2014 Chairman and Managing Director

प्रबंध परिचर्चा एवं विश्लेषण

3.0%
2013 में वैश्विक जीडीपी वृद्धि

4.9%
2013-14 में भारत की जीडीपी वृद्धि (पूर्वानुमान)

कारोबारी परिवेश

वैश्विक आर्थिक परिदृश्य

वर्ष 2013 की दूसरी छमाही में विकसित अर्थव्यवस्थाओं के निर्धारक प्रोत्साहनों के चलते वैश्विक आर्थिक कार्यकलापों और विश्व व्यापार में ऊर्जा का संचार हुआ, हालांकि उनकी सुधार गति असमान बनी रही. निर्यात वृद्धि में सुधार हुआ, जबकि देशी मांग की वृद्धि दर कमोबेश अपरिवर्तित रही. 2013 के उत्तरार्द्ध में वैश्विक कार्यकलापों में अपेक्षा से अधिक की दर से हुई वृद्धि कुछ हद तक स्टॉक संचयन में हुई वृद्धि से संचालित थी जिससे उसके पुनः उसी स्थिति में आने की संभावना है. उपलब्ध अद्यतन आंकड़े भी 2014 की पहली छमाही में आर्थिक वृद्धि में मामूली सुधार का संकेत दे रहे हैं. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ़) द्वारा अप्रैल 2014 में प्रकाशित वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार यूरोपीय देशों एवं जापान की अर्थव्यवस्थाओं में व्याप्त सुस्ती, साथ ही उभरती बाजार एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं विशेषकर चीन में मंदी के बावजूद अमरीका में अच्छी वृद्धि के चलते 2013 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में 3.0% की वृद्धि हुई. आईएमएफ़ के नजरिए से वृद्धि की गति के मूल रूप में एक महत्वपूर्ण अपवर्तन यह है कि विशेष रूप से परिवर्तित समग्र आर्थिक परिदृश्य में सुधार की स्थिति अंततोगत्वा थोड़ी और संतुलित हुई है. पिछले पाँच वर्षों में उभरती बाजार एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाएं ही मुख्य रूप से सुधार की संवाहक रही हैं और 2009 से वैश्विक वृद्धि में इनका 75% योगदान रहा है. अमरीका की अगुआई में 'सम्पन्न विश्व' वैश्विक वृद्धि में 20% का योगदान करता है किन्तु इसकी चीन पर अतिशय निर्भरता है.

आईएमएफ़ ने 2013 में विकसित अर्थव्यवस्थाओं में 1.3% की वृद्धि दर्ज की है जो 2012 की 1.4% की दर से थोड़ी कम है. यद्यपि अमरीका में 2013 के पूरे समय सकल देशी उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 1.9% के न्यून स्तर पर रही, तथापि निर्यातों में हुई जोरदार वृद्धि और इनवेंटरी मांग में अस्थाई वृद्धि के कारण 2013 की दूसरी छमाही में वृद्धि दर अच्छी बढ़त के साथ 3.3% रही. अर्थव्यवस्था अधिकतम रोजगार के अपने लक्ष्य के करीब है और उम्मीद की जाती है कि बढ़ी हुई स्थिर कीमतों और सामान्य दीर्घावधि ब्याज दर जैसी स्थितियों से लाभ उठाएगी. बढ़ती घरेलू प्रवृत्ति और कारोबारी व्यय जैसे अन्य संकेतक यह दर्शाते हैं कि 2014 की पहली छमाही में जीडीपी वृद्धि दर उतार-चढ़ाव झेल जाने की स्थिति में बनी रहेगी. 2013 में यूरो क्षेत्र की वृद्धि दर में 0.5% की कमी आई जो गत वर्ष आई 0.7% की कमी से थोड़ी बेहतर किन्तु अमरीका और यूके द्वारा दर्ज लगभग 2.0% की दर से काफी नीचे थी. निवल निर्यातों के योगदान से मूल यूरो क्षेत्र से बाहर व्यवसाय के कायापलट में सहायता मिली क्योंकि घरेलू मांग में भी स्थिरता आई है. व्यापक मौद्रिक एवं राजकोषीय प्रोत्साहनों के बावजूद 2013 की दूसरी छमाही में जापानी अर्थव्यवस्था ने आर्थिक सुधार की अपनी गति खो दी जिसके परिणामस्वरूप पूरे वर्ष में केवल 1.5% की वृद्धि हुई जो पिछले वर्ष के 1.4% की तुलना में मामूली रूप से अधिक थी.

वर्ष 2013 की दूसरी छमाही में वृद्धि दर में आई थोड़ी तेजी के बावजूद उभरती बाजार एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में 2012 के 5.0% की वृद्धि की तुलना में 2013 के दौरान 4.7% की धीमी गति से वृद्धि हुई. विकसित अर्थव्यवस्थाओं के सापेक्ष कमजोर चक्रीय गति वृद्धि पर दो शक्तियों के प्रतिकूल प्रभाव को दर्शाती है जिनके 2014 में अधिकांश समय महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है. हालांकि विकसित देशों में मजबूत कार्यकलापों से इन देशों की निर्यात वृद्धि को लाभ मिला और मुद्रा अवमूल्यन, व्याप्त निवेश कमजोरियों तथा देशी वित्तीय स्थितियों से चीन, कोरिया, मलेशिया आदि जैसी कुछ अर्थव्यवस्थाओं में मांग/ वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव लगातार बढ़ता गया. सबसे तेज गति से विकासरत अर्थव्यवस्था चीन ने चक्रीय आर्थिक चिंताओं और ढांचागत कमजोरियों के बीच संतुलन साधने के इरादे से कठोर मौद्रिक नीति का दौर लागू किया है. परिणामस्वरूप 2013 के दौरान वृद्धि दर 7.7% की दर पर बनी रही. तथापि,

समग्र रूप से वैश्विक वृद्धि में उभरती बाजार एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का दो-तिहाई से अधिक हिस्सा बना रहा.

देशी आर्थिक परिवेश

भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि गति 2013-14 में भी लगातार दूसरे वर्ष सुस्त बनी रही जो वैश्विक घटनाक्रमों और आपूर्ति संबंधी देशी चिंताओं को प्रतिबिम्बित करती है. इन्फ्रास्ट्रक्चर और कॉरपोरेट निवेश में आ रही कमी के कारण इस मंदी का असर सामान्य रूप से अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों पर पड़ा. हालांकि अस्थाई कारकों से आंशिक फ़ायदों के चलते दिसंबर 2013 से फरवरी 2014 तक मुख्य मुद्रास्फीति में मामूली कमी जरूर आई, फिर भी मूल मुद्रास्फीति अनचाहे तौर पर उच्च बनी रही. परिसंपत्तियों की गुणवत्ता पर पड़े प्रतिकूल प्रभावों के साथ कॉरपोरेट क्षेत्र की वित्तीय स्थिति खराब हुई है और इसके चलते बैंकों की लाभप्रदता पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है. तथापि, हाल में कुछ ऐसे संकेत उभरकर सामने आए हैं जिनसे पता चलता है कि वृद्धि दर अब और नीचे नहीं जाएगी; किन्तु औद्योगिक कार्यकलापों की सुस्त गति अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का विषय बनी हुई है. विदेशी व्यापार और विशेषकर चालू खाता घाटा (सीएडी) दोनों ही 2013-14 की दूसरी छमाही में एक वर्ष पूर्व के स्तर से काफी कम हो गये जिन्हें बेहतर विदेशी परिस्थितियों जैसे अन्य कारकों से पूरा किया गया. पूंजी प्रवाह को सहारा देने वाली नीतियां बाह्य संवेदनशीलता को और कम करने में सहायक हुई हैं. और अधिक आश्वस्त करते हुए, भारत में नीतिगत कार्रवाई ने प्रतिरोधकों का पुनर्निर्माण किया है जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था और विशेषकर, अनुचित विनिमय दर अस्थिरता का हालिया बाह्य अड़चनों से बचाव किया है. 2013-14 की अंतिम तिमाही में चालू खाता तथा राजकोषीय दोनों घाटों में प्रत्याशित कमी और साथ ही पूंजी अंतर्वाह द्वारा विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियों की पुनःपूर्ति के कारण रुपया विनिमय दर में अधिमूल्यन और विशेष रूप से मुद्रा अवस्फीतिकारी प्रभावों के बारे में आसन्न बृहद् अस्थिरता का जोखिम कम हो गया है.

संपदा क्षेत्र

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी)

केंद्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (सीएसओ) द्वारा 2013-14 के लिए जारी राष्ट्रीय आय के पूर्वानुमानों में 2013-14 के लिए 4.9% की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया है जो कि 2012-13 के 4.5% की वृद्धि की तुलना में अधिक है. 2013-14 के अनुमान में पूर्ववर्ती अनुमानों से 50 आधार-बिन्दु की कमी की गई जिसका मुख्य कारण खनन और विनिर्माण में तीव्र मंदी के साथ-साथ 2011-12 में वृद्धि दर में ऊर्ध्वमुखी संशोधन के कारण उत्पन्न उच्चतर आधार दर का प्रभाव रहा. कृषि क्षेत्र के मुख्य वृद्धि संवाहक बने रहने की उम्मीद है; जबकि उद्योग तथा सेवा क्षेत्रों में मंदी की आशंका है. समग्र जीडीपी में उनके सापेक्ष योगदान का समग्र समष्टि-आर्थिक आंकड़ों पर निर्णायक प्रभाव पड़ेगा. औसत से अच्छे मानसून की बदौलत कृषि क्षेत्र में वृद्धि के चलते खाद्यान्न उत्पादन में बढ़ोतरी हुई. औद्योगिक क्षेत्र में मंदी का कारण मुख्यतः खनन और विनिर्माण क्षेत्रों के कार्य-निष्पादन में निरंतर गिरावट रही जिसने बिजली क्षेत्र द्वारा दर्ज की गई जोरदार वृद्धि को समंजित कर दिया है.

> वर्ष 2013 की दूसरी छमाही में वैश्विक आर्थिक कार्यकलापों और विश्व व्यापार में ऊर्जा का संचार हुआ. यूरोपीय देशों एवं जापान की अर्थव्यवस्थाओं में व्याप्त सुस्ती, साथ ही उभरती बाजार एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं विशेषकर चीन में मंदी के बावजूद अमरीका में अच्छी वृद्धि के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि हुई.

अप्रैल - दिसंबर 2013 की अवधि के लिए उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कारक लागत पर दर्ज भारत की आर्थिक गतिविधियां गत वर्ष की अनुरूपी अवधि के 4.5% की तुलना में 4.6% के स्तर पर कुछ अधिक रही. तथापि सेवा क्षेत्र द्वारा सतत् अव-संभाव्य कार्य-निष्पादन जारी रहा जो कि समग्र जीडीपी में इसके उच्च योगदान को देखते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था के पुनरुत्थान के लिए एक अशुभ संकेत है. इसके अलावा सेवा क्षेत्र में मंदी का कृषि और उद्योग दो अन्य क्षेत्रों के कार्य-निष्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इन क्षेत्रों में मांग मुख्यतः सेवा क्षेत्र के कार्य-निष्पादन द्वारा संचालित होती है. इसके अलावा

प्रबंध परिचर्चा एवं विश्लेषण

0.1%
2013-14 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में कमी आई.

9.5%
2013-14 में औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

कम खपत मांग और मंद निवेश धारणाएँ भी सम्पूर्ण 2013-14 के दौरान आर्थिक कार्यकलापों की गति पर प्रभाव डाल सकती हैं, जिसकी वर्तमान गणना के अनुसार पूर्वानुमानों से 4.9% कम ही रहने की संभावना है. शुभ संकेत यह है कि 2013-14 की तीसरी तिमाही के अंत में विकास की गति फिर से बढ़ चली है जिसके चलते 2014 के पहले तीन महीनों के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था के परिदृश्य में सुधार हो सकता है.

औद्योगिक परिदृश्य

वर्ष 2013-14 के दौरान संचयी औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) विगत वर्ष की अनुरूपी अवधि में दर्ज 1.1% की वृद्धि की तुलना में 0.1% कम हुआ. घरेलू उपभोग मांग में सतत् कमी, जिसे बढ़ते निर्यात से सहारा न मिल सका, निवेश में आभासी यथावत् स्थिति, संरचनागत अड़चनों के कारण परियोजनाओं के कार्यान्वयन में विलंब, आपूर्ति-पक्ष की बाधाओं, गिरावट पर अंकुश लगाने के लिए नीतिगत अनिश्चितता और विलंब से हस्तक्षेप और कड़ी मौद्रिक नीति व्यवस्था, जिसे मुद्रास्फीति आंकड़ों ने अपरिहार्य बना दिया, ये कुछ अन्य उल्लेखनीय अड़चनें थीं जिनसे ये और बढ़ीं. प्रमुख विनिर्माण क्षेत्र में सतत् मंदी के चलते समग्र औद्योगिक क्षेत्र का कार्य-निष्पादन कमजोर रहा. विनियामक और पर्यावरणीय बाधाओं के कारण खनन क्षेत्र में सतत् गिरावट ने औद्योगिक गतिविधि की समग्र कमी में भी योगदान दिया है. बिजली क्षेत्र पूरे राजकोषीय वर्ष के दौरान एकमात्र वृद्धि वाला क्षेत्र बना रहा किन्तु आईआईपी में इसके सापेक्ष हिस्से को देखते हुए अन्य संघटक क्षेत्रों में मंदी को पूरा करने के दृष्टिकोण से यह तेजी स्पष्ट रूप से अपर्याप्त थी. उपयोग - आधारित श्रेणी में निवेश और उपभोक्ता मांग में कमी के कारण पूंजीगत माल और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं का उत्पादन घटा है. पूंजीगत माल क्षेत्र के कार्य-निष्पादन में सतत् कमी मंद निवेश वातावरण दर्शाती है जिसमें कमजोर उपभोग मांग और अधिक मूल्य दबावों से पहले से प्रभावित विनिर्माण क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है.

आठ प्रमुख उद्योगों में से बुनियादी संरचनागत क्षेत्र के कार्य-निष्पादन में वृद्धि की संभावनाओं के माध्यम से उद्योग वृद्धि दर की मंदी में सुधार हुआ है. वर्ष के दौरान विद्युत क्षेत्र के बेहतर कार्य-निष्पादन के बावजूद, प्राकृतिक गैस और कच्चे तेल के उत्पादन में सतत् गिरावट के कारण मूल उद्योगों के उत्पादन - समग्र आईआईपी में लगभग 38.0% योगदान - में एक वर्ष पूर्व की अवधि के दौरान 6.5% की तुलना में 2.6% की कमी आई. चूंकि इन उद्योगों की विशेषकर विनिर्माण क्षेत्र से तथा समग्र रूप से अर्थव्यवस्था से उत्पादनोत्तर सहबद्धता होती है, इसलिए इस क्षेत्र का अपेक्षा से कम कार्य-निष्पादन सतत् औद्योगिक और आर्थिक सुधार का शुभ संकेत नहीं देता है.

मुद्रास्फीति

वित्तीय वर्ष की पहली तीन तिमाहियों के दौरान बढ़ती कीमतों के दबाव तथा अपेक्षाओं ने अर्थव्यवस्था के पुनरुत्थान के लिए विकट परिस्थितियाँ उत्पन्न करने के अलावा इस अवधि तथा इसके बाद, भारतीय रिज़र्व बैंक के नीतिगत हस्तक्षेपों के दिशात्मक जोर का अनुकूलन किया. अन्य महत्वपूर्ण गतिविधि, केंद्रीय बैंक के नीतिगत प्रतिसाद के लिए केंद्रीय संकेतक के रूप में उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति (सीपीआई) की वास्तविक पहचान थी, जो अब तक थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में उतार-चढ़ाव द्वारा संचालित थी. वार्षिक औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति, जो 2013 के अंत तक लगभग दो अंकों में थी, ने विभिन्न चैनलों के माध्यम से समष्टि-वित्तीय स्थिरता को कमजोर किया जिसके परिणामस्वरूप मुद्रास्फीति की अपेक्षाओं में वृद्धि हुई, वित्तीय गैर-मध्यस्थता में योगदान दिया, वित्तीय तथा समग्र बचत कम हुई और वर्ष की पहली छमाही के लिए व्यापक चालू खाता घाटा और कमजोर मुद्रा की चरमसीमा में परिणत हुआ. मुद्रास्फीति की ऊंची दर का वृद्धि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा. जबकि प्रमुखतया मौद्रिक कड़ाई में ऊर्ध्वमुखी वृद्धि के दौरान पुनरावृत्तीय दौर में भी जारी रहा, दरों में नरमी के संकेत के बावजूद जनवरी 2014 में रेपो दर में 25 आधार बिन्दु की वृद्धि का उद्देश्य जून-नवंबर 2013 के दौरान

खाद्य मूल्यों में महसूस किए गए दबावों के दूसरे दौर के प्रभावों पर अंकुश लगाना था. अप्रैल से नवंबर 2013 के दौरान मुद्रास्फीति का निर्माण, इसके बाद फरवरी 2014 के दौरान मुद्रास्फीति में गिरावट और पुनः मार्च 2014 में ऊर्ध्वमुखी वृद्धि खाद्य मूल्यों द्वारा संचालित थी. दिसंबर 2013 से फरवरी 2014 की अवधि के दौरान खाद्येतर तथा ईंधन उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति में और वृद्धि के बिना इन मूल्यों में मौसमी गिरावट के साथ पूर्व के महीनों में सब्जियों की ऊंची कीमतों से सापेक्ष मूल्य आघातों में सुधार से लाभ हुआ है. केंद्रीय बैंक ने हाल ही में कहा है कि मौसमी सुधार कमोबेश हो चुका है तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमान से सब्जियों एवं फलों की कीमतों में विशेषकर थोक बाजार में कुछ बढ़ोतरी हुई. आगे चलकर, मार्च 2014 में थोक मूल्य सूचकांक तथा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक दोनों में तीव्र वृद्धि के चलते यह आशंका सही सिद्ध हुई. इन क्षेत्रों द्वारा खुदरा मुद्रास्फीति को आगामी महीनों में मार्च के स्तरों पर स्थिर रखने की संभावना है. तथापि 2013-14 की सम्पूर्ण अवधि के दौरान औसत थोक मूल्य सूचकांक तथा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, मुद्रास्फीति की दर 2012-13 के दौरान व्याप्त 7.4% (डब्ल्यूपीआई) तथा 10.2% (सीपीआई) की तुलना में क्रमशः 5.9% तथा 9.5% के कमतर स्तर पर थी जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ इन आधारभूत कारकों का योगदान रहा है.

विगत कुछ महीनों में प्रमुख मुद्रास्फीति की दर में देखी गई नरमी के बावजूद मुख्य चिंता यह रही है कि मूल मुद्रास्फीति, जो मांग पक्ष दबावों की प्रतिनिधि है, या तो बढ़ रही है (डब्ल्यूपीआई) या रिज़र्व बैंक के सुविधाजनक स्तरों से ऊपर है (सीपीआई) और सामान्यतः स्थिर रही है. इसके अलावा आगामी महीनों में अल-नीनो की आशंकाओं, मानसून के पैटर्न पर परिणामी प्रभावों और मुद्रास्फीति के परिणामी आविर्भाव से उत्पन्न मुद्रास्फीति के कई ऊर्ध्वमुखी जोखिम हैं. कृषि पण्यों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य नियत करने पर अनिश्चितता और साथ ही साथ विशेषकर बिजली तथा कोयला के नियंत्रित मूल्यों में संशोधन के समय और मात्रा का प्रभाव राजकोषीय नीति, भौगोलिक राजनीतिक

विगत कुछ महीनों में प्रमुख मुद्रास्फीति की दर में देखी गई नरमी के बावजूद मुख्य चिंता यह रही है कि मूल मुद्रास्फीति, जो मांग पक्ष दबावों की प्रतिनिधि है, या तो बढ़ रही है (डब्ल्यूपीआई) या रिज़र्व बैंक के सुविधाजनक स्तरों से ऊपर है (सीपीआई) और सामान्यतः स्थिर रही है. इसके अलावा, आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति के बढ़ने के कई जोखिम हैं.

घटना-क्रमों के साथ 2014-15 में मुद्रास्फीति के प्रचलन और पण्यों की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों पर भी पड़ सकता है. दूसरी ओर अगले वर्ष कच्चे तेल की अपेक्षाकृत स्थिर कीमतों और पण्यों की वैश्विक कीमतों के दायरे में रहने की संभावना के संदर्भ में मुद्रास्फीति की दर में नरमी आ सकती है. उच्च आधार प्रभाव लागतों के अलावा घरेलू मांग में सतत् कमजोरी खुदरा मुद्रास्फीति दर पर ऊर्ध्वमुखी दबाव को सीमित कर सकती है, इस प्रकार संतुलन पर 2014-15 में ऊर्ध्वमुखी जोखिम बने रहेंगे. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति का दौर प्रत्याशित विसर्पण पथ, नकारात्मक उत्पादन अंतर की मात्रा और खाद्य मूल्यों में उतार-चढ़ाव के संबंध में नीतिगत कार्रवाइयों से अवस्फीतिकारी संवेगों की शक्ति पर निर्भर करेगा. केन्द्रीय बैंक के सुविचारित नीतिगत हस्तक्षेप से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति घटकर जनवरी 2015 तक 8.0% और जनवरी 2016 तक 6.0% तक आ जाने की उम्मीद है.

चलनिधि और ब्याज दरें

भारतीय बैंकिंग प्रणाली में चलनिधि परिदृश्य पिछले वर्ष दृष्टिगत चलनिधि बाधाओं की तुलना में 2013-14 में सहज स्तर पर बनी रही. वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में स्फीतिकारी दबावों में कमी ने केन्द्रीय बैंक को क्रमिक मौद्रिक नरमी की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया. तथापि, मई 2013 से बड़े पैमाने पर हुए पूंजी बहिर्गमन के चलते विनिमय बाजार में मची असंगत उथल-पुथल को स्थिर करने की अभिभावी आवश्यकता ने केन्द्रीय बैंक की योजनाओं को निष्फल कर

प्रबंध परिचर्चा एवं विश्लेषण

27% (वर्ष-दर-वर्ष आधार पर) 2013-14 में व्यापार घाटे में कमी आई

जीडीपी का 2.3% दिसंबर 2013 के अंत में चालू खाता घाटा

दिया. इन सभी जोखिमों को नियंत्रित करने के लिए जुलाई 2013 के मध्य में सीमांत स्थायी सुविधा दर (एमएसएफ) में 200 आधार बिन्दुओं की वृद्धि तथा एलएएफ के तहत उधारियों को प्रत्येक बैंक की निवल मांग और मीयादी देयताओं (एनडीटीएल) का 0.5% तक रखना जैसे कुछ विशिष्ट तथा प्रतिकारी मौद्रिक उपाय कार्यान्वित किए गए. इन उपायों से विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में व्याप्त उतार-चढ़ाव में कमी आई जिसके चलते सितंबर 2013 के आरंभ में रिज़र्व बैंक इन मौद्रिक उपायों को चरणबद्ध तरीके से वापस लेने में समर्थ हुआ. परिणामस्वरूप, बैंकिंग प्रणाली में कठोर चल निधि स्थिति प्रेरित नीति को 2013-14 की तीसरी तिमाही के शुरुआत से आसान बनाया गया. तथापि चलनिधि स्थिति को राजकोषीय वर्ष के अंत में मुख्यतः अग्रिम करों के बहिर्गमन, सरकारी व्यय में उछाल और मुद्रा संचलन में वृद्धि के चलते पुनः कठोर बनाया गया. रिज़र्व बैंक ने बढ़ते चलनिधि दबावों को नियंत्रित करने के लिए वांछित परिणामों के साथ त्वरित तरलता वृद्धिकारी उपाय शुरू किए.

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनिमय बाजार में अस्थिरता को नियंत्रित करने के लिए उठाए गए विशिष्ट उपायों के परिणामस्वरूप सितंबर 2013 तक बैंकों के जमा तथा उधार दरों में मजबूती रही. इन उपायों को सुविचारित रूप से वापस लेने के परिणामस्वरूप 2013-14 की दूसरी छमाही में ब्याज दरों में मामूली रूप से नरमी आई. हालांकि उधार दरें वर्ष के दौरान कमोबेश स्थिर रहीं, केन्द्रीय बैंक के अनुसार अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की मध्यावधि जमा दरों में पूरे वर्ष के दौरान 35 आधार बिंदु की वृद्धि हुई, हालांकि राजकोषीय वर्ष की दूसरी छमाही में यह लगभग अपरिवर्तित रही.

21 मार्च 2014 को 14.6% (वार्षिकीकृत) की सकल जमा वृद्धि सकल बैंक ऋण वृद्धि (14.3%) से अधिक रही, साथ ही गत वर्ष की अनुरूपी अवधि में इसी प्रकार की प्रवृत्ति रही जब संबंधित वृद्धि 14.2% (जमा) तथा 14.1% (ऋण) थी. 21 मार्च 2014 को बकाया जमा तथा ऋण क्रमशः ₹ 77,39,390 करोड़ तथा ₹60,13,090 करोड़ रहे. ऋण-जमा अनुपात गत वर्ष की इसी तारीख को 77.9% की तुलना में इस बार 77.7% पर रहा. भारतीय रिज़र्व बैंक ने 2013-14 के लिए ऋण में 15% वृद्धि तथा जमा में 14% की वृद्धि का अनुमान लगाया है.

22 मई 2013 को मात्रात्मक सुलभता में संभावित कमी के बारे में यूएस फेडरल के पुरोगामी दिशानिर्देशों और रिज़र्व बैंक द्वारा शुरू किए गए मात्रात्मक सुगमता के तीसरे चरण (क्यूई3) के क्रमिक उपायों के फलस्वरूप सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रतिलाभ पर ऊर्ध्वमुखी दबाव पड़ा. तथापि रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए विशिष्ट उपायों के चरणबद्ध रूप से समापन के चलते आधारभूत सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रतिलाभ कम हुआ. तथापि घरेलू उथल-पुथल तथा वैश्विक घटनाक्रम, विशेषकर अमेरिका की स्थूल आर्थिक स्थिति में कायापलट के कारण प्रतिलाभ पर ऊर्ध्वमुखी दबाव बना रहा. राजकोषीय वर्ष की समाप्ति पर सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रतिलाभ में दोतरफा उतार-चढ़ाव देखा गया. मुद्रास्फीति में कमी की प्रत्याशा में 2013-14 की अंतिम तिमाही के प्रारंभ में प्रतिलाभ शुरू में कम रहा लेकिन जनवरी 2014 में नीतिगत दर में वृद्धि के साथ-साथ प्रतिलाभ में मजबूती आई. तथापि, जनवरी - फरवरी 2014 के दौरान प्राथमिक नीलामी के रद्द होने और मूल्य दबावों में कमी के चलते 10 वर्षीय आधारभूत सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रतिलाभ में मार्च 2014 के अंत में कमी आई.

बाह्य क्षेत्र के कार्यकलाप

हाल के महीनों में कुछ गिरावट के बावजूद भारत के व्यापार घाटे में, मुख्यतः आयात में तीव्र कमी तथा निर्यात में मामूली वृद्धि के कारण 2013-14 में 51.7 बिलियन अमरीकी डॉलर यानि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 27% की कमी आई. 2013-14 में समग्र व्यापार संतुलन की स्थिति में 138.6 बिलियन अमरीकी डॉलर का घाटा दर्ज हुआ जो 2012-13 के 190.3 बिलियन अमरीकी डॉलर से बहुत कम है.

जुलाई-अक्टूबर 2013 अवधि के दौरान निर्यातों में दर्ज दो अंकों की वृद्धि के चलते पण्य निर्यात 2013-14 में 312.4 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा जो निर्धारित लक्ष्यित स्तरों का 96% और पिछले राजकोषीय वर्ष से 4% अधिक था. इसके

विपरीत पण्य निर्यात 2013-14 के दौरान 8.1% घटकर 450.9 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा जो एक वर्ष पहले 490.7 बिलियन अमरीकी डॉलर था. इसका श्रेय अवांछित आयातों विशेषकर सोने के आयातों पर अंकुश लगाने के लिए उठाए गए कई प्रतिबंधात्मक नीतिगत उपायों को जाता है जिनसे रुपया विनिमय दरों में असंगत अस्थिरता आई थी. 2013-14 में गैर पीओएल आयातों में 13.3% की तीव्र गिरावट हुई जबकि पीओएल आयातों में 2.2% की मामूली वृद्धि दर्ज की गई. 2013-14 में सोने और चाँदी का आयात 40% (वर्ष-दर-वर्ष आधार पर) घटकर 33.5 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा.

व्यापार आंकड़ों ने भी भुगतान संतुलन की समग्र स्थिति को प्रभावित किया है जिसके सरकारी आंकड़ें वर्तमान में दिसंबर 2013 तक उपलब्ध हैं. निवल अदृश्य प्राप्तियों में वृद्धि के साथ ही व्यापार घाटे में 43.2% की तीव्र गिरावट के चलते चालू खाता घाटे में अप्रैल-दिसंबर 2012 के 69.8 बिलियन अमरीकी डॉलर, जो जीडीपी का 5.2% रहा, की तुलना में अप्रैल-दिसंबर 2013 में 31.1 बिलियन अमरीकी डॉलर यानि जीडीपी के 2.3% तक की कमी आई. तथापि, पूंजी तथा वित्तीय खाते के अंतर्गत निवल अंतर्वाह, विदेशी मुद्रा भंडार में परिवर्तन को छोड़कर ऋणात्मक पोर्टफोलियो निवेश (निवल), ऋणों की उच्चतर चुकौती तथा व्यापार ऋण एवं अग्रिमों के चलते निवल बहिर्वाहों के कारण अप्रैल-दिसंबर 2012 के 68.5 बिलियन अमरीकी डॉलर की तुलना में अप्रैल-दिसंबर 2013 में घटकर 39.7 बिलियन अमरीकी डॉलर के स्तर पर आ गया. तथापि चालू खाता घाटा की तुलना में पूंजी अंतर्वाह के अधिक होने से देश का भुगतान संतुलन दिसंबर 2013 के अंत में अधिशेष में हो गया. राजकोषीय वर्ष के पहले नौ महीनों के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 8.40 बिलियन अमरीकी डॉलर की वृद्धि हुई, जो गतवर्ष की इसी अवधि के दौरान 1.15 बिलियन अमरीकी डॉलर की वृद्धि से बहुत अधिक है.

निर्यात वृद्धि में अस्थिरता के बावजूद आयातों में हुई तीव्र कमी के साथ ही निवल पूंजी अंतर्वाहों के चलते 2013-14 की अंतिम तिमाही के दौरान व्यापार घाटे में कमी का दौर बने रहने के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष के अंत में भुगतान संतुलन की स्थिति के सुखद स्तर पर बने रहने की आशा है. सभी संकेतों के अनुसार 2013-14 के दौरान चालू खाता घाटा 2012-13 में सकल घरेलू उत्पाद के 4.8% की अपेक्षा आधे से अधिक कम हो सकता है.

भारत का विदेशी ऋण मार्च 2013 के अंत के 5.2% यानि 21.1 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर दिसंबर 2013 के अंत में 426.0 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया. विदेशी ऋण में दीर्घावधि ऋणों की प्रधानता रही जोकि दिसंबर 2013 के अंत में कुल विदेशी ऋण का 78.2% था. विदेशी ऋण में उछाल का मुख्य कारण दीर्घावधि ऋणों, विशेषकर एनआरआई जमा राशियों में तीव्र वृद्धि रही, जो सितंबर-नवंबर 2013 की अवधि के दौरान स्वैप योजना के अंतर्गत जुटाई गयी नई एफ़सीएनआर (बी) जमा राशियों का प्रभाव दर्शाता है. विदेशी मुद्रा भंडार विदेशी ऋण का केवल 69.0% हिस्सा पूरा कर सका जो मार्च 2013 के अंत के 72.1% से कम था. 2009-10 तक विदेशी मुद्रा भंडार भारत के कुल विदेशी ऋण को कवर करने के लिए पर्याप्त होता था, लेकिन 2010-11 से इसमें निरंतर गिरावट आती गई, जो विदेशी क्षेत्र की देनदारियों को पूरा करने के लिए बढ़े हुए दबाव को दर्शाती है.

> निवल प्राप्तियों में वृद्धि के साथ ही व्यापार घाटे में तीव्र गिरावट के चलते चालू खाता घाटे में कमी आई जिससे दिसंबर अंत में भारत का भुगतान संतुलन अधिक रहा.

भारत के विदेशी क्षेत्र की स्थिति में हुए सुधार और साथ ही विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अस्थिरता पर लगाम लगाने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा अपनाए गए विभिन्न उपायों के परिणामस्वरूप विदेशी मुद्रा भंडार मार्च 2014 के अंत में बढ़कर लगभग 304 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया जो मार्च 2013 के स्तर से लगभग 12 बिलियन अमेरिकी डॉलर अधिक है. यह नवंबर 2011 से विदेशी मुद्रा भंडार का उच्चतम स्तर है. मई 2013 में यूएस फेडरल रिजर्व द्वारा 'अपेक्षित समय से पहले' क्यूई 3 की घोषणा के फलस्वरूप विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में हुई उथल-पुथल के बाद रिज़र्व बैंक ने विभिन्न उपायों को लागू किया जिनमें बैंकों द्वारा नए एफ़सीएनआर(बी) जमा राशियों तथा विदेशी उधार के संग्रहण के लिए रिज़र्व बैंक

प्रबंध परिचर्चा एवं विश्लेषण

3.6%
2014 में आईएमएफ़ का वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए पूर्वानुमान

5.4%
2014-15 में आईएमएफ़ का भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए पूर्वानुमान

द्वारा विशेष रियायती स्वैप विंडो को लागू करना भी शामिल है. इसके परिणामस्वरूप अंतर्वाह में वृद्धि हुई. दिसंबर 2013 से पोर्टफोलियो अंतर्वाह में भी पुनः तेजी आने लगी.

चालू खाता घाटे में कमी और सुदृढ़ विदेशी मुद्रा भंडार के चलते मुद्रा पर बने हुए अधोगामी दबावों और भारतीय रुपये की अस्थिरता में कमी आनी शुरू हो गई है. रुपये की विनिमय दर नवबंर 2013 को ₹ 68.36 के अपने सबसे निचले स्तर की तुलना में नवंबर 2013 से लेकर 28 मार्च 2014 तक ₹ 60.10 - ₹ 62.99 प्रति अमरीकी डॉलर के बीच बनी रही. परिणामस्वरूप मार्च 2014 के अंत तक अमरीकी डॉलर की तुलना में रुपये के मूल्य में वार्षिक आधार पर 10.5% की गिरावट आई, जबकि अगस्त 2013 में ₹ 68.36 की रिकॉर्ड निम्न विनिमय दर की तुलना में 12.1 % की मजबूती आई.

भावी संभावनाएं

नवीनतम रुझान विश्लेषण के आधार पर यह देखा गया है कि 2014 की पहली तिमाही में वैश्विक अर्थव्यवस्था की विकास की गति अस्थायी कारकों के कारण धीमी रही जिसके चलते विभिन्न क्षेत्रों की गतिविधियों पर प्रतिकूल असर पड़ा. ये अस्थायी कारक 2014 की पहली छमाही में वैश्विक वृद्धि दर को अब तक के परिकल्पित स्तर से भी नीचे ला सकते हैं. तथापि इसके सुदृढ़ संकेत हैं कि कुछ प्रतिकूल भौगोलिक-राजनीतिक कारकों, जिन्होंने अर्थव्यवस्था की विकास दर को नीचे लाने वाले जोखिमों को बढ़ाया है, के बावजूद, परिपक्व अर्थव्यवस्थाओं के नेतृत्व में वैश्विक अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित गति, जो 2013 की दूसरी छमाही में नजर आई थी, आगे भी जारी रहेगी तथा इसमें 2014 की पहली छमाही की तुलना में दूसरी छमाही में साथ ही पूरे 2015 के दौरान बढ़ोतरी होने की संभावना है.

आईएमएफ़ ने भी अप्रैल 2014 में जारी अपने नवीनतम वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (डब्ल्यूईओ) में वैश्विक अर्थव्यवस्था के मजबूत रहने का पूर्वानुमान लगाया है तथा इसके 2013 के 3.0% के मुक़ाबले 2014 में 3.6% होने का अनुमान किया है, किंतु विभिन्न देशों में वृद्धि दर असमान रहेगी तथा अमरीका का इसमें प्रमुख योगदान होगा. 2014 में सम्पूर्ण विकसित अर्थव्यवस्थाओं में 2.2% की वृद्धि दर तथा ईएमडीई में 4.9% की वृद्धि दर परिकल्पित है. विकसित अर्थव्यवस्थाओं में तीव्र सुधार अनेक गतिरोधों के दूर होने से संभव हुआ है, जैसे राजकोषीय सुदृढ़ीकरण में आई शिथिलता कम हो रही है और वित्तीय प्रणाली में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है जबकि अनिश्चितता में कमी आ रही है. यूरो राष्ट्र संभवतः सकारात्मक लेकिन दुर्बल और विविध तथा भीतर से अपेक्षाकृत सशक्त वृद्धि दर्ज करनेवाले हैं, लेकिन अत्यधिक कर्ज, महंगे ऋण, आसन्न राजकोषीय समस्याओं, अत्यधिक बेरोजगारी, मुद्रा अवस्फीति और धीमे वित्तीय सुधार वाले देशों में यह वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी होगी और इससे देशी मांग में कमी आएगी. ईएमडीई में अपेक्षाकृत कम गति से वृद्धि का अनुमान है पर आंकड़ों में यथोचित रूप से वृद्धि होगी. विकसित देशों से अत्यधिक बाह्य मांग जैसे समर्थकारी कारकों द्वारा वृद्धि को अनुकूल बनाया जाएगा, जबकि कुछ-कुछ कठिन वित्तीय स्थिति बनी रहेगी जो देशी मांग के अवरोधक के रूप में काम करेगी. एक अधिक संतुलित और स्थायी वृद्धि पथ पर धीरे-धीरे बढ़ने के परिणामस्वरूप चीन 2014 में अपना वृद्धि लक्ष्य लगभग 7.5% रखने के लिए धीरे-धीरे ऋण में वृद्धि को कम करने का प्रयास जारी रखते हुए उन्नत सुधारों की नीति को आगे बढ़ाएगा. विकसित अर्थव्यस्थाओं से प्रबल मांग में अत्यधिक वृद्धि, कमजोर मुद्राओं और/ या मजबूत देशी मांग से लाभ उठाते हुए उदीयमान और विकासशील एशियाई अर्थव्यवस्थाएँ धैर्यपूर्वक लेकिन लचीलेपन के साथ सक्रिय सुधार के लिए तैयार हैं. इसके साथ ही, अमरीका द्वारा हाल ही में घटाई गई परिसंपत्ति क्रय सीमाओं के परिणामस्वरूप मात्रात्मक सहजता (क्यूई) की सुविचारित विधि से वापसी के कारण उदीयमान अर्थव्यस्थाएँ बाजारों की अस्थिरता का सामना करने में अब पहले से बेहतर स्थिति में हैं. तथापि, बेहतर संभावनाओं के बावजूद वैश्विक सुधार कुछ कमजोर है और अब भी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के सुधार के मार्ग में भारी अवरोध है जो भौगोलिक जोखिम, जिसमें वृद्धि का अवसर मिलने पर स्थानीय प्रभाव से बाहर समन्वय करने की संभावना उसके सहित परिकल्पित वृद्धि दरों में गिरावट का जोखिम दर्शाते हैं. आईएमएफ़ डब्ल्यूईओ इस बात पर जोर देता है कि गिरावट का जोखिम पूरी तरह

समाप्त होने पर भी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिए अपेक्षा से कम मुद्रास्फीति के जोखिम को दर्शाता है, उदीयमान बाज़ार अर्थव्यवस्थाओं में वित्तीय अस्थिरता बढ़ी हुई है तथा पूंजी लागत में वृद्धि से निवेश संभवतः कम हो जाएगा और वृद्धि चिंताजनक हो जाएगी. आईएमएफ़, ईएमडीई के नीति निर्धारकों से उनकी संबंधित अर्थव्यस्थाओं में विकास को प्रोत्साहित करने के लिए परिवर्तनशील मूलभूत तत्वों के अनुसार विनिमय दरों में अंश-शोधन की अनुमति प्रदान करने, बाह्य सामंजस्य को सुसाध्य करने, बढ़ते स्फीतिकारी दबावों और अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर कड़ी मौद्रिक नीति अपनाने, राजकोषीय स्थिरता और संरचनात्मक सुधार हेतु उपायों को अपनाने की उम्मीद करता है.

वैश्विक रूप से एकीकृत भारतीय अर्थव्यवस्था का भाग्य 2014-15 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में उदीयमान प्रवृति के कारण पुनरुक्तिपूर्ण रूप से अंशतः नियंत्रित होगा, लेकिन ढेर सारी देशी घटनाओं के परिणाम भी प्रतिबिंबित होंगे. आईआईपी के अनुसार 2013-14 के लिए जीडीपी वृद्धि, विनिर्माण और समग्र औद्योगिक वृद्धि सहित सीएसओ के संशोधित अग्रिम अनुमान 4.9% की तुलना में कम होने की संभावना है जो नकारात्मकता को दर्शाती है और यह समष्टि-अर्थव्यवस्था के संकेतकों को कम करेगी. तथापि, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए 2014 के प्रथम तीन महीनों के दौरान कुछ सुधार की संभावनाएं दिखती हैं. वैश्विक विकास के लिए बेहतर संभावनाओं, विशेषकर 2014 की दूसरी छमाही में, और बाह्य मांगों पर इसके लाभकारी प्रभाव, निर्यात वृद्धि में मंदी के बावजूद हालिया नीतिगत कार्रवाइयों से कारोबार और उपभोक्ता का विश्वास देशी आपूर्ति के अवरोधों को कम करने और विलंबित परियोजनाओं की समस्याओं को दूर करने में लगा है. इन बुनियादी प्रभावों के कारण सांख्यिकीय आंकड़ों में दिखाई देने वाले सुधारों से पता चलता है कि 2014-15 के दौरान वृद्धि में लगभग 5.5% के आसपास उछाल की संभावना है. आईएमएफ ने यह मत व्यक्त किया है कि निवेश समर्थनकारी नीतियों और हालिया नीतिगत कार्रवाइयों से विश्वास बढ़ने के चलते 2014-15 में समग्र वृद्धि 5.4% तक बने रहने की आशा है, लेकिन यह रुझान कम रहेगा. तथापि कई रुकावटें सुधारों की गति को मंद करेंगी जो मुद्रास्फीती दबावों के कारण हो सकती हैं, यद्यपि वे अंततः गिरावट की ओर उन्मुख होंगी. उद्योग और सेवाओं के सतत् पुनरुत्थान में अनावश्यक विलंब हो सकता है जिसमें अल-निनो कारक जो सामान्य मानसून को प्रभावित और कृषि संबंधी उत्पादन को बाधित कर सकता है सहित कई अनिश्चितताएं हो सकती हैं तथा इसे विदेशों में भौगोलिक-राजनीतिक घटनाएं या आंतरिक अतिरिक्त आर्थिक कारक प्रभावित कर सकते हैं. कुछ देशों में जारी राजकोषीय समायोजन के अतिरिक्त कठिन वैश्विक वित्तीय और मौद्रिक स्थितियाँ भी समुत्थान को बाधित कर सकती हैं. इनसे अन्य बातों के साथ-साथ मौद्रिक स्थिति कठिन हो जाएगी जो निवेश कार्यकलापों की गति को प्रभावित करेगी और जिस पर अर्थव्यवस्था में सुधार काफी हद तक निर्भर करता है.

वैश्विक रूप से एकीकृत भारतीय अर्थव्यवस्था का स्वरूप, दूसरे शब्दों में कहा जाए तो 2014-15 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में उदीयमान प्रवृति के कारण अंशतः नियंत्रित होगा, लेकिन ढेर सारी देशी घटनाओं के परिणाम भी प्रतिबिंबित होंगे. कुल मिलाकर वर्ष 2014-15 के दौरान बृहद् बुनियादी स्थितियों में पुनः सुधार होने की उम्मीद है.

कई अंतर्निहित जोखिमों के चलते और वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए संरचनात्मक बाधाओं को दूर करने, कारोबार के प्रति विश्वास जगाने और निवेश समर्थन हेतु राजकोषीय संभावनाएँ निर्मित करने की दृष्टि से और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है. कुल मिलाकर 2014-15 के दौरान बृहद् बुनियादी स्थितियों में पुनः सुधार होने की उम्मीद है.

कारोबार समीक्षा

एक सजग व्यवसाय नीति के तौर पर और ज्यादा संतुलित व्यवसाय मिश्रण को सुगम बनाने के लिए आपके बैंक ने क्रमिक रूप से बड़े रिटेल व्यवसाय पोर्टफोलियो पर ध्यान केन्द्रित करना जारी रखा. यह व्यावसायिक रणनीति बैंक को सभी प्रकार की सेवाएँ उपलब्ध करनेवाले नई पीढ़ी के वाणिज्यिक बैंक के रूप में स्थापित करने

प्रबंध परिचर्चा एवं विश्लेषण

309
नई शाखाएं
2013-14 में खोली गईं

1,387
देशी शाखाएं मार्च 2014
अंत में

में अनुकूल साबित हुई है. रणनीतिक प्राथमिकता के रूप में प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र को दिए जाने वाले उधारों (पीएसएल) को तेजी से बढ़ाने के लिए अभियान के रूप में दृढ़ संकल्प के साथ ध्यान देते हुए इस क्षेत्र में पहल कार्य किए गए. मिशनरी भाव से पूरे भारत में अपनी भौगोलिक पहुँच बढ़ाने का हमारा अभियान जारी है क्योंकि सामान्य तौर पर व्यवसाय में वृद्धि करने और विशेष रूप से कम लागतवाली चालू खाता-बचत खाता जमाओं (कासा) के संग्रहण को बढ़ाने के लिए यह एक निर्णायक कारक है. इसे आपके बैंक की देशी भौतिक शाखाओं के नेटवर्क में हुई उल्लेखनीय वृद्धि में देखा जा सकता है जिसकी संख्या मार्च 2013 के अंत की 1079 से बढ़कर 2013-14 के अंत में 1387 तक जा पहुंची है अर्थात् इस दौरान 309 शाखाएँ बढ़ी हैं. इस नेटवर्क में महानगरीय क्षेत्र में स्थित 319 शाखाएँ, शहरी केन्द्रों में स्थित 426 शाखाएँ, अर्ध-शहरी केन्द्रों में स्थित 372 शाखाएँ और ग्रामीण केन्द्रों में स्थित 170 शाखाओं का समावेश है, जिसमें अब तक बैंकिंग सुविधारहित केन्द्रों में स्थित 124 शाखाएँ भी शामिल हैं. आपके बैंक के उत्पादों की पूरी श्रृंखला की आवधिक रूप से समीक्षा और वर्तमान उत्पादों में आशोधन/नवोन्मेष/अनुकूलीकरण का कार्य जारी रहा और साथ ही ग्राहकों के आनंद को बढ़ाने और व्यवसाय वृद्धि में तेजी लाने के लिए नियमित रूप से नए उत्पाद भी शुरू किए गए.

खुदरा देयता उत्पाद

खुदरा देयता उत्पाद खंड में आपके बैंक ने ग्राहकों की उभरती जरूरतों को पूरा करने तथा कम लागत वाली निधियों को बढ़ाने के उद्देश्य से सभी वर्तमान देयता उत्पाद समूहों जैसे बच्चों, महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपलब्ध उत्पादों की समीक्षा करते हुए इसमें निरंतर सुधार किया.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान देयता उत्पादों में कई महत्वपूर्ण पहल कार्य आरंभ किये गये. बचत खाता खोलने संबंधी औपचारिकताएं पूरी होते ही तत्काल खाता संख्या उपलब्ध कराने के लिए अगस्त 2013 से एक 'एक्सप्रेस अकाउंट ओपनिंग'सुविधा की शुरुआत की गई है. इस प्रक्रिया में ग्राहकों को पासबुक के साथ तत्काल खाता संख्या दी जाती है. अन्य सुपुर्दगी-योग्य उत्पाद जैसे डेबिट कार्ड और चेकबुक उसी दिन दिये जाते हैं. संशोधित सुविधा सुरक्षा रिकरिंग जमा (एसएसआरडी) को पुनःआरंभ किया गया जिसके अंतर्गत ग्राहक को वार्षिक आधार पर सामूहिक बीमा कवर उपलब्ध कराया जाएगा और इसे परिपक्वता अवधि तक नवीकृत किया जाएगा. ''अन्य बैंक'' एटीएम लेन देनों (वित्तीय/गैर वित्तीय) की गैर-प्रभारित सीमा को कुछ विशेष बैंक बचत श्रेणियों में प्रति माह 5 से बढ़ाकर 10 किया गया. इसी प्रकार चालू खाते वाले कुछ विशेष वर्ग के ग्राहकों के लिए बैंक द्वारा आरटीजीएस और एनईएफटी को निःशुल्क किया गया.

आरबीआई द्वारा निर्धारित वित्तीय समावेशन के लक्ष्यों को जारी रखते हुए आपके बैंक ने वर्ष के दौरान बीएसबीडीए के अंतर्गत ''छोटे खाते'' आरंभ किये जिसके अंतर्गत शून्य बैलेस के साथ और आगंतुक ग्राहकों द्वारा न्यूनतम केवाईसी दस्तावेजों के साथ खाता खोला जा सकता है. सभी मूल बचत बैंक खाता जमा (बीएसबीडी) खातों में ओवरड्राफ्ट सुविधा शुरू की गई. गैर-किसान और भूमिहीन कृषक (एनएफ़एलएल) के अंतर्गत मौजूदा ओवरड्राफ्ट सुविधा की उत्पाद विशेषताओं और उसके निबंधनों के अनुरूप बनाने के लिए समीक्षा की गई है.

आपके बैंक ने स्वतंत्रता दिवस पर अपनी रिटेल फिक्स्ड जमा राशियों को एक नई फिक्स्ड जमा राशि नाम दिया. बैंक की 50 वर्ष की यात्रा को यादगार बनाने के लिए आपके बैंक ने सीमित समय के लिए अधिमान्य दरों पर दो विशेष बकेट 500 दिन और 50 माह के विशेष 'गोल्डन जुबली फ्रीडम डिपॉजिट' पेश किये. यह जमा ग्राहकों को जमाराशि की अवधि के दौरान किसी भी समय बिना किसी समयपूर्व पेनल्टी के आहरण की स्वतंत्रता देता है. आपके बैंक ने गोल्डन जुबली फ्रीडम डिपॉजिट के अंतर्गत 31 दिसंबर 2013 को समाप्त ऑफर अवधि के दौरान 5821 करोड़ रुपये की राशि जुटाई है.

आपके बैंक ने परिपक्व मीयादी जमाराशियों /सावधि जमाराशियों के रोल ओवर के लिए ब्याज जमा प्रणाली को वार्षिक तिमाही से कैलंडर

तिमाही में संशोधित किया. इससे ग्राहकों को वर्ष के अंत में कर जमा कराने के लिए उपचित सटीक ब्याज भुगतान का पता चलता है और स्त्रोत पर कर कटौती से संबंधित समस्याएं भी कम होती हैं. आपके बैंक ने सभी ग्राहकों (नेट बैंकिंग व गैर नेट बैंकिंग ग्राहक) के लिए जमाराशियों हेतु टीडीएस प्रमाणपत्र के लिए ऑनलाइन डाऊनलोड सुविधा भी आरंभ की है.

एनआरआई सेवाएँ

आपका बैंक एनआरआई ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को खास महत्व देता है तथा इन समुदाय के हितों के अनुरूप उनकी सेवा के लिए तत्पर है. वर्तमान में आपका बैंक विदेश में रहने वाले भारतीयों के लिए सभी प्रकार के वित्तीय उत्पाद तथा सेवाएं प्रस्तुत करता है. तेज, किफ़ायती तथा सुविधाजनक निधि अंतरण के लिए बैंक ने एनआरआई को कई तरह के विकल्प उपलब्ध कराए हैं जिनसे उनकी निधि बिना किसी दिक्कत के भारत में पहुँच सके. अपने एनआरआई ग्राहकों को अपने से जोड़ने तथा उनसे रिश्तों को प्रगाढ़ बनाने के लिए आपके बैंक ने तिमाही एनआरआई न्यूज़ लेटर 'एनआरआई संपर्क' प्रारम्भ किया है. यह न्यूज़ लेटर आपके बैंक के एनआरआई ग्राहक से तिमाही स्तर पर संपर्क साधने तथा एनआरआई से संबंधित विषयों पर उनको समाचार, अपडेट और संगत जानकारी देता है.

संरचित रिटेल परिसंपत्ति कारोबार

आपका बैंक उभरते संरचित रिटेल परिसंपत्ति के क्षेत्र में एक प्रभावी, प्रतिस्पर्धी और सबसे पसंदीदा बैंक के रूप में उभरा है. रिटेल ग्राहकों की बढ़ती हुई जरूरतों को पूरा करने और संभावित रिटेल ग्राहकों के लिए बैंक ने प्रतिभूत और गैर-प्रतिभूत नवोन्मेषी योजनाओं की पूरी श्रृंखला प्रस्तुत की है. इसके अलावा, शाखा नेटवर्क के बढ़ने से मिलने वाले अवसरों का लाभ उठाने और ग्राहकों का दायरा बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने संरचित रिटेल परिसंपत्ति उत्पादों का सरलीकरण कर इन्हें बाज़ार में अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बनाया है.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इस क्षेत्र में कई नये पहल कार्य आरंभ किये गये. ग्राहक ऑनलाइन माध्यम से आवास ऋण, शिक्षा ऋण, ऑटो ऋण और वैयक्तिक ऋण के लिए आवेदन कर सकें और उसके आवेदन की खोज-खबर रखने के उद्देश्य से आपके बैंक की वेबसाइट पर सुविधा उपलब्ध कराई गई है. आपके बैंक की वेबसाइट पर ऑनलाइन ऋण पात्रता कैलकुलेटर भी उपलब्ध कराया गया है. आपके बैंक ने फ्लैगशिप आवास ऋण उत्पाद में ग्राहकोन्मुखी उपाय के रूप में आकर्षक प्राइसिंग और प्रोसेसिंग शुल्क को घटाने /छूट देने और बही खाते को बढ़ाने के अतिरिक्त प्रयास के रूप में ऐसे वर्तमान ग्राहकों को घटी हुई ब्याज दरों का लाभ पहुंचाने के लिए जिन्होंने बैंक के अस्थिर दर होम लोन और प्रॉपर्टी पर ऋण व इसके विभिन्न रूपों के तहत सुविधाएं ली हुई हैं, मामूली प्रभार के साथ मौजूदा ब्याज दरें देने का निर्णय लिया है. इस योजना से बैंक के मूल्यवान ग्राहकों को ईएमआई में कमी और/अथवा ऋण की अवधि का लाभ मिलेगा. साथ ही, बैंक ने पोर्टफोलियो आकार में वृद्धि के लिए आवास ऋण के लिए शेष राशि अंतरण अभियान के साथ - साथ एक सीमित अवधि वाली पुरस्कार उन्मुख रेफरल योजना प्रारम्भ की है. प्रोत्साहन पे आउट देने के साथ कॉरपोरेट को पसंदीदा ऑफर और विशेष बिल्डर टाइ-अप योजना के अलावा आवास ऋण के लिए सरोगेट बैलेंस ट्रांसफर उत्पाद स्व-नियोजित व्यावसायिक और गैर -व्यावसायिक व्यक्तियों के लिए भी प्रारम्भ किया गया है जहां ग्राहक के पुनर्भुगतान ट्रेक रेकॉर्ड के आधार पर ऋण खाते का अंतरण किया जाता है.

> आपके बैंक ने नई पीढ़ी के पूर्ण सेवा वाले वाणिज्यिक बैंक के रूप में स्वयं को स्थापित करने की अपनी रणनीति को ध्यान में रखते हुए एक अधिक संतुलित कारोबार संमिश्र को सुसाध्य बनाने के लिए उत्तरोत्तर बृहत् खुदरा कारोबार पोर्टफोलियो के लक्ष्य पर अपना ध्यान केंद्रित रखा है.

छोटे उद्यमियों को सहायता देने के लिए आपका बैंक संपत्ति पर ऋण (एलएपी), प्राप्य किराया राशियों पर ऋण (एलएआरआर) और कारोबार आधारित एलएपी (इसके विभिन्न रूपों को शामिल करते हुये) पर न्यूनतम ब्याज दर ऑफर करता है जो ऐसे व्यवसाय उद्यमों को चल निधि उपलब्ध कराता है.

आपके बैंक ने भारत सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं को लागू रखने के लिए समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईडबल्यूएस) तथा निम्न आय समूह (एलआईजी) को वित्तीय

प्रबंध परिचर्चा एवं विश्लेषण

599
नए एटीएम
2013-14 में लगाए गए

2,301
एटीएम
मार्च 2014 अंत में

सहायता देने के पहल-कार्य में सहयोग देने के आशय से अपने रिटेल ग्राहकों के लिए अन्य के साथ-साथ सरकार द्वारा प्रायोजित कई योजनाओं यथा; राजीव ऋण योजना (आरआरवाई), इन्दिरा आवास योजना (आईएवाई), राजीव गांधी ग्रामीण निवास योजना (आरजीजीएनवाई) को चलाया हुआ है. आबादी के ईडबल्यूएस और एलआईजी वर्गों को वित्तीय सहायता देने हेतु आपके बैंक ने नेशनल हाउसिंग बैंक (एनएचबी) के साथ एक करार किया है और साथ ही क्रेडिट रिस्क गारंटी फंड (सीआरजीएफ़) ट्रस्ट की सदस्यता भी ली है. सामाजिक रूप से सार्थक शिक्षा ऋण खंड में उत्प्रेरित उधार देने के क्रम में, बैंक ने इस खंड के विभिन्न घटकों के लिए आकर्षक और आवश्यकतानुरूप अन्य प्रबंधन कोटा विद्यार्थियों के लिए योजना, प्रीमियर शिक्षा संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए योजना, व्यावसायिक शिक्षा के लिए योजना और शिक्षा ऋण के लिए टेक-ओवर/शेष राशि अंतरण योजना को शामिल करते हुये कई योजनाओं को पेश किया है. आगामी दाखिला सत्र में मौजूद अवसरों का लाभ उठाने के लिए बैंक ने शिक्षा उत्पाद की डिजिटल मार्केटिंग भी आरंभ की है. आपके बैंक ने अपनी शैक्षणिक आशाओं को पूरा करने के लिए शारीरिक रूप से विकलांग युवा और मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता लेने में आ रही कठिनाइयों के प्रति संवेदनशीलता बरतते हुए पूर्वोपाय किए हैं. इनमें राष्ट्रीय विकलांग वित्त और विकास निगम (एनएचएफ़डीसी), फ़रीदाबाद के साथ 40% व अधिक विकलांगता स्तर के विद्यार्थियों के लिए कुछ शर्तों एवं निबंधनों पर घटी हुई ब्याज दर पर छात्रों को शैक्षणिक ऋण देने में साझेदारी करना शामिल है.

ऑटो ऋण के क्षेत्र में जहां आपका बैंक अपनी मौजूदगी अधिक अर्थपूर्ण तरीके से दर्ज करने का प्रयास कर रहा है, उसमें कई आकर्षक योजनाएं जैसे साधारण दस्तावेज़ों और तेज़ी से ऋण प्रक्रिया सहित स्पीड ऑटो ऋण, बैंक के मौजूदा उधारकर्ताओं के लिए ऑटो ऋण कॉम्बो ऑफर और चुने हुए कार ब्रांडों के लिए विशेष ऑटो ऋण जैसी योजनाएं आरंभ की गई. बैंक ने भारत भर में मुख्य वाहन निर्माताओं के साथ टाई-अप भी किया है. इन उपायों के कारण वर्ष के दौरान ऑटो ऋण क्षेत्र में 3.5 गुना की बढ़ोतरी हुई और 2014-15 में भी ऑटो ऋण में आई इस तेजी को बनाये रखने के लिए सभी प्रयास किये जा रहे हैं.

बैंक ने बाजार में अपने वैयक्तिक ऋण उत्पादों की स्वीकार्यता के लिए विभिन्न पहल कार्य किये हैं. पीएल उत्पादों के लिए ऋण पात्रता कैलक्युलेटर और ट्रैकिंग प्रणाली के साथ ऑनलाइन ऋण आवेदन आरंभ किया. वर्ष के दौरान अपने सभी ग्राहकों के लिए लगातार ईमेल पर अभियान चलाये गये.

वैकल्पिक चैनल तथा कार्ड्स

आपका बैंक अन्य बातों के साथ-साथ वैकल्पिक बैंकिंग चैनल जैसे कि एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग को भी लगातार मजबूत कर रहा है जिससे कि ग्राहकों की शाखा पर निर्भरता को कम किया जा सके तथा साथ ही उन्हें 24x7 सुविधाएं दी जा सके. बैंक के नजरिए से देखा जाए तो शाखा चैनल के मुकाबले लेन-देन लागत कम होने से यह एक किफ़ायती विकल्प है. 31 मार्च 2014 को आपके बैंक के एटीएम की कुल संख्या 2301 थी जिसमें पिछले वर्ष के स्तर के मुकाबले 599 की वृद्धि हुई. वैकल्पिक चैनल तथा व्यापारिक अधिग्रहण कारोबार बैंक की शुल्क आधारित आय को बढ़ाने में मदद करते हैं और साथ ही यह नए संबंध बनाने / वर्तमान संबंध प्रगाढ़ करने में भी सहायक हैं.

आपके बैंक ने अपनी इंटरनेट बैंकिंग सेवाएँ अक्तूबर 2001 में शुरू की थीं. तब से इस चैनल के दायरे को लगातार बढ़ाते हुए इसमें विविध लेन-देन शामिल किए गए हैं जैसे खाते संबंधी पूछताछ, एफडी तथा आरडी खोलना, खाता विवरण, फंड ट्रांसफर, ऑनलाइन टैक्स जमा करना, ऑनलाइन शॉपिंग / बिल भुगतान, कार्ड से कार्ड राशि का अंतरण, मोबाइल रीचार्ज, हवाई/रेल टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग, ऑनलाइन आईपीओ एएसबीए(असबा), प्रतिभूतियों का ऑनलाइन कारोबार और डीमैट/ सरकारी बॉन्ड के परिचालन.

वर्ष 2013-14 के दौरान आपके बैंक ने ईएमवी चिप आधारित डेबिट कार्ड जारी करने का कार्य सफलतापूर्वक किया तथा आरबीआई के अधिदेश के अनुपालन में बिक्री बिंदु (पीओएस) पर पिन

को कार्यान्वित किया. इस वर्ष के दौरान आपके बैंक ने कॉरपोरेट प्रयोग के लिए वर्तमान गिफ्ट कार्ड की सुविधा व्यक्तिगत तौर पर 'थर्ड लाइन एम्बोसिंग' के आधार पर आरंभ की है. इस सुविधा के अंतर्गत कंपनियों के नाम गिफ्ट कार्ड पर थर्ड लाइन एम्बोसिंग के रूप में मुद्रित किए जाएंगे जिससे वैयक्तिक कार्ड प्रिंटिंग की सुविधा उपलब्ध होगी.

आपके बैंक ने त्योहारों के मौसम में अपने शाखा नेटवर्क का सफलतापूर्वक प्रयोग करते हुए प्री-पेड कार्ड उत्पादों की अधिकतम बिक्री की. बैंक के वर्ल्ड करेंसी कार्ड (डबल्यूसीसी) उत्पाद में कई आकर्षक विशेषताएँ जोड़ी गईं ताकि इसे अभिदाता के आधार को बढ़ाने के लिए और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके. विभिन्न विदेशी मुद्रा घटकों के लिए भारतीय रुपये में कार्ड शुल्क लगाया जाएगा; न्यूनतम प्रारम्भिक राशि को 500 अमरीकी डॉलर की वर्तमान सीमा से तर्कसंगत बनाकर 200 अमरीकी डॉलर किया गया और यह एनआरआई और पीओआई ग्राहकों को जारी किया जा सकता है. आपके बैंक ने पीओएस लोकेशनों पर ख़रीदारी के लिए आईडीबीआई डेबिट कार्ड के उपयोग करने की आदत को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय किए. इसके लिए आपके बैंक ने 1 जनवरी 2014 से 31 मार्च 2014 की अवधि के दौरान जारी किए गए नए डेबिट कार्डों के लिए कैश-बैक ऑफर आरंभ किया. आपके बैंक ने ई-कॉमर्स लेनदेनों को अधिक सुरक्षित बनाने के एक अतिरिक्त उपाय के रूप में एकबारीय पासवर्ड (ओटीपी) द्वारा प्रमाणीकरण करना आरंभ किया जिसे बैंक के पास पंजीकृत कार्डधारक के मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा. इसके परिणामस्वरूप, कार्डधारक के कार्ड के विवरण और एटीएम पिन को हासिल कर लेने पर भी धोखाकर्ता ई-कॉमर्स पंजीकरण/ पासवर्ड बदलने का कार्य पंजीकृत मोबाइल नंबर पर मिले ओटीपी पासवर्ड को डाले बिना नहीं कर पाएगा.

ग्राहकों को साइबर धोखाधड़ियों के प्रति जागरूक बनाने तथा इन्हें रोकने के लिए, ग्राहकों को समय-समय पर बैंक के सुरक्षा उपायों की जानकारी ई-मेल, एसएमएस और विवरणियों के माध्यम से दी जा रही है. लॉगिन से पहले सुरक्षित इंटरनेट बैंकिंग के लिए सावधानी बरतने संबंधी पृष्ठ भी प्रदर्शित किया जाता है. आपके बैंक की वेबसाइट पर नेट बैंकिंग का उपयोग करने हेतु सुरक्षा उपायों (क्या करें और क्या ना करें) को भी प्रदर्शित किया गया है. सभी चैनल लेनदेनों के लिए एसएमएस एलर्ट भेजे जाते हैं ताकि ग्राहकों को इनकी जानकारी रहे तथा संभावित दुरुपयोग को रोका जा सके.

ग्राहकों को साइबर धोखाधड़ियों के प्रति जागरूक बनाने तथा इन्हें रोकने के लिए, ग्राहकों को समय-समय पर बैंक के सुरक्षा उपायों की जानकारी ई-मेल, एसएमएस और विवरणियों के माध्यम से दी जा रही है.

टीपीडी तथा पूंजी बाजार उत्पाद

आपका बैंक अपने ग्राहकों के वित्तीय लक्ष्यों तथा जोखिम रूपरेखा को ध्यान में रखते हुए उन्हें मूल्यवर्धित सेवाएं पहुँचाने का लगातार प्रयास कर रहा है. ग्राहकों को उनके निवेश की जरूरत के अनुसार विविध वित्तीय उत्पादों का एक बढ़िया समूह पेश करने के लिए आपके बैंक ने आईडीबीआई म्यूचुअल फंड सहित 35 से अधिक आस्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) के साथ गठजोड़ किया किया है. आपका बैंक नियत आय प्रतिभूतियों जैसे कि कैपिटल गेन बॉन्ड, भारत सरकार के बॉन्ड, विविध कर मुक्त तथा कर बचत बॉन्ड आदि का वितरक भी है. आपका बैंक पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) में नई पेंशन योजना (एनपीएस) में उपस्थिति बिंदु (पीओपी) के रूप में पंजीकृत है. आपका बैंक 'कॉरपोरेट के लिए एनपीएस मॉड्यूल' जारी करने के लिए पूरी तैयारी की स्थिति में है जिसे कुछ समय पहले ही पीएफआरडीए ने अपने कॉरपोरेट ग्राहकों के लिए जारी किया है जिससे कि वे अपने कर्मचारियों को पेंशन की सुविधा दे सकें. आपके बैंक ने अपने शाखा नेटवर्क के जरिये आरबीआई द्वारा जारी किए गए इनफ्लेशन इंडेक्सेड नेशनल सेविंग सेक्युरिटीज- क्यूमुलेटिव (आईआईएनएसएस-सी) के वितरण में सक्रिय भूमिका निभाई है.

ग्राहकों की निवेश तथा सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए आपके बैंक ने आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के जरिये विविध ग्राहक वर्गों को जीवन बीमा की सुविधा उपलब्ध कराई है. आपका बैंक बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस कं. लि. का एक कॉरपोरेट एजेंट

प्रबंध परिचर्चा एवं विश्लेषण

8.79 लाख
बीएसबीडी खाते 31 मार्च 2014 को

32 लाख
मार्च 2014 अंत तक आधार के अंतर्गत नामांकन

है जो कि 'गैर-जीवन' बीमा उत्पादों के साथ परिसंपत्ति, स्वास्थ्य तथा व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा की पेशकश भी करता है.

वित्तीय समावेशन

भारत सरकार ने भारतीय रिज़र्व बैंक के सहयोग से वित्तीय समावेशन को तेज करते हुए भारत में समावेशी विकास के मिशन को ज़ोरशोर से प्रारंभ किया है. इसे सुनिश्चित किया जाता है कि समाज के कमजोर और कम आय वाले समूहों जैसे अति संवेदनशील समूहों की जरूरत के अनुसार उन्हें किफ़ायती लागत और उचित तथा पारदर्शी तरीके से उपयुक्त वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्राप्त हो सकें. आपका बैंक इस महत्त्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक उद्देश्य हेतु राष्ट्र की इस पहल को पूरे उत्साह से समर्थन देता है.

वित्तीय समावेशन योजना (एफ़आईपी) 2013-16

पूर्ववर्ती त्रिवर्षीय वित्तीय समावेशी योजना (एफ़आईपी) 2010-13 की समाप्ति पर रिज़र्व बैंक ने बैंकों को निर्देश दिया है कि 2013-16 की तीन वर्षीय अवधि के लिए एक नई वित्तीय समावेशी योजना तैयार की जाए ताकि समाज के वंचित वर्ग तक बैंकिंग सुविधाओं की पहुँच सुनिश्चित करने की प्रक्रिया को जारी रखा जा सके. बैंक के बोर्ड ने बैंकरहित और कम बैंकिंग वाले क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए एक तीन वर्षीय कार्य योजना (2013-16) अनुमोदित की है जिसमें राज्य स्तरीय बैंकर समिति (एसएलबीसी) द्वारा आपके बैंक को कारोबार के अवसरों को ध्यान में रखते हुए आबंटित गाँवों के आधार पर 2000 से अधिक की आबादी के गाँवों में 340 बैंकिंग आउटलेट और 2000 से कम की आबादी वाले गांवों में 1,500 बैंकिंग आउटलेट बनाने की परिकल्पना की गई है. एफआईपी 2013-16 के दौरान मार्च 2016 की समाप्ति तक 382 ग्रामीण शाखाएं खोलने की परिकल्पना की गई है जिनमें से 262 बैंकरहित ग्रामीण केंद्रों में होंगी तथा 767 कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) के जरिए सुविधाएं प्रदान की जाएंगी.

चालू वर्ष के दौरान आपके बैंक ने 183 बीसी नेटवर्क, 164 सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) और 62 वास्तविक शाखाओं द्वारा 785 गांवों को अपने कार्यक्षेत्र में शामिल किया है. वर्ष के दौरान बैंकरहित ग्रामीण केंद्रों में खोली गई 103 शाखाओं में से 47 शाखाएँ एसएलबीसी द्वारा वित्तीय समावेशन (एफ़आई) के लिए आपके बैंक को आबंटित गांवों में स्थित हैं.

इसके अतिरिक्त शहरी वित्तीय समावेशन के अधीन बैंक की पहुँच बढ़ाने के उद्देश्य से आपके बैंक ने चंद्रपुर, महाराष्ट्र के चार और शहरी बैंकरहित स्थानों के निवासियों के लिए आधारभूत बैंकिंग सुविधाएं शुरूकर उन्हें औपचारिक बैंकिंग के दायरे में लाने का कार्य भी किया है.

आपके बैंक की वित्तीय समावेशन योजना कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) के जरिए सूचना व संप्रेषण प्रौद्योगिकी (आईसीटी) आधारित स्मार्ट कार्ड के उपयोग से, सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी), वेब आधारित किओस्क बैंकिंग सोल्यूशन और शाखाओं के जरिये लागू की गई है.

वित्तीय समावेशन के तहत प्रस्तुत उत्पाद

वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के तहत 31 मार्च 2014 के अंत तक आपके बैंक ने 8.79 लाख साधारण बचत बैंक जमा खाते (बीएसबीडीए) खोले जिनमें से 1.78 लाख खाते कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) मॉडल के तहत शामिल हैं. आपके बैंक ने रियायती शर्तों पर कई अन्य उत्पाद जैसेः शिक्षा ऋण, सावधि जमा, आवर्ती जमा, अति लघु बीमा उत्पाद जिसे 'ग्रामीण सुरक्षा' के नाम से जाना जाता है तथा ग्राहकों की सुविधा के अंतर्निहित ओवरड्राफ्ट सुविधा आदि भी ऑफर किए.

वित्तीय साक्षरता

वित्तीय साक्षरता को वित्तीय समावेशन के उद्देश्यों को पूरा करने की कुंजी माना जाता है तथा यह नीति निर्माताओं के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभरी है. इसके महत्व को समझते हुए आपके बैंक ने ग्रामीण शाखाओं के आसपास आईडीबीआई वित्तीय साक्षरता जानकारी केंद्रों (आईवीएसजेके) की स्थापना की है. इन केन्द्रों ने साक्षरता कैंपों के माध्यम से मुद्रा प्रबंधन, बचत का महत्व, बैंकों में बचत करने के लाभ, बैंकों

द्वारा प्रदत्त अन्य सुविधाएं तथा बैंक से उधार लेने के फायदे जैसे अनेक विषयों पर आने वाले ग्राहकों सहित समुदाय के अन्य लोगों के बीच जागरूकता फैलाई. वर्ष के दौरान आपके बैंक की ग्रामीण शाखाओं ने शाखा से बाहर ऐसे 500 से अधिक साक्षरता कैंप आयोजित किए तथा इस प्रक्रिया में 11,000 से अधिक ग्रामवासियों को शिक्षित किया गया.

शाखाओं द्वारा ग्रामीण स्थलों पर आयोजित वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों में स्कूलों में छात्रों के लिए आयोजित कार्यक्रम तथा शाखा में चल रहे विभिन्न बैंकिंग क्रियाकलापों को देखने के लिए जनजाति समूह के सदस्यों के लिए आयोजित साक्षरता कार्यक्रम शामिल थे. कुछ वित्तीय साक्षरता कैंपों में बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे. इन ग्रामीण लांच कार्यक्रमों से पहले जागरूकता अभियान चलाए गए जिसमें ग्राम के विभिन्न स्थानों पर पोस्टर/बैनर लगाए गए थे. इसके अलावा, बैंक के कर्मचारी नियमित रूप से प्रमुख ग्रामवासियों से मिलकर उन्हें अन्य बातों के साथ-साथ बैंक की वित्तीय समावेशन के पहल के विषय में जागरूक बनाते हैं. इसके अतिरिक्त, ग्राम के युवकों को रोजगार आधारित फील्ड प्रशिक्षण देने के लिए आपके बैंक ने सातारा, महाराष्ट्र में ग्रामीण स्व-नियोजन प्रशिक्षण केंद्र (आर-एसईटीआई) स्थापित किया है. वर्ष के दौरान 23 कार्यक्रम संचालित किए गए तथा 507 उद्यमियों को प्रशिक्षित किया गया.

शहरी वित्तीय समावेशन तथा मनरेगा (एमएनआरईजीए) मजदूरी का वितरण

शहरी वित्तीय समावेशन की पहुँच को बढ़ाने तथा सुविधाओं के इलेक्ट्रॉनिक अंतरण के सरकारी उद्देश्य में तेजी लाने के लिए आपके बैंक ने रायपुर नगर निगम से प्राप्त अधिदेश के अनुसार स्मार्ट कार्ड के माध्यम से रायपुर, छत्तीसगढ़ में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के वितरण को 22,000 उम्रदराज पेंशनभोगियों के बीच जारी रखा. आपके बैंक ने छत्तीसगढ़ के तीन जिलों में मनरेगा मजदूरी के वितरण को भी जारी रखा है. इस पहल से लगभग 192 ग्राम पंचायतों में लगभग एक लाख लोगों को लाभ पहुंचा है. 31 मार्च 2014 तक की स्थिति के अनुसार आपके बैंक द्वारा लाभार्थियों के 60,796 खाते खोले गए हैं.

आधार नामांकन

आपका बैंक आधार नामांकन करने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के साथ पंजीकृत है. अब तक आपके बैंक ने 10 राज्यों में डीबीटी जिलों के 16.8 लाख नामांकन समेत 32 लाख निवासियों का नामांकन किया है. आपके बैंक ने 2014-15 में आधार नामांकन के लिए चार और राज्यों को शामिल करने का निर्णय लिया है.

शाखाओं द्वारा ग्रामीण स्थलों पर आयोजित वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों में स्कूलों में छात्रों के लिए आयोजित कार्यक्रम तथा शाखा में चल रहे विभिन्न बैंकिंग क्रियाकलापों को देखने के लिए जनजाति समूह के सदस्यों के लिए आयोजित साक्षरता कार्यक्रम शामिल थे.

प्रत्यक्ष लाभ अंतरण/ एलपीजी योजना के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण

आपके बैंक ने भारत सरकार द्वारा 121 जिलों में शुरू की गई प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना (डीबीटी) में सक्रिय रूप से भाग लिया. इस योजना का उद्देश्य विभिन्न प्रकार के लाभ/सब्सिडी जैसे स्कूली छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, जननी सुरक्षा योजना, बालिकाओं के लिए छात्रवृत्ति, इंदिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना आदि को आधार नंबर से जुड़े लाभार्थी के बैंक खाते में अंतरण करना है. इस योजना के तहत बैंकों को हिताधिकारियों का खाता खोलकर उनकी खाता संख्या को आधार संख्या से जोड़कर हिताधिकारियों को पर्याप्त संख्या में पहुंच बिंदु (शाखा/एटीएम) उपलब्ध कराना है जिससे हिताधिकारी नकदी का आहरण कर सकें.

आपका बैंक 24 राज्यों में इन 121 जिलों में से 97 जिलों में अपनी 328 रिटेल शाखाओं के जरिए उपस्थित है. आपके बैंक ने ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इन शाखाओं में ऑन-साइट एटीएम लगाये हैं.

प्रबंध परिचर्चा एवं विश्लेषण

14,115
खाते डीबीटी/डीबीटीएल योजना के अंतर्गत खोले गए.

₹38 करोड़
डीबीटी/डीबीटीएल सब्सिडी इन खातों के माध्यम से प्रदान की गई.

इन जिलों में आपके बैंक को 325 गांव आबंटित किए गए हैं जिनमें बैंकिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर अर्थात् शाखा/एटीएम/बीसी की सुविधाएं उपलब्ध हैं.

सरकार ने 1 जून 2013 से 1 जनवरी 2014 तक विभिन्न चरणों में 291 जिलों में एलपीजी ग्राहकों के लिए डीबीटी योजना की शुरुआत की है जिसे डीबीटीएल के नाम से जाना जाता है. 291 जिलों में से आपका बैंक 248 जिलों (20 राज्यों में) में अपनी ऑन-साइट एटीएम वाली 839 रिटेल शाखाओं के साथ उपस्थित है.

डीबीटी/डीबीटीएल के तहत उन सभी हिताधिकारियों के खाते खोले गए हैं जिनकी जानकारी अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम)/सरकारी प्राधिकारियों से मिली है. जिला प्राधिकारियों/एलडीएम द्वारा दिए गए आधार नंबर के साथ हिताधिकारियों की सूची के संदर्भ में आधार नंबर से जोड़ने का शत-प्रतिशत कार्य हो गया है. इसके अलावा, आधार नंबर के साथ सभी खातों को एनपीसीआई मैपर पर मैप किया गया है. आपका बैंक यह सुनिश्चित करता है कि एनपीसीआई मैपर पर आधार नंबरों की जानकारी रोजाना अपलोड की जाए. 31 मार्च 2014 की स्थिति के अनुसार 5.2 लाख आधार नंबर अपलोड हो चुके हैं. सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार शाखाएँ सेवा क्षेत्र के हिताधिकारियों की सूची प्राप्त करने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कि ऐसे लाभार्थी जिनके खाते नहीं हैं, उनके खाते खोले जाएँ; लीड बैंक के लीड जिला प्रबन्धक (एलडीएम) के साथ लगातार संपर्क में रहती हैं. किसी भी योजना के तहत खोले गए सभी योग्य खाताधारकों को एटीएम डेबिट कार्ड दिया जाता है. इसके अलावा कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) मॉडल के ग्राहकों को अधिप्रमाणन तथा पीओएस मशीन से लेनदेन के लिए स्मार्ट कार्ड जारी किया जाता है.

आपके बैंक ने जिला प्राधिकारियों द्वारा सूचित किए गए सभी हिताधिकारियों के आधार नंबर सृजित करने के लिए कैंप आधारित दृष्टिकोण अपनाया है. आपके बैंक ने आम जनता को डीबीटी/डीबीटीएल के महत्व के विषय में जागरूक करने तथा बैंक खातों को आधार नंबर से जोड़ने के उद्देश्य से कई कदम उठाए हैं. इसमें शाखा परिसर तथा ऑफ-साइट एटीएम पर बैनर लगाना शामिल है. डीबीटी/डीटीबीएल के अंतर्गत हिताधिकारियों को खाता खोलने तथा खाते को आधार नंबर से जोड़ने में विशेष प्राथमिकता दी जाती है. शाखाओं ने व्यक्तिगत संपर्क/पत्रों के माध्यम से हिताधिकारियों से सीधे संपर्क किया है. ग्राहकों को अपने खाते के साथ आधार नंबर जोड़ने के लिए एसएमएस तथा ई-मेल भेजे गए हैं. बैंक अकाउंट स्टेटमेंट में भी ग्राहकों से उनके खाते को आधार नंबर से जोड़ने का अनुरोध रहता है. आपके बैंक की वेबसाइट पर भी खाते को आधार नंबर से जोड़े जाने का बैनर प्रदर्शित किया गया है. आधार नंबर जोड़ने के लिए शाखाओं में प्राप्त लिखित अनुरोधों को स्वीकार करने के साथ-साथ आधार नंबर जोड़ने के अनुरोधों को प्राप्त करने हेतु अन्य वैकल्पिक चैनलों अर्थात् एसएमएस, एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग का भी उपयोग किया जा रहा है.

31 मार्च 2014 तक आपके बैंक ने एलडीएम द्वारा सूचित डीबीटी/डीबीटीएल के तहत 14,115 हिताधिकारियों के खाते खोले हैं. 13,458 हिताधिकारियों के आधार नंबर उनके खाते से जोड़े जा चुके हैं. आपके बैंक के ग्राहकों के खाते के माध्यम से एलपीजी सब्सिडी सहित कुल ₹ 38 करोड़ की सब्सिडी प्रदान की गई.

वित्तीय समावेशन के तहत प्रौद्योगिकीय पहल कार्य

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने वित्तीय समावेशन को लागू करने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रौद्योगिकीय कदम उठाए हैं. इनमें निम्न शामिल हैं:

(i) वित्तीय समावेशन गेटवे (एफ़आईजी) तथा केन्द्रीय अधिप्रमाणन सर्वर (सीएएस)की स्थापना, जो आपके बैंक में अंतर-परिचालन की सुविधा प्रदान करता है.

(ii) आधार भुगतान ब्रिज सिस्टम (एपीबीएस) तथा राष्ट्रीय स्वचालित क्लियरिंग हाउस (एनएसीएच) का एकीकरण, जो आधार पर आधारित तथा आधार से इतर लेनदेन की प्रोसेसिंग को सक्षम बनाता है. इसके अलावा एनपीसीआई तथा स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग

(एसटीपी) के साथ होस्ट टू होस्ट संपर्क ने पूरी भुगतान प्रक्रिया को स्वचालित बना दिया है.

(iii) भुगतान सिस्टमों जैसेः आरटीजीएस, एनईएफटी तथा निधि अंतरण का सेंट्रल प्लान एंड मॉनिटरिंग सिस्टम(सीपीएसएमएस) के साथ एकीकरण करना जो सरकारी व्ययों से संबंधित विभिन्न प्रकार के एमआईएस के निर्माण की सुविधा प्रदान करेगा तथा एक सुरक्षित नेटवर्क पर भुगतान फाइलों के निर्बाध प्रेषण को सक्षम बनाएगा.

(iv) आधार समर्थित भुगतान प्रणाली (एईपीएस-ऑन-यूएस) की शुरुआत, जो आपके बैंक के ग्राहकों को यूआईडीएआई की आधार अधिप्रमाणन सेवाओं का इस्तेमाल करते हुए भुगतान करने की सुविधा प्रदान करती है.

(v) विभिन्न चैनल जैसे- शाखा, एसएमएस, एटीएम तथा इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से प्राप्त खातों को आधार संख्या से जोड़े जाने के अनुरोधों का सत्यापन करने के लिए रिमोट आधार सीडिंग फ्रेमवर्क (आरएएसएफ़)तथा वरहोफ एल्गोरिथ्म की शुरुआत करना. यह बैंक को ग्राहकों के बैंक खातों को आधार संख्या से जोड़ने के लिए ग्राहक की पहचान तथा आधार नंबर की सत्यता पुष्ट करने के लिए सक्षम बनाती है.

आपके बैंक ने जनवरी 2014 में कियोस्क बैंकिंग सोल्यूशन की शुरुआत की है जो बैंकिंग सेवाओं के ऑनलाइन वेब इनेबल्ड बायोमेट्रिक अधिप्रमाणन की सुविधा प्रदान करता है. यह आपके बैंक की ग्रामीण जनता को अधिक प्रभावशाली रूप से मुख्य बैंकिंग धारा में लाने में मदद करेगा. वर्तमान में, आपके बैंक ने सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी)/ ग्रामीण स्तर के उद्यमियों (वीएलई) को कारोबार प्रतिनिधि एजेंट (बीसीए) के रूप में नियुक्त किया है जिनकी निगरानी सीएससी ई- गवर्नेंस सर्विसेस इंडिया लिमिटेड करती है, जो कि इसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए बनी (एसपीवी) है. इसकी स्थापना भारत सरकार के विद्युत तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने की है.

प्राथमिकता-प्राप्त समूह

आपका बैंक एक सजग कारोबारी रणनीति और समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी किए गए नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्रों को ऋण देने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है. आपके बैंक के प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र (पीएसएल) कारोबार में कृषि, सूक्ष्म और लघु उद्यम (एमएसई), आवास तथा स्व-नियोजित व्यावसायिक और शिक्षा आते हैं. प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र कारोबार के प्रमुख खंड कृषि तथा एमएसई पर ध्यान देने के लिए पूर्व के कृषि तथा एमएसई वर्टिकल का पुनर्नियोजन कर अलग से एक कारोबार वर्टिकल प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र समूह गठित किया गया.

आपके बैंक में पीएसएल प्रस्तावों की शीघ्र प्रोसेसिंग के लिए छह समर्पित प्रोसेसिंग केंद्र तथा 44 अलग शाखाएँ हैं जिनमें प्रशिक्षित स्टाफ हैं. इसके अतिरिक्त, आपके बैंक की देश भर में सभी रिटेल शाखाएँ एमएसएमई तथा कृषि-ग्राहकों को सेवा प्रदान करने में सक्षम हैं.

आपके बैंक में पीएसएल प्रस्तावों की शीघ्र प्रोसेसिंग के लिए छह समर्पित प्रोसेसिंग केंद्र तथा 44 अलग शाखाएँ हैं जिनमें प्रशिक्षित स्टाफ है. इसके अतिरिक्त, आपके बैंक की देश भर में सभी रिटेल शाखाएँ एमएसएमई तथा कृषि-ग्राहकों को सेवा प्रदान करने में सक्षम हैं.

आपका बैंक देश के आर्थिक विकास में कृषि तथा एमएसएमई क्षेत्र के अति निर्णायक महत्व को समझता है. इस दिशा में आपके बैंक ने एक समर्थक की भूमिका निभाते हुए विभिन्न कृषि तथा एमएसई समूहों में कृषि तथा एमएसएमई घटकों में उनके लिए उपलब्ध विभिन्न प्रकार की सेवाओं तथा सुविधाओं के विषय में उन्हें शिक्षित तथा जागरूक करने के लिए कार्यशालाएँ आयोजित कीं. साथ ही, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने इस क्षेत्र की विभिन्न सम्मेलनों, व्यापार मेलों तथा विकासकारी गतिविधियों में भाग लिया.

प्रबंध परिचर्चा एवं विश्लेषण

23
प्रशिक्षण कार्यक्रम आईडीबीआई-आरएसईटीआई द्वारा

62
सूक्ष्म वित्त संस्थाओं को मीयादी ऋण सुविधायें उपलब्ध कराई

कृषि ऋण में सीधे कृषकों अथवा कृषकों के समूह को, कॉरपोरेट अथवा कृषि उत्पाद की प्रोसेसिंग में लगे कोऑपरेटिव तथा कृषि क्षेत्र को समर्थन देने वाली संस्थाओं को ऋण देना शामिल है. देश भर में कृषि कारोबार के लिए आपके बैंक के पास अधिकारियों की एक समर्पित टीम है जो कृषि करने वाले समुदाय को कृषि उत्पादकता तथा हमारी ग्रामीण जनता के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए ज्ञान आधारित क्रेडिट देती है.

आपका बैंक किसानों तक सीधे पहुँचने के अलावा, अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचने और विशाखित पोर्टफोलियो को बनाने के उद्देश्य से कृषि कारोबार में लगे कॉरपोरेट तथा सहकारी समितियों के साथ गठबंधनों के माध्यम से कृषि ऋण पर ध्यान दे रहा है.

आपके बैंक ने खरीफ तथा रबी के मौसम में कृषि कारोबार को बढ़ावा देने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) अभियान चलाया. ऐसी पहलों से आपके बैंक को आनेवाले वर्षों में अपना खुदरा ग्राहक आधार और कारोबार बढ़ाने में सहायता मिल सकेगी.

देश के सुदूरतम भाग तक पहुँचने के लिए आपके बैंक ने देश भर में 15 कारोबार प्रतिनिधि/कारोबार सुविधाकर्ता (बीसीबीएफ) नियुक्त किए हैं. आपके बैंक ने पीएसएल कारोबार को बढ़ाने के उद्देश्य से सभी ग्रामीण तथा अर्ध-शहरी शाखाओं में व्यक्तिगत कारोबार प्रतिनिधियों को नियुक्त करना भी शुरू किया है.

सभी मौजूदा केसीसी के एटीएम समर्थित डेबिट कार्ड में परिवर्तन संबंधी वित्त मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ने रूपे प्लेटफार्म पर केसीसी एटीएम सह डेबिट कार्ड की शुरुआत की जो सभी मौजूदा केसीसी धारकों को जारी किया गया है/भविष्य में पात्र होने वाले नए केसीसी धारकों को जारी किया जाएगा.

आपके बैंक ने अपनी ग्रामीण शाखाओं के अंतर्गत आने वाले गांवों में कृषक क्लब के गठन को प्रोत्साहित करना जारी रखा है. बैंक कृषक क्लब के सदस्यों को बुनियादी स्तर के वास्तविक कृषिवर्धक कर्मी मानता है तथा ऐसे सभी कार्यों में उन्हें सहयोग देता है जिनमें सह-कृषकों के साथ उनकी जानकारी बांटी जाती हो. कृषकों तथा अन्य कृषि मध्यवर्तियों के साथ बैंक का संबंध देश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए गए विविध एग्री एक्स्पो, किसान मेला तथा लोन मेला के माध्यम से बढ़ा है.

आपके बैंक ने महाराष्ट्र के सातारा जिले में आईडीबीआई ग्रामीण स्व-नियोजन प्रशिक्षण केंद्र (आईडीबीआई-आरएसईटीआई) की स्थापना की है. यह केंद्र जिले में ग्रामीण बेरोजगार युवकों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण देता है. वर्तमान वर्ष के दौरान आईडीबीआई-आरएसईटीआई ने 23 प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जिनमें 507 उम्मीदवारों ने भाग लिया. केंद्र से प्रशिक्षित लोगों में से बड़ी संख्या में सहभागियों ने अपने खुद के उद्यम शुरू किए हैं तथा उन्हें सफलता पूर्वक चला रहे हैं. आपका बैंक ऐसे युवाओं को भी ऋण की सुविधा प्रदान करता है.

देश के आर्थिक विकास में एमएसई क्षेत्र के महत्व को समझते हुए एमएसई को आपके बैंक की कारोबार रणनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका दी गयी है तथा आपके बैंक ने इस क्षेत्र में कारोबार की वृद्धि के लिए अपना पूरा ध्यान देना जारी रखा है. इस रणनीति के कार्यान्वयन के लिए किए गए पहल कार्यों में समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पाँच विशेषीकृत एमएसई शाखाएँ खोलना, एमएसई के लिए समपार्श्विक प्रतिभूतियों की उपलब्धता और बाह्य साख निर्धारण से जुड़ी रियायतों सहित पृथक् ब्याज दर ढांचे की शुरुआत, अग्रणी साख निर्धारण एजेंसियों जैसे केयर, क्रिसिल और एसएमईआरए के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करना शामिल है जिससे एमएसई कम लागत पर बाह्य साख निर्धारण प्राप्त कर सकें.

आईडीबीआई बैंक पूरे देश में एमएसई की संख्या को बढ़ाने के इरादे से इन इकाइयों की संपूर्ण ऋण आवश्यकताओं के लिए एक ही जगह समाधान उपलब्ध कराना चाहता है. इस व्यवस्था को अनुमोदन मिल गया है और कुछ ही दिनों में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जाएंगे.

आपका बैंक कृषि तथा एमएसई क्षेत्रों को खाद्य क्षेत्र, उद्योग तथा सेवाओं में उनके विकास के लिए नवोन्मेषी तथा प्रयोक्ता-अनुकूल उत्पाद तथा सेवाएँ देने के लिए प्रतिबद्ध है. एमएसई के लिए

ऐसा ही एक उत्पाद है वेंडर बिल भुनाई उत्पाद जो बड़े कॉरपोरेटों के वेंडरों को उन्हें प्राप्य राशियों की तत्काल वसूली से निधि उपलब्ध कराता है. इस उत्पाद ने एमएसई के लिए अनुकूल मुख्य विशेषताओं जैसे बहुत अल्प टीएटी और न्यूनतम दस्तावेजीकरण के कारण बाज़ार में अपना स्थान बना लिया है.

पीएसएल के अंतर्गत अपने परिसंपत्ति पोर्टफोलियो को बढ़ाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक ने एमएसई और कृषि दोनों ही क्षेत्रों में संगठित समूहों में अपनी मौजूदगी और प्रभावी पैठ बना ली है. केन्द्रीकृत रवैये और प्रभावी पैठ को बनाने के उद्देश्य से कुछ विशेष घटकों में कुछ समूहों का अध्ययन किया गया. इस अध्ययन के आधार पर चावल, दाल और पोहा मिल और साबुदाना, गरी प्रक्रियाओं के लिए राज्य विशेष कृषि समूह योजनाएँ आरंभ की गयीं जिन्हें बाजार में अच्छा प्रतिसाद मिला.

आपका बैंक एमएसई क्षेत्रों पर लगातार कार्य कर रहा है और इसके लिए प्रतिस्पर्धी दरों पर नवोन्मेषी उत्पाद उपलब्ध करा रहा है. इस दिशा में आपके बैंक ने आईडीबीआई उद्यमी ऋण आरंभ किया जो विनिर्माताओं के लिए एक सरलीकृत उत्पाद है और 'व्यावसायिकों और स्वरोजगारों' के लिए वर्तमान उत्पाद की विशेषताओं में भी संशोधन किया है.

कॉरपोरेट कार्यालय/ अंचल कार्यालय में एमएसई पुनर्वास केन्द्रों की स्थापना की गई है जिसका उद्देश्य रुग्ण और अर्थक्षम इकाइयों का अभिनिर्धारण करना और उनके पुनर्वास की प्रगति पर निगरानी रखना है.

आपका बैंक सूक्ष्म वित्त संस्थाओं (एमएफआई) को सक्रियता से ऋण दे रहा है जिससे निर्धन वर्ग को उधार मिल सके. आपका बैंक अंतिम उधारकर्ताओं को उनकी ऋण अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अप्रत्यक्ष सहायता उपलब्ध करा रहा है जो कि एमएफआई ऋण के द्वारा उनके जीवन के स्तर को सुधारेगी. यथा 31 मार्च 2014 को आईडीबीआई बैंक ने पूरे देश में 62 सूक्ष्म वित्त संस्थाओं को मीयादी ऋण सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं. आपके बैंक ने देश के मुख्य शहरों में मौजूद लगभग सभी मुख्य सूक्ष्म वित्त संस्थाओं को ऋण उपलब्ध कराया है. सूक्ष्म वित्त उन उद्यमियों और छोटे कारोबारों को, जिन्हें बैंकिंग और संबंधित सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पातीं, उन्हें वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराने का स्त्रोत है.

अतः आपका बैंक गुणात्मक, सुदृढ़ तथा आपके बैंक की सभी शाखाओं तथा खंडों के साथ अनवरत पीएसएल पोर्टफोलियो बनाने के पथ पर अग्रसर है.

पीएसएल के अंतर्गत अपने परिसंपत्ति पोर्टफोलियो को बढ़ाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुये आपके बैंक ने एमएसई और कृषि दोनों ही क्षेत्रों में संगठित समूहों में अपनी मौजूदगी और प्रभावी पैठ बना ली है.

कॉरपोरेट वित्त

वर्ष 2012-13 के दौरान की गई आपके बैंक की संगठनात्मक पुनर्संरचना के परिणाम स्वरूप कॉरपोरेट बैंकिंग समूह (सीबीजी) वर्तमान में सभी कॉरपोरेट ग्राहकों के 5 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय जरूरतों को पूरा करता है. व्यवसाय को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए सीबीजी को सात क्षेत्रों में गठित किया गया है जो 25 शहरों में अपनी मौजूदगी के साथ 29 विशेषीकृत कॉरपोरेट शाखाओं (एससीबी) के माध्यम से कार्य कर रहा है.

सीबीजी मौजूदा कॉरपोरेट ग्राहकों के साथ व्यापार संबंधों को बनाए रखने और उन्हें मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ उन कंपनियों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने हेतु विभिन्न अवसरों की तलाश करता है जो वर्तमान में बैंक के पास नहीं हैं. सीबीजी अपने बैंक के कॉरपोरेट ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार परिसंपत्ति व देयताओं के लिए तैयार किए गए उत्पादों की पेशकश करता है जो आपके बैंक के कॉरपोरेट ग्राहकों की जरूरतों पर निर्भर करते हैं. इसके अलावा सीबीजी कॉरपोरेटों के डीलरों / विक्रेताओं के लिए चैनल व विक्रेता वित्तपोषण जैसे उत्पादों की पेशकश कर प्राथमिकता-प्राप्त प्राप्त क्षेत्र के ग्राहकों को उधार (पीएसएल) पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहा है.

वर्ष 2013-14 के दौरान सीबीजी ने संकेंद्रित जोखिम से बचने के लिए अपने पोर्टफोलियो को विभिन्न वर्गों में विभाजित करने और अपने

प्रबंध परिचर्चा एवं विश्लेषण

1 ला ऋणदाता
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की दीर्घावधि परिचालन-रखरखाव-अंतरण (ओएमटी) परियोजनाओं के वित्तपोषण हेतु

124
ऋण समूहन अधिदेश सात वर्षों में

कॉरपोरेट ग्राहकों से अधिक गैर-निधि व्यवसाय / शुल्क आधारित आय प्राप्त करने की रणनीति अपनाई है. सीबीजी अन्य गतिविधियों के साथ-साथ सक्रिय रूप से व्यापार वित्त, सरकारी कारोबार, नकद प्रबंधन सेवाओं, वेतन खातों और ट्रेज़री सेवाओं की परस्पर बिक्री से मौजूदा ग्राहकों के साथ दूसरी सेवाओं में रिश्तों को गहरा करने में लगा है.

आपके बैंक के ग्राहकों को व्यक्तिगत सेवाएं प्रदान करने के लिए क्षेत्रीय और साथ ही शाखा स्तर पर ग्राहक सेवा दल (सीएसटी) का गठन किया गया है जिनमें विभिन्न उत्पाद वर्टिकलों के सदस्यों को शामिल किया गया है.

आपका बैंक भारत सरकार और महाराष्ट्र सरकार की प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (टीयूएफएस) के तहत वस्त्र उद्योग (गैर-एमएसई क्षेत्र) के लिए नोडल एजेंसी है . इस योजना के तहत एक नोडल बैंक के रूप में अखिल भारतीय स्तर पर अपने बैंक के ग्राहकों से संबंधित मामलों की प्रोसेसिंग के अलावा आपके बैंक को 61 प्रमुख ऋणदात्री संस्थाओं में शामिल किया गया है जिनमें वाणिज्यिक बैंक, एआईएफ़आई, राज्य वित्त निगम, एसआईडीसी और सहकारी बैंक शामिल हैं - ये सब नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करते हैं. सरकार ने हाल ही में 1 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2017 तक प्रभावी 'संशोधित पुनर्संरचित टीयूएफएस (आरआरटीयूएफ़एस)' के रूप में इस योजना को फिर से शुरू किया है.

वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा जारी किए गए हाल के परिपत्र के अनुसार आपका बैंक भी 'चीनी उपक्रमों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए योजना, 2014' के तहत चीनी मिलों को ऋण देता है.

अर्थव्यवस्था द्वारा झेली जा रही कठिनाइयों का परिणाम विभिन्न स्तर पर कॉरपोरेट खातों की वित्तीय स्थिति और संभावनाओं पर पड़ा है. इन ग्राहकों के समक्ष आ रहे मुद्दों का समय पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए आपके बैंक ने वर्ष के दौरान उनके कार्यनिष्पादन या समस्या के समाधान की सूक्ष्मता से निगरानी के लिए फोकस्ड एसेट मैनेजमेंट ग्रुप नामक एक समर्पित समूह बनाया है, जिसने इन परिसंपत्तियों के प्रबंधन में प्रभावी रूप से बैंक की मदद की है.

बुनियादी क्षेत्र को वित्त

आपका बैंक विभिन्न क्षेत्रों जैसे बिजली, दूरसंचार, सड़क, बंदरगाह, हवाई अड्डों, शहरी बुनियादी ढांचों, लॉजिस्टिक्स, निर्माण/ संविदागत कार्यों और विशेष आर्थिक क्षेत्रों की लंबी अवधि की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की सहायता करने में अग्रणी रहा है.

आपके बैंक का इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्टिकल देश में कुल सात रणनीतिक रूप से स्थित शाखाओं और दुबई में स्थित एक विदेशी शाखा के माध्यम से प्रभावी रूप से इस अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र को ऋण और संबंधित सेवाएं उपलब्ध करा रहा है. बैंक के कॉरपोरेट केंद्र में स्थित एक परियोजना मूल्यांकन टीम की मदद से यह वर्टिकल बुनियादी संरचना के विकास से जुड़े ग्राहकों को आदि से अंत के समाधान ऑफर कर रहा है.

वर्टिकल के तहत आपके बैंक के पोर्टफोलियो में 50,000 मेगावाट की कुल उत्पादन क्षमता की बिजली परियोजनाएं, 500 मिलियन से अधिक ग्राहकों को सेवा दे रहे दूरसंचार सेवाप्रदाता, 7,000 किमी से अधिक की राजमार्ग परियोजनाएं, 50 एमटीपीए कार्गो क्षमता के नए बंदरगाह, 5 लाख उपभोक्ताओं के आधार को सेवा देने में लगी बिजली वितरण कंपनियां, मुंबई में मेट्रो परियोजना, शहरी बुनियादी संरचना, लॉजिस्टिक्स और एसईजेड क्षेत्रों में असंख्य परियोजनाओं के अलावा सभी तीन निजी क्षेत्र द्वारा संचालित देश के बड़े हवाई अड्डे शामिल हैं.

वर्ष के दौरान आपका बैंक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की परिचालन-रखरखाव-अंतरण (ओएमटी) परियोजनाओं के वित्तपोषण हेतु एनएचएआई की चुने हुए 1,800 किलोमीटर लंबे राजमार्ग के 275 किमी पर फैले खंड का सबसे पहला ऋणदाता बन गया.

बुनियादी संरचना क्षेत्रों की परियोजनाओं को कार्यान्वयन स्तर पर प्रभावित करनेवाली मंदी से ग्रसित अर्थव्यवस्था के बावजूद आपके बैंक ने उनका साथ देते हुए अतिरिक्त प्रयासों द्वारा उनकी कठिन जरूरतों के चलते पुनर्वित्त, पुनर्गठन, प्रतिभूतिकरण के जरिए उन्हें सहायता प्रदान की. आपका बैंक विभिन्न विभागों / मंत्रालयों को महत्वपूर्ण जानकारी देकर इस क्षेत्र के उच्च विकास हेतु भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए विभिन्न उपायों में शामिल रहा है.

ऋण समूहन, सरंचनागत एवं सलाहकारी सेवाएं

आपका बैंक बुनियादी व विनिर्माण क्षेत्र के कॉरपोरेटों को ऋण समूहन, संरचनागत व सलाहकारी सेवाएं देने में सक्रिय रहा है. आपका बैंक भारत और समग्र एशिया प्रशांत क्षेत्र के प्रमुख ऋण समूहनकर्ता के रूप में हमेशा ही जाना जाता रहा है. आपके बैंक ने पिछले सात वर्षों में लगभग ₹ 2.5 लाख करोड़ से अधिक के 124 ऋण समूहन अधिदेश पूरे किए हैं.

आपके बैंक ने भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में पर्यावरण बैंकिंग के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभायी है और पिछले दो दशकों से इस क्षेत्र में सक्रिय रहा है. विभिन्न बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के अलावा आपका बैंक क्योटो प्रोटोकॉल तथा स्वैच्छिक उत्सर्जन न्यूनीकरण (वीईआर) के अंतर्गत स्वच्छता विकास व्यवस्था (सीडीएम)/ कार्बन क्रेडिट के क्षेत्र में सेवाएं प्रदान कर रहा है. आपका बैंक पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से विभिन्न बहुपक्षीय परियोजनाओं के कार्यान्वयन हेतु अनुदान निधियों के संवितरण को सुगम बनाने के लिए विश्व बैंक और अन्य बहुपक्षीय एजेंसियों के साथ मिलकर से वित्तीय एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है. क्लोरोफ़्लोरो कार्बन (सीएफसी) तथा कार्बन टेट्रा क्लोराइड (सीटीसी) और अन्य रसायनों के उत्पादन और प्रयोग को चरणबद्ध रूप से समाप्त करने के लिए मांट्रियल प्रोटोकॉल (एमपी) की अपेक्षाओं के तहत 1994 से पृथ्वी को प्रभावित करनेवाली ओज़ोन डिप्लीटिंग सबस्टैंस (ओडीएस) फेज-आउट परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं. हेलोन और सीएफएस के क्रमिक समापन हेतु आपका बैंक पहले भी ओडीएस I, II और III परियोजनाओं में सहभागी रहा है जो सफलतापूर्वक पूरी की जा चुकी हैं. कार्बन टेट्रा क्लोराइड (सीटीसी) के उत्पादन और प्रयोग को चरणबद्ध रूप से समाप्त करने के लिए वर्तमान में कार्बन टेट्रा क्लोराइड (सीटीसी) सेक्टर प्लान कार्यान्वयन परियोजना- ओडीएस IV कार्यान्वयन के अधीन है. यह परियोजना जुलाई 2014 तक पूरी हो जाएगी. वित्तीय एजेंसी के रूप में ओडीएस IV परियोजनाओं के अंतर्गत 38.10 मिलियन अमरीकी डालर की कुल मंजूर अनुदान राशि में से आपके बैंक ने संचयी रूप से 37.28 मिलियन की राशि संवितरित की है, इसमें उत्पादन क्षेत्र के पांच लाभार्थियों को 28.5 मिलियन अमरीकी डॉलर, उपभोक्ता क्षेत्र के 29 लाभार्थियों को 7.41 मिलियन अमरीकी डॉलर और तकनीकी सहायता घटक के अंतर्गत परियोजना प्रबंध यूनिट ऑफ ओज़ोन सेल, एमओईएफ को 1.37 अमरीकी डॉलर की राशि शामिल है.

> आपका बैंक विभिन्न क्षेत्रों जैसे बिजली, दूरसंचार, सड़क, बंदरगाह, हवाई अड्डों, शहरी बुनियादी ढांचों, लॉजिस्टिक्स, निर्माण/ संविदागत कार्यों और विशेष आर्थिक क्षेत्रों की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की सहायता करने में अग्रणी रहा है.

आपका बैंक चिलर क्षेत्र में ओजोन डिप्लीटिंग सबस्टेंस (ओडीएस) को चरणबद्ध रूप में समाप्त करने तथा ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए तैयार की गई अनूठी परियोजना 'भारत में चिलर ऊर्जा कार्यकुशलता परियोजना' (आईसीईईपी) के लिए परियोजना कार्यान्वयन इकाई (पीआईई) और वित्तीय मध्यवर्ती के रूप में कार्य कर रहा है. इस परियोजना का उद्देश्य मौजूदा पुराने सीएफसी चिलर को नए गैर-सीएफसी ऊर्जा कुशल चिलरों से बदलना है. आईसीईईपी की कुल मूल निधि 7.3 मिलियन अमरीकी डालर है और इसे ग्लोबल एनवायरनमेंट सुविधा (ईईएफ) तथा ओजोन ट्रस्ट फंड (ओटीएफ) द्वारा निधियां प्रदान की जाती हैं. 26 अगस्त 2009 के अनुदान करार के अनुसार परियोजना की अवधि 30 जून 2014 को समाप्त हो जाएगी.

अभी तक आपके बैंक ने 59 सीएफसी चिलरों को बदलने के लिए 20 लाभार्थियों को कुल ₹ 1,042 लाख की अनुदान राशि प्रदान की है.

प्रबंध परिचर्चा एवं विश्लेषण

95.1%
मानक ऋण आस्तियां

₹2 लाख करोड़ रुपए से अधिक
प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष कर और शुल्क संग्रहण

इनमें से आपके बैंक ने 23 नए ऊर्जा कुशल गैर-सीएफसी चिलरों सहित 24 सीएफसी चिलरों को बदलने के लिए 14 लाभार्थियों को कुल ₹ 328 लाख की अनुदान राशि संवितरित की है और लाभार्थियों ने लगभग 5,473 किग्रा. सीएफसी (जो पुराने चिलरों में इस्तेमाल होनेवाला रेफ्रीजरेंट है) बचा लिया है. वर्तमान वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने आठ नए लाभार्थियों को ₹ 199 लाख की अनुदान राशि संवितरित की है. ₹ 146 लाख के संवितरण हेतु पांच और नए लाभार्थी पाइपलाइन में हैं.

आपका बैंक उन चुनिंदा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/वित्तीय संस्थाओं में से एक है जो कार्बन डिस्क्लोजर परियोजना (सीडीपी) के हस्ताक्षरकर्ता हैं, बैंक का यह कार्य कार्बन को कम करने के लिए एक जिम्मेदार कारोबारी व्यवस्था की दिशा में किए गए पहल कार्यों को सहयोग देने में से एक है. इसके अतिरिक्त आपका बैंक अपने कार्बन पदचिन्हों को कम करने के लिए विभिन्न पहल कार्य कर रहा है जिसमें ऊर्जा बचाने वाली लाइटिंग की शुरुआत करना, सोलर पैनल एवं सोलर वॉटर हीटर लगाना शामिल है. ये कदम जल और ऊर्जा संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने में सहायक हैं.

आपका बैंक सीडीएम परियोजनाओं तथा कार्बन क्रेडिट बाजार से संबंधित सभी सेवाओं जैसे सीडीएम परियोजनाओं का निधीयन, सीडीएम परियोजना के पंजीयन हेतु तकनीकी परामर्शी सेवा तथा प्रमाणित उत्सर्जन न्यूनीकरण (सीईआर) एवं सत्यापित उत्सर्जन न्यूनीकरण (वीईआर) ट्रेडिंग के लिए सलाहकारी सेवाएं प्रदान करने, कार्बन क्रेडिट/कार्बन क्रेडिट प्राप्तियों पर प्रारम्भिक वित्तपोषण को सुगम बना रहा है.

वसूली

आस्ति गुणवत्ता

आपका बैंक आस्ति गुणवत्ता के निर्णायक प्रभाव और उसकी कमाई में आई गिरावट के प्रति पूरी तरह सचेत हैं, जिसके चलते इस अपेक्षाकृत मुश्किल वर्ष में बैंक ने मौजूदा एनपीए को अपग्रेड करने, नए एनपीए बनने से रोकने, मौजूदा एनपीए से अधिकतम नकद वसूली करने और आस्ति गुणवत्ता में न्यूनतम कमी के लिए न्यूनीकरण उपायों को अपनाना जारी रखा है. आपके बैंक ने अनुशासित ऋण जोखिम प्रबंधन के माध्यम से आस्ति गुणवत्ता के संबंध में उच्च मानक भी बनाए रखे हैं. मार्च 2014 के अंत में आपके बैंक की ऋण आस्तियों में 95.1% ऋण आस्तियां मानक थीं; 1.4% आस्तियां अवमानक थीं; जबकि संदिग्ध आस्तियां 3.3% रहीं तथा आपके बैंक की ऋण आस्तियों में 0.2% हानि आस्ति बनी हैं. संदिग्ध आस्तियों और ऋण आस्तियों के लिए मौजूदा विवेकपूर्ण विनियमों के अनुपालन में पर्याप्त प्रावधान किये गये.

आस्ति गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए तमाम कानूनी / गैर-कानूनी वसूली उपायों के अलावा आपके बैंक ने गैर-निष्पादक आस्तियों के त्वरित और निश्चित समाधान के लिए 1 अगस्त 2013 से 31 दिसंबर 2013 के दौरान 'ओन योर एनपीए' नामक एक नवोन्मेषी अभियान चलाया. विभिन्न स्तरों के कारोबारी कार्यकर्ताओं ने संकेन्द्रित वसूली उपायों के लिए विशिष्ट दोषी खातों को निर्धारित किया; इस पहल कार्य से काफी सफलता मिली. एनपीए से वसूली को बढ़ाने और अधिकतम सफलता हासिल करने के लिए संबंधित स्टाफ को प्रेरित करने हेतु पूरे देश में एक प्रोत्साहन योजना भी लागू की गई. इसके अतिरिक्त आपके बैंक ने चूक की स्थिति में सरफेसी अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के साथ-साथ वसूली आवेदन फाइल करने, दिवालिया कार्यवाहियों और चूक करनेवाले उधारकर्ताओं/ गारंटीकर्ताओं के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी करने की मांग करनेवाले आवेदनों के जरिए उधारकर्ताओं/गारंटीकर्ताओं के खिलाफ वसूली उपायों की शुरुआत कर दी है.

व्यापार वित्त

आपके बैंक ने देशी और अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार वित्त कारोबार में अपने पदचिन्हों का विस्तार कर और उच्च वृद्धि दर हासिल कर नई ऊँचाइयां छूना जारी रखा है. समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक ने संपूर्ण भारत में 12 नए सर्व सुविधा संपन्न व्यापार वित्त (टीएफ) केंद्र (विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत डीलर) खोले हैं, जिससे कुल व्यापार वित्त (टीएफ) केन्द्रों की संख्या 52 हो गयी है. आपके बैंक ने यूरो और जीबीपी मुद्राओं में दो नए नोस्ट्रो खाते खोले हैं. इसके अतिरिक्त, निर्यातकों को प्रतिस्पर्धी दर पर विदेशी मुद्रा निधि समय से उपलब्ध कराने के लिए आपके बैंक ने विदेशी मुद्रा

उधार के लिए अपने विदेशी संपर्की बैंकों के साथ करार किया है. आपका बैंक व्यापार वित्त कारोबार को सुगम बनाने के लिए विदेशी बैंकों के साथ सुदृढ़ संबंध बनाए हुए है. इस अवधि के दौरान आपके बैंक ने 21 प्रमुख विदेशी बैंकों के साथ संबंध प्रबंधन अनुप्रयोग (आरएमए) स्थापित किए जिससे इनकी संख्या बढ़कर 1,442 हो गई. इस बढ़े हुए नेटवर्क के साथ अब बैंक विश्व के अधिकांश हिस्सों में द्वि-दिशाओं से जुड़े लेनदेनों को निपटाने में सक्षम हैं.

आपके बैंक का गैर-निधि आधारित कारोबार अर्थात् साख-पत्र (एलसी) और बैंक गारंटी कारोबार (बीजी) ₹ 83,245 करोड़ (स्वीकृत बिलों को मिलाकर) तक पहुंचा. इस अवधि में आपके बैंक ने व्यापार शुल्क आय में ₹ 781 करोड़ की सुदृढ़ प्रगति दर्ज की है. आपके बैंक ने उक्त अवधि के दौरान वचन-पत्र जारी करके ग्राहकों को निर्यात ऋण के प्रति ₹ 9,196 करोड़ संवितरित किए और अपने कॉरपोरेट ग्राहकों को ₹ 30,641 करोड़ तक का आयात वित्त सुलभ कराया.

सरकारी कारोबार

आपके बैंक ने वर्ष के दौरान अदम्य उत्साह के साथ सरकारी कारोबार पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए केंद्र सरकार व विभिन्न राज्य सरकारों के कई प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष करों के संग्रहण पर विशेष बल दिया है. आपके बैंक ने अपने सरकारी कारोबार को बढ़ाते हुए अपनी प्राधिकृत शाखाओं के माध्यम से केंद्र और विभिन्न राज्य सरकारों के विभिन्न प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष कर और शुल्क संग्रहण द्वारा ₹ 2 लाख करोड़ के आंकड़े को पार किया. आपके बैंक ने वर्ष के दौरान ₹ 1 लाख करोड़ से ऊपर का प्रत्यक्ष कर संग्रहण किया. प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर का कुल संग्रहण लगभग ₹ 1,95 लाख करोड़ था जो 2012-13 में किए गए ₹ 1,59 लाख करोड़ से अधिक था. आपका बैंक अभी भी सरकारी कारोबार में अपनी भौगोलिक बढ़त बना रहा है. आज की तारीख में आपका बैंक 16 राज्यों में वाणिज्य कर/सरकारी रसीद संग्रहण के लिए प्राधिकृत है.

आईडीबीआई बैंक सम्पूर्ण भारत में प्रत्यक्ष कर, उत्पाद शुल्क, सेवा कर और सीमा शुल्क के भुगतान के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ तकनीकी प्लेटफॉर्म के साथ 24x7 इंटरनेट बैंकिंग सुविधा देता है जिसे करदाताओं द्वारा पसंद किया गया है और उनका बेहतर प्रतिसाद मिला है. 26 जुलाई 2013 को आईडीबीआई बैंक महाराष्ट्र में स्टाम्प शुल्क तथा पंजीयन शुल्क (ईएसबीटीआर के माध्यम से) हेतु ऑनलाइन भुगतान सेवा पेश करने वाला पहला बैंक बना जिसे व्यापक समर्थन भी मिल रहा है. ई-एसबीटीआर (ऑनलाइन सुरक्षित बैंक ट्रेजरी रसीद) स्टाम्प शुल्क तथा पंजीयन शुल्क के ऑनलाइन भुगतान की एक रसीद है जो कि आपके बैंक द्वारा सुरक्षित स्टेशनरी पर मुद्रित कर भुगतान करने वाले व्यक्ति को जारी की जाएगी. आपके बैंक ने महाराष्ट्र की अपनी सभी शाखाओं से ई-एसबीटीआर जारी करने हेतु शुरुआत कर दी है.

> आपका बैंक मौजूदा एनपीए को अपग्रेड करने, नए एनपीए बनने से रोकने, मौजूदा एनपीए से अधिकतम नकद वसूली करने और आस्ति गुणवत्ता में न्यूनतम कमी के लिए न्यूनीकरण उपायों पर ध्यान केन्द्रित किए हुए है.

नकदी प्रबंधन सेवाएं

नकदी प्रबंध सेवाएं (सीएमएस) बैंक के प्रमुख महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक हैं. सीएमएस के एक भाग के रूप में आपका बैंक संग्रहण तथा भुगतान उत्पादों का सेट ऑफर कर रहा है. ये समाधान - आभासी खाता सुविधा, म्युनिसिपल कर के लिए ऑनलाइन वैधीकरण तथा शाखा डाटा एंट्री मॉड्यूल के माध्यम से अन्य उपयोगिता वस्तुओं के भुगतान हेतु तथा बदलती बाजार अपेक्षाओं के अनुरूप ग्राहक सिस्टमों के प्रौद्योगिकी एकीकरण (होस्ट टू होस्ट) सहित अन्य विशेषीकृत ई-समाधानों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है. आपके बैंक ने इस कारोबार खंड में मजबूती से पैर जमा लिए हैं और कुछ प्रतिष्ठित लाभांश अधिदेश भी प्राप्त किए हैं. आपका बैंक रेलवे के ई- वहन-शुल्क भुगतान प्रणाली में भाग लेने हेतु प्राधिकृत किया गया है तथा इसने विभिन्न अंचलों के साथ कारोबार पहले ही शुरू कर दिया है.

ट्रेजरी परिचालन

आपके बैंक के प्रधान कार्यालय में एकीकृत ट्रेजरी है जिसमें निधियों के बेहतर प्रबंधन तथा ट्रेजरी परिचालन के लिए मुद्रा बाजार, नियत आय,

प्रबंध परिचर्चा एवं विश्लेषण

10
ट्रेजरी परिचालन सहायक केंद्र

7.3%
कुल परिसंपत्तियों में डीआईएफसी शाखा का योगदान

विदेशी मुद्रा विनिमय, डेरिवेटिव और इक्विटी क्रय-विक्रय परिचालनों के विभिन्न कार्य किए जाते हैं. ट्रेजरी नकदी रिज़र्व अनुपात और सांविधिक तरलता अनुपात के विनियामक अनुपालन के प्रबंधन के साथ-साथ ग्राहक को बाजार उत्पादों में लेनदेन, संसाधन जुटाने, विभिन्न बाजार खंडों में व्यापार और बाजार निर्माण का कार्य करता है. आपके बैंक के ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण सेवा देने तथा बेहतर कारोबार परिचालन के लिए ट्रेजरी विभाग अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस है.

आपके बैंक ने तुलन पत्र में वृद्धि और देयताओं के भुगतान हेतु चलनिधि का प्रबंध करने के लिए जमाराशियों के अलावा जमा प्रमाणपत्र, अंतर बैंक उधारराशियां, बांडों के निर्गम, विभिन्न संस्थाओं से पुनर्वित्त और विदेशी मुद्रा उधार राशियां सहित विभिन्न लिखतों का प्रयोग किया. तरलता को विभिन्न अल्पावधि / मुद्रा बाजार लिखतों के माध्यम से निधि तथा बाजार की स्थिति के आधार पर उपयुक्त स्तर पर रखा गया. आपका बैंक लगातार विभिन्न बाजारों पर भी नजर रखता है तथा व्यापार लाभ के लिए अपनी स्थिति में स्वीकार्य स्तर को अपनाता है.

आपके बैंक की ट्रेजरी की 10 केंद्रों में फैली हुई एक बड़ी सेल्स टीम है जो विदेशी मुद्रा विनिमय और डेरिवेटिव प्रोडक्ट की प्रभावी मार्केटिंग करती है. यह टीम कॉरपोरेट ग्राहकों से नियमित रूप से संपर्क करती है और उन्हें मुद्रा तथा दर बाजारों में अस्थिरता से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए तत्परतापूर्वक समाधान उपलब्ध कराती है. इस वित्तीय वर्ष के दौरान आपके बैंक ने ग्राहकों को उनकी विदेशी मुद्रा जरूरतों को पूरा करने और उनकी ब्याज दर जोखिम तथा विदेशी विनिमय दर जोखिम से बचाव के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमत विकल्पों व स्वैप के जरिए प्रतिस्पर्धी दरों पर विभिन्न प्रकार के ग्राहकीकृत समाधान प्रदान किये.

इसके अलावा आपके बैंक ने सामान्यतः नियत आय उत्पादों तथा विशेष रूप से सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री के लिए विभिन्न केंद्रों पर ऋण विक्रय टीमों का गठन किया है. यह टीम स्क्रीन आधारित एनडीएस-ओएम मार्केट से बाहर के लेनदेन करने हेतु निवेशकों की आवश्यकता पूरी करती है.

आपका बैंक ट्रेजरी नवोन्मेषी वित्तीय समाधानों को शुरू करने तथा विभिन्न बाजार विकास पहल करने में फिर से अग्रणी रहा. वर्ष के दौरान निवेशकों को सुरक्षा प्रदान करने हेतु भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए नए इन्फ्लेशन इंडेक्स बॉन्ड को 'आईडीबीआई समृद्धि जी-सेक पोर्टल' से जोड़ा गया. निवेशकों को उनके खरीदे गए स्टॉक पर प्रतिदिन मार्क-टू-मार्केट (एमटीएम) स्थिति उपलब्ध कराने हेतु 'आईडीबीआई समृद्धि जी-सेक पोर्टल' को भी पुनर्निर्मित किया गया है. कॉरपोरेट बॉन्डस में रेपो के विकास हेतु विभिन्न बाजार प्रतियोगी वैश्विक प्रधान पुनर्खरीद करारों (जीएमआरए) को करने में आपका बैंक का अग्रणी स्थान जारी रहा.

इस वर्ष के दौरान बाजार की स्थिति विशेषकर विनिमय दर तथा ब्याज दर खंडों में उच्च अस्थिरता की रही. आपके बैंक ने उभरते बाजार विकासों पर लगातार कड़ी नजर रखी तथा तरलता, ब्याज दर और विनिमय दर एक्सपोजर के तत्पर प्रबंधन को सुनिश्चित किया. आपके बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा इस वर्ष के दौरान की गई पहलों जैसे विदेशी मुद्रा में निर्यात ऋण के विस्तार हेतु स्वाइप सुविधा, एफ़सीएनआर (बी) जमा/ विदेशी मुद्रा का आगमन बढ़ाने के उपायों, में अन्य के साथ-साथ सक्रिय रूप से प्रतिक्रिया दी तथा उनमें सम्मिलित हुआ.

प्राथमिक व्यापार(पीडी) कारोबार में आपके बैंक ने विभिन्न अवधियों के ऋण की अधिक राशि की हामीदारी दी है. आपके बैंक ने नीलामी बोली प्रक्रियाओं में हिस्सेदारी कर निधियाँ जुटाने में विभिन्न राज्य सरकारों को सहायता की है. ट्रेजरी बिल खंड में भी प्राथमिक व्यापार ने अपेक्षित सफलता अनुपात को हासिल करने के संबंध में सभी लागू वचनबद्धताओं को पूरा किया है और सरकार दिनांकित प्रतिभूतियों व ट्रेजरी बिलों में गौण बाजार टर्नओवर को पूरा किया है.

मुख्य कारोबारी पहल-कार्य

क) आईडीबीआई समृद्धि जी-सेक पोर्टल

वर्ष 2012-13 में प्रारंभ आईडीबीआई समृद्धि जी-सेक पोर्टल भारत सरकार द्वारा जारी सरकारी प्रतिभूतियों में लेन-देन करने वाले खुदरा निवेशकों के लिए समर्पित पोर्टल है. इसकी प्रमुख विशेषता इसकी अभिगम्यता, सरलता और सुरक्षा है. यह पोर्टल सभी के लिए उपलब्ध है और सिर्फ आईडीबीआई बैंक के ग्राहकों के लिए सीमित नहीं है. वर्ष के दौरान, भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ किए गए नए मुद्रास्फीति सूचकांक बांड पोर्टल में जोड़े गए हैं. निवेशकों हेतु उनके खरीदे गए स्टाक की प्रतिदिन की मार्क-टु-मार्केट (एमटीएम) स्थिति उपलब्ध कराने हेतु भी पोर्टल को पुनर्निर्मित किया गया है. निवेशक बैंक की वेबसाईट www.idbi.com के जरिए पोर्टल को एक्सेस कर सकते हैं. कोई भी व्यक्ति / कॉरपोरेट / संस्था, जिसके पास वैध पैन कार्ड, सक्रिय डिपौजिटरी खाता, सक्रिय बैंक खाता तथा ई-मेल आईडी है, वह आईडीबीआई समृद्धि जी-सेक पोर्टल के माध्यम से भारत सरकार की प्रतिभूतियां खरीद तथा बेच सकता है.

ख) ऑनलाइन सीडी पोर्टल

जमा प्रमाण पत्र (सीडी) जो भारत में 1989 में शुरू किए गए, लंबे समय तक संस्थागत निवेशकों के लिए संरक्षित थे. खुदरा निवेशकों में निवेश के माध्यम के रूप में जमा प्रमाणपत्रों (सीडी) को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से आपके बैंक ने अगस्त 2012 में देश में पहले ऑनलाइन सीडी पोर्टल आईडीबीआई समृद्धि सीडी पोर्टल का शुभारंभ किया. इस पोर्टल से खुदरा निवेशक आईडीबीआई द्वारा जारी जमा प्रमाणपत्रों (सीडी) में न्यूनतम ₹ 1 लाख और इसके बाद ₹ 1 लाख के गुणकों में ऑनलाइन अभिदान कर सकते हैं. यह पहल खुदरा ग्राहकों द्वारा पसंद की जा रही है.

आपके बैंक की ट्रेजरी नवोन्मेषी वित्तीय समाधानों को शुरूकरने तथा विभिन्न बाजार विकास पहल करने में फिर से अग्रणी रहा. वर्ष के दौरान निवेशकों को सुरक्षा प्रदान करने हेतु भारत सरकार द्वारा नए शुरूकिए गए इन्फ़्लेशन इंडेक्स बॉन्ड को 'आईडीबीआई समृद्धि जी-सेक पोर्टल' से जोड़ा गया.

सीमा-पार शाखाएं

आपके बैंक ने भारतीय ग्राहक समूह की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विदेशी बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज़ की है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी उत्पाद ऑफर कर अपनी देशी बैंकिंग मजबूती का फायदा उठाया है.

दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (डीएफआईसी), दुबई स्थित आपके बैंक की पहली विदेशी शाखा ने अपने परिचालनों के चार वर्ष पूरे कर लिये हैं. इस शाखा के माध्यम से आपका बैंक भारतीय ग्राहकों के भारतीय परिचालनों और समुद्रपारीय उद्यमों के लिए निधि संबंधी आवश्यकताएं पूरी करने के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) प्रदान करने, विदेशी मुद्रा ऋण समूहन तथा व्यापार वित्त उत्पादों सहित विभिन्न प्रकार की कॉरपोरेट बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है.

आपके बैंक की डीआईएफसी शाखा ने 31 मार्च 2014 को समाप्त वर्ष के लिए 87.95 मिलियन अमरीकी डॉलर का निवल लाभ अर्जित किया जिसमें 2012-13 में 35.34 मिलियन अमरीकी डॉलर के निवल लाभ की तुलना में लगभग 149% की वृद्धि दर्ज की गई है. आपके बैंक की कुल परिसंपत्तियों में डीआईएफ़सी शाखा की 7.3 % परिसंपत्ति सम्मलित है.

आपका बैंक अपनी विदेशी उपस्थिति बढ़ाने पर भी ध्यान दे रहा है.

ऋण रेटिंग

आपका बैंक देशी तथा विदेशी मुद्रा दोनो उधारियों के लिए ऋण रेटिंग प्राप्त करता है. रुपया संसाधनों के लिए रेटिंग नीचे दी गई है:

प्रबंध परिचर्चा एवं विश्लेषण

रुपया उधार राशियों के लिए रेटिंग (यथा 31 मार्च 2014)

31 मार्च 2014 को	क्रिसिल	इक्रा	फिच
सावधि जमा राशियां	एफएएए / स्टेबल	एमएए+	इंड टीएएए
अल्पावधि उधार राशियां (जमा प्रमाण-पत्र)	क्रिसिल ए1+	[इक्रा] ए1+	इंड ए1+
दीर्घावधि रुपया बांड (सीनियर एवं लोअर टीयर II बांड)	क्रिसिल एए+/स्टेबल	[इक्रा]एए+/ निगेटिव	इंड एए+
हाइब्रिड - अपर टीयर II बांड	क्रिसिल एए/स्टेबल	[इक्रा]एए+/ निगेटिव	इंड एए-
हाइब्रिड - आईपीडीआई	क्रिसिल एए/स्टेबल	[इक्रा]एए+/ निगेटिव	-

आपके बैंक की विदेशी मुद्रा उधार राशियों की रेटिंग तीन अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों अर्थात् मूडीज इन्वेस्टर सर्विसेज (मूडीज), स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एस एंड पी) तथा फिच रेटिंग्स (फिच) एजेंसियों द्वारा की जाती है जो निम्नानुसार है:

विदेशी मुद्रा उधार राशियों के लिए रेटिंग (यथा 31 मार्च 2014)

रेटिंग एजेंसी	रेटिंग
मूडीज इन्वेस्टर सर्विसेज (मूडीज)	
दीर्घावधि रेटिंग	बीएए3/स्टेबल
बैंक की वित्तीय क्षमता की रेटिंग (बीएफएसआर)	डी-/नेगेटिव
स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एस एंड पी)	
निर्गमकर्ता क्रेडिट रेटिंग (आईसीआर)*	बीबी+/निगेटिव
स्टैंड-एलोन क्रेडिट प्रोफ़ाइल (एसएसीपी)	बीबी
फिच रेटिंग्स	
दीर्घावधि निर्गमकर्ता चूक रेटिंग	बीबीबी-/स्टेबल
अर्थक्षमता रेटिंग	बीबी

विदेशी मुद्रा संसाधन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने विदेशी मुद्रा के समतुल्य 3,875.79 मिलियन अमरीकी डॉलर की राशि जुटाई जिसमें (i) 590 मिलियन अमरीकी डॉलर द्विपक्षीय/क्लब ऋणों के जरिए जुटाई गई (ii) 2,945.22 मिलियन डॉलर की समतुल्य राशि बैंकों से अल्पावधि उधारों के रूप में जुटाई गई. (iii) 340.57 मिलियन अमरीकी डॉलर 5 बिलियन मध्यावधि नोट (एमटीएन) कार्यक्रम के अंतर्गत बॉन्ड निर्गमों के जरिए जुटाए गए.

एमटीएन कार्यक्रम के अंतर्गत जारी किए गए बांड में (i) जारी किए गए 249 चीनी युआन (लगभग 40.57 मिलियन अमरीकी डॉलर) के एक वर्षीय बांड (ii) 300 मिलियन अमरीकी डॉलर के 5.5 वर्षीय बांड सम्मिलित हैं.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने अक्टूबर 2013 में दुबई में अपनी डीआईएफसी शाखा के माध्यम से केएफ़डबल्यू, जर्मनी के साथ 340 मिलियन अमरीकी डॉलर के एक ऋण करार पर हस्ताक्षर किये. यह करार मुख्यतः सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को ऋण राशि प्रदान करने के लिए है एवं ऋण का एक हिस्सा स्वास्थ्य एवं जीवन स्थिति में सुधार लाने के लिए नगरपालिकाओं एवं समुदायों के समर्थन हेतु चयनित इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए समर्पित है.

आपके बैंक द्वारा, देयता प्रबंधन के एक भाग के रूप में 500 मिलियन अमरीकी डॉलर में से 9.68 मिलियन मूल्य के नोट्स खरीदे और निरस्त किए गए, 3.75% नोट्स जनवरी 2019 में देय हैं.

31 मार्च 2014 तक भारतीय रिज़र्व बैंक की अंतर-बैंक व्यवहार योजना के अंतर्गत उधार की बकाया राशि (51.8 मिलियन अमरीकी डॉलर), बैंक की टियर I पूंजी के 100% की आरबीआई अनुबद्ध समग्र अनुमत सीमा के भीतर थी.

आपके बैंक ने सिंगापुर स्टॉक एक्स्चेंज पर सूचीबद्ध एमटीएन कार्यक्रम की राशि बढ़ाकर 5 बिलियन अमरीकी डॉलर (3.5 बिलियन अमरीकी डॉलर से) कर दी है और इसे दिसंबर 2013 में अद्यतन कर दिया है. 2013-14 की समाप्ति पर एमटीएन कार्यक्रम के अंतर्गत आपके बैंक की कुल निर्गम बकाया राशि 2.1 मिलियन अमरीकी डॉलर के समतुल्य है.

जोखिम प्रबंध

आपके बैंक का जोखिम प्रबंध दर्शन दो उद्देश्यों से संचालित होता है - शेयरधारकों के मूल्य में सतत् वृद्धि और पूंजी का विवेकपूर्ण उपयोग. जोखिम प्रबंध रणनीति चालू आधार पर कारोबार जोखिमों के अभिनिर्धारण, आकलन, निगरानी तथा नियंत्रण पर आधारित है जिससे पूंजी का प्रभावी प्रयोग सुनिश्चित हो सके. रणनीति का प्राथमिक उद्देश्य उपयुक्त न्यूनीकरण तथा कीमत - लागत निर्धारण के जरिए बैंकिंग कारोबार से जुड़े जोखिम प्रतिफल को उपयुक्त रूप से संतुलित करना है. इससे प्रतिस्पर्धी बढ़त बनाए रखने में सहायता मिलती है. जोखिमों को नियंत्रित करने के लिए कुछ प्रभावी पद्धतियों में सुपरिभाषित जोखिम प्रबंधन नीतियों की स्थापना और आपके बैंक की जोखिम उठाने की क्षमता के अनुरूप जोखिम सीमाओं तथा प्रक्रियाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करना शामिल है. आवधिक नीति विनियामक परिप्रेक्ष्य से कारोबारी गतिकी, नवोन्मेष और परिवर्तनों में कारकों को अद्यतन करती है.

आपके बैंक का जोखिम प्रबंध दर्शन दो उद्देश्यों से संचालित होता है - शेयरधारकों के मूल्य में सतत् वृद्धि और पूंजी का विवेकपूर्ण उपयोग.

आपका बैंक अपने सभी वर्टिकलों में जोखिम के प्रति जागरूकता पैदाकर और उसे निर्णय लेने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग बनाकर जोखिम संस्कृति में सुधार लाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है. समग्र जोखिम प्रबंध की जिम्मेदारी निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) की है, किन्तु दैनंदिन कार्यकलाप जोखिम अभिशासन संरचना पर आधारित विभिन्न स्तरों पर किये जाते हैं.

निरंतर जटिल होती जा रही वित्तीय प्रणाली की चुनौतियों का सामना करने के लिए जोखिम प्रबंध प्रणालियों तथा प्रक्रियाओं को निरंतर उन्नत और विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप किया जा रहा है. जोखिम-तंत्र प्रणाली को और भी अधिक सुदृढ़ तथा प्रौद्योगिकीय रूप से उन्नत बनाने के उद्देश्य से आपके बैंक ने एकीकृत जोखिम प्रबंध संरचना (आईआरएमए) को कार्यान्वित किया है जिसमें सॉफ्टवेयर समाधान अर्थात् जोखिम आकलन मॉड्यूल (आरएएम), पूंजी आकलन मॉडल (सीएएम) और व्यापक परिचालनगत जोखिम

प्रबंध परिचर्चा एवं विश्लेषण

11.68%
31 मार्च 2014 को सीआरएआर

7.79%
31 मार्च 2014 को टियर I अनुपात

मूल्यांकक (कोर) शामिल हैं. आईआरएमए ऋण तथा परिचालन जोखिमों का अभिनिर्धारण करने तथा उन्हें मापने में सहायता करता है, जिनसे बदले में उपयुक्त जोखिम न्यूनीकरण रणनीतियाँ तैयार करने में सुविधा होती है.

बासेल मानदंडों का कार्यान्वयन

बासेल मानदंडों के अंतर्गत पिलर I दिशानिर्देशों के अनुपालन में आपका बैंक ऋण, बाजार और परिचालनगत जोखिम हेतु विनियामक पूंजी आवश्यकता की गणना करता है. आपका बैंक बासेल III ढांचे में कार्य करने लगा है और 1 अप्रैल 2013 से बासेल III के मानदंडों के अनुसार पूंजी अनुपात की तिमाही आधार पर गणना की जा रही है. 31 मार्च 2009 से रिज़र्व बैंक द्वारा निर्दिष्ट किए अनुसार आपका बैंक पूंजी अनुपात की गणना बासेल II के मानदंडों के अनुसार भी कर रहा है. बासेल III के मानदंडों के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता पूंजी की आवश्यकता के संबंध में आपके बैंक के पास वर्तमान में दिशानिर्देशों में निर्धारित विनियामक अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त सामान्य इक्विटी है.

31 मार्च 2014 को जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी का अनुपात (सीआरएआर) 11.68% था जो 9% की न्यूनतम विनियामक अपेक्षा से अधिक है. सामान्य इक्विटी टियर-I (सीईटी-I) अनुपात 7.78% है जो रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित 5% की निम्नतम अपेक्षा से अधिक है. 31 मार्च 2014 को टियर-I अनुपात 7.79% रहा जबकि विनियामक अनुपात 6.5% है.

वर्तमान में, आपका बैंक पूंजी की गणना के लिए ऋण जोखिम के अंतर्गत मानकीकृत दृष्टिकोण का अनुसरण करता है. यह आंतरिक रेटिंग आधारित दृष्टिकोणों में अंतरण की दिशा में तैयारी के लिए अपनी ऋण जोखिम प्रबंध प्रणाली को निरंतर उन्नत तथा मजबूत बना रहा है. इसी तरह, बाजार जोखिम के लिए आपका बैंक विनियामक पूंजी की गणना करने के लिए मानकीकृत मापन पद्धति (एसएमएम) का प्रयोग करता है. यह आंतरिक मॉडल दृष्टिकोण (आईएमए) में निर्बाध अंतरण के लिए जोखिम-मूल्य आधारित प्रणाली पर मूल्य कार्यान्वित करने की प्रक्रिया में है. आपका बैंक परिचालनगत जोखिम के लिए विनियामक पूंजी प्रभार की गणना करने के लिए मूल संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) का अनुसरण करता है. उन्नत मापन दृष्टिकोण (एएमए) में अंतरण प्रक्रिया के एक हिस्से के रूप में, विभिन्न कारोबारी खंडों में मुख्य जोखिम संकेतकों और जोखिम एवं नियंत्रण स्व-निर्धारण (आरसीएसए) ढाँचे का एक व्यापक सेट विभिन्न कारोबारी खंडों में कार्यान्वित किया जा रहा है.

बासेल पिलर - II मानदंडों के अनुपालन में, आपके बैंक के पास निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) संबंधी नीति है. इस नीति द्वारा बैंक उन जोखिमों का आंतरिक रूप से आकलन और गणना कर सकता है जो पिलर-I में सामने नहीं आ पाए हैं और साथ ही सामान्य तथा दबावग्रस्त स्थितियों में ऐसे जोखिमों के प्रबंध के लिए उपयुक्त रणनीतियाँ भी बना सकता है. आपके बैंक द्वारा एक व्यापक दबाव परीक्षण ढांचा कार्यान्वित किया गया है जिससे असाधारण किन्तु तर्कयुक्त घटनाओं के अंतर्गत जोखिम प्रबंध ढांचे की शक्ति का आकलन करने में सहायता मिलती है. यह ढांचा किसी प्रतिकूल स्थिति में उपयुक्त रणनीतियाँ लागू करने में सहायक होता है.

पिलर-III मानदंडों के अनुपालन में आपके बैंक ने एक प्रकटन नीति कार्यान्वित की है. प्रत्येक तिमाही के लिए प्रकटन आपके बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है.

ऋण जोखिम

आपके बैंक ने एक व्यापक ऋण जोखिम प्रबंध प्रणाली लागू की है जिसमें प्रस्तावों की क्रेडिट रेटिंग के लिए जोखिम आकलन मॉडल (आरएएम) और पूंजी की गणना के लिए स्वचालित प्रणाली (सीएएम) शामिल है.

कार्यक्षम ऋण मूल्यांकन, ऋण वितरण, पोर्टफोलियो प्रबंध और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए आपका बैंक एक सक्रिय ऋण नीति का अनुसरण करता है. इसे आपके बैंक के कारोबारी उद्देश्यों को सम्मिलित करने के लिए मौजूदा कारोबारी तथा सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है.

शीर्ष स्तरीय रेटिंग समिति ऋण रेटिंग को प्रमाणित करती है और जोखिम विश्लेषकों तथा संपर्क प्रबंधकों का मार्गदर्शन भी करती है. एक सक्रिय उपाय के रूप में आपका बैंक विभिन्न ऋण सीमाओं की नियमित रूप से निगरानी करता है जिसमें विभिन्न कारोबारी समूहों, देशों, खंडों, क्षेत्रों तथा उद्योगों में ऋण निवेश शामिल हैं.

बाजार जोखिम

वित्तीय क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष के दौरान विदेशी मुद्रा विनिमय दरों में भारी अस्थिरता देखी. इसके चलते प्रभावी बाजार जोखिम प्रबंध उपायों की महत्ता पर बल दिया गया. अनुक्रियाशील जोखिम प्रबंध संरचना, सक्रिय जोखिम प्रबंध प्रणालियों के साथ मिलकर, अधिक प्रतिकूल प्रभाव के बिना इन घटनाक्रमों का समाधान कर सकती है. बाजार जोखिम मानदंडों अर्थात् ब्याज दर, ईक्विटी मूल्य तथा विदेशी मुद्रा विनिमय और उनकी अस्थिरता के प्रभाव का प्रबंधन जोखिम उठाने की क्षमता के भीतर परिचालन करते हुए निवेश पोर्टफोलियो के योगदान को इष्टतम बनाने के लिए किया गया. इस दिशा में सीमाएं निर्धारित करने में, निरंतर निगरानी तथा पोर्टफोलियो का बाजार दरों पर मूल्यांकन करने सहित संबन्धित उपाय व्यापारिक बही की गतिकी के प्रत्युत्तर में किए जाते हैं. अन्य के साथ साथ संबन्धित आघातों, परिदृश्य विश्लेषण के माध्यम से बाजार दरों, पिछली प्रवृत्तियों, दबाव परीक्षणों में परिवर्तनों के प्रत्युत्तर में विभिन्न स्थितियों के मूल्य में परिवर्तन सूचित करने के लिए व्यापरिक बही का आवधिक विश्लेषण भी किया जाता है.

कार्यों तथा कारोबार स्थितियों के अनुसार बाजार जोखिमों का प्रबंध परिसंपत्ति देयता प्रबंध (एएलएम) नीति, बाजार जोखिम नीति, निवेश नीति और डेरिवेटिव नीति में परिभाषित नीतिगत ढांचे के अनुसार किया जाता है. सामान्य तौर पर ये नीतियां जोखिम उठाने के उपयुक्त स्तरों का निर्धारण करती हैं और जोखिमों और अपवादों, यदि कोई हैं, के आकलन, रिपोर्टिंग तथा वृद्धि हेतु व्यवस्थाएं तय करती हैं.

चल निधि व ब्याज दर जोखिम में आपके बैंक के एक्सपोजर को सुरक्षित करने के लिए बोर्ड

अनुक्रियाशील जोखिम प्रबंध संरचना, सक्रिय जोखिम प्रबंध प्रणालियों के साथ मिलकर, अधिक प्रतिकूल प्रभाव के बिना इन घटनाक्रमों का समाधान कर सकती है. बाजार जोखिम मानदंडों के प्रभाव का प्रबंधन जोखिम उठाने की क्षमता के भीतर परिचालन करते हुए निवेश पोर्टफोलियो के योगदान को इष्टतम बनाने के लिए किया गया.

अनुमोदित जोखिम सीमाएं विनिर्दिष्ट की गई हैं. परिसंपत्ति देयता प्रबंध समिति (एल्को) वास्तविक जोखिम स्थिति पर नियमित निगरानी रखती है और आवश्यकतानुसार परिसंपत्ति-देयता के अंतर को विनिर्दिष्ट सीमा के भीतर रखने के लिए कदम उठाए जाते हैं. आपके बैंक की परिसंपत्ति देयता प्रबंध (एएलएम) स्थिति के बारे में एल्को, बोर्ड की जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) व रिज़र्व बैंक को आवधिक रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है.

परिचालनगत जोखिम

आपके बैंक ने प्रभावी परिचालनगत जोखिम प्रबंधन और स्वस्थ परिचालन प्रक्रियाओं के पालन के लिए एक समर्थकारी संगठनात्मक संरचना स्थापित की है. यह सुपरिभाषित परिचालनगत जोखिम तथा कारोबार निरंतरता प्रबंध नीति द्वारा संचालित है. आपका बैंक परिचालनगत जोखिमों पर अंकुश लगाने / उन्हें कम करने के लिए पर्याप्त तथा तत्पर उपाय करता है जिनमें निम्न शामिल हैं:

- मुख्य जोखिम संकेतकों की निगरानी
- विभिन्न जोखिमों तथा नियंत्रणों का स्व-मूल्यांकन
- परिचालनगत हानि घटनाओं की निगरानी
- उत्पाद / प्रणाली अंतरालों का आकलन तथा निर्धारण
- नये उत्पादों / प्रक्रियाओं से जुड़े जोखिमों का आकलन तथा न्यूनीकरण

आपके बैंक ने परिचालनगत जोखिमों के प्रभावी प्रबंध तथा निगरानी के लिए एक व्यापक आईटी प्रणाली लागू की है. इसके अलावा, परिचालनगत

प्रबंध परिचर्चा एवं विश्लेषण

आईएसओ 27001
डाटा केंद्र के लिए प्रत्यायन

बीएस25999
बीसीएम प्रक्रिया के लिए प्रमाणन

जोखिम प्रबंध समिति तथा बोर्ड की जोखिम प्रबंध समिति को इसकी प्रगति तथा मापन की आवधिक रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है.

आपका बैंक वर्तमान में परिचालनगत जोखिम के पूंजी प्रवाह की गणना के लिए बासेल II के बारे में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार मूल संकेतक दृष्टिकोण का अनुसरण करता है. तथापि, उन्नत मापन दृष्टिकोण (एएमए) में अंतरण के उद्देश्य से आपका बैंक सतत् आधार पर कौशल, प्रौद्योगिकी तथा प्रकियाओं के उन्नयन के लिए कई प्रकार के कदम उठा रहा है. संस्था में जोखिम जागरूकता संस्कृति सुस्थापित करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं.

आपके बैंक के पास एक सुदृढ़ कारोबार निरंतरता प्रबंध (बीसीएम) प्रक्रिया है जो कारोबार व्यवधान तथा जीवन से संबंधित खतरनाक घटनाओं को न्यूनतम करती है. बीसीएम के भाग के रूप में मूल तथा सहायता कार्यों के लिए सुपरिभाषित कारोबार निरंतरता योजनाएं (बीसीपी) हैं. यह कारोबार व्यवधान / आपदा के बावजूद ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करने के लिए हैं. इसके अलावा, आपके बैंक ने व्यापक आपदा प्रबंधन योजना (डीएमपी) भी लागू की है ताकि आपदा की संभावना व उनके प्रभाव को कम किया जा सके और मानव जीवन व महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों की रक्षा की जा सके. इन बीसीपी तथा डीएमपी की समुत्थानशीलता का बीसीपी परीक्षण अभ्यास, डिजास्टर रिकवरी तथा मॉक इवैक्यूवेशन ड्रिलों के माध्यम से आवधिक परीक्षण किया जाता है. आपके बैंक को उसकी व्यापक तथा सुदृढ़ बीसीएम प्रक्रियाओं के लिए बीएस 25999 प्रमाणन (वैश्विक रूप से मान्यताप्राप्त प्रमाणन) प्रदान किया गया है.

उत्पाद जोखिम

आपका बैंक एक सुदृढ़ अनुमोदन तथा समीक्षा प्रक्रिया का अनुसरण करता है जिसमें संकल्पना वैधीकरण, महत्वपूर्ण धारणाओं की पुष्टि, प्रौद्योगिकीय क्षमता आदि जैसे व्यापक जोखिम मूल्यांकन तथा न्यूनीकरण प्रणाली शामिल हैं. प्रत्येक ग्राहक खंड के लिए उत्पाद विशेषताओं में ऋण-चयन की निरंतरता को सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त मानक और सुरक्षा मानदंड शामिल होते हैं.

सूचना प्रौद्योगिकी जोखिम

हालांकि आपका बैंक ग्राहकों तथा अन्य अंशधारकों को बेहतर सेवाएं / योजनाएं प्रदान करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) का प्रयोग करने में अग्रणी रहा है, यह प्रभावी आईटी जोखिम प्रबंध की आवश्यकता को भी महसूस करता है. आपके बैंक की आईटी जोखिम न्यूनीकरण रणनीति में सूचना सुरक्षा पहलुओं के अलावा अनुपालन व निजता के विविध पहलू भी शामिल हैं.

आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर तथा सिस्टम को एक सुदृढ़ सूचना सुरक्षा ढांचे के अंतर्गत कार्यान्वित किया गया है. आपके बैंक के केंद्रीकृत डाटा सेंटर को प्रतिष्ठित सूचना सुरक्षा प्रमाणन आईएसओ 27001 प्राप्त है. 'फिशिंग' हमलों के प्रति कारगर कार्रवाई करने हेतु सुरक्षा स्तरों को बढ़ाने के उपाय किए गए हैं.

आपके बैंक ने एक सूचना सुरक्षा नीति (आईएसपी) लागू की है जो यह सुनिश्चित करती है कि सूचना अनधिकृत पहुंच से सुरक्षित रहे. इसके अलावा, सूचनाओं की गोपनीयता तथा विश्वनीयता बनी रहे और साथ ही अधिकृत उपयोगकर्ताओं को आईटी संसाधन समय पर उपलब्ध हो सकें. उच्च स्तरीय सूचना सुरक्षा संवीक्षा समिति (आईएसएससी) यह सुनिश्चित करती है कि आईटी संसाधनों के सतत् संरक्षण की व्यवस्था बनी रहे. कर्मचारियों के लिए सूचना सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों के नियमित आयोजन के अलावा ग्राहकों को विभिन्न सूचना सुरक्षा सावधानियों के बारे में भी सूचित किया जाता है.

आपका बैंक सूचना सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग, प्रौद्योगिकी जोखिम प्रबंध और साइबर धोखाधडियों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों में परिकल्पित रूप में बैंकिंग प्रक्रियाओं में संरक्षा, सुरक्षा तथा कार्यकुशलता को और बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है.

संक्षेप में, आपके बैंक के पास जोखिम के विभिन्न पहलुओं की पहचान करने और उनके प्रभावी एवं कार्यक्षम प्रबंध के लिए एक सुसंरचित जोखिम

प्रबंध ढांचा है. शीर्ष प्रबंध-तंत्र के दिशानिर्देश के अंतर्गत सतत् प्रयासों के साथ आपके बैंक में जोखिम के बारे में जागरूकता आम स्टाफ तक पहुँच गयी है.

प्रबंध, नियंत्रण एवं प्रणालियां

मानव संसाधन पहल कार्य

आपके बैंक की मानव संसाधन संबंधी रणनीति को आपके बैंक के ध्येय के निर्बाध समर्थन हेतु नियुक्ति, अभिनियोजन, प्रशिक्षण, प्रतिभा प्रतिधारण एवं प्रेरणास्प्रद पहलों/ रणनीतियों के लिए मानव संसाधन नीतियों के साथ प्रभावी रूप से कारोबार आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए तैयार किया गया है.

आपके बैंक ने वर्ष के दौरान उच्च कार्य निष्पादन कर्ताओं के सम्मान एवं नकदी प्रोत्साहन के द्वारा अपने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक नए पहल कार्य किए हैं. मुख्य पहलों में से कुछ निम्नलिखित हैं:

1) **नेतृत्व की क्षमता का पोषण :**
नेतृत्व की पहल को प्राथमिकता दी गई है. वर्ष के दौरान, पहली बार आपके बैंक ने कर्मचारियों को आगे आने और अर्ध-शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इसके विस्तार का नेतृत्व करने के लिए प्रोत्साहित किया. 'प्रोजेक्ट फर्स्ट माइल' नामक पहल ने यथातिथि 159 अधिकारियों को शाखा प्रमुख की भूमिका ग्रहण करने के लिए पोषित किया. मौजूदा क्षेत्रीय/ शाखा प्रमुखों के लिए सघन नेतृत्व कार्यक्रमों की एक श्रृंखला भी शुरू की गई है.

2) **भविष्य के प्रबंधकों/ लीडरों का अभिनिर्धारण:**
'क्षमतावान अधिकारियों' को पहचानने और जटिल/नेतृत्ववाली भूमिका के लिए उन्हें सुव्यवस्थित रूप से तैयार करने हेतु आपके बैंक ने मूल्यांकन विकास केंद्र (एडीसी) अभ्यास की शुरुआत की है. आगे बढ़ने की दिशा में जटिल/ महत्वपूर्ण/ मार्गदर्शक भूमिका के लिए आंतरिक बेंच स्ट्रेन्थ का निर्माण करना ही एडीसी अभ्यास का अंतिम लक्ष्य है.

3) **प्रोत्साहन योजनाएं :**
वर्ष के दौरान कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने तथा कारोबार वर्टिकलों/अन्य विभागों को निरंतर सहयोग करने के उद्देश्य से विविध प्रोत्साहन कार्यक्रमों का सक्रियता से आयोजन किया गया. इनके संरक्षण के तहत कुछ प्रमुख पहल निम्नानुसार हैं:

i) कार्य निष्पादन-संबद्ध नकदी प्रोत्साहन योजना: भारत सरकार (जीओआई) के दिशानिर्देशों के अनुसार इस योजना को मूल्यांकन वर्ष 2013-14 से लागू किया गया.

ii) रिटेल शाखा प्रमुखों के लिए प्रोत्साहन योजना: यह योजना प्रत्येक अंचल के सर्वोच्च कार्य निष्पादन वाले पाँच शाखा प्रमुखों को विदेश / भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रशिक्षण कार्यक्रम से सम्मानित करती है. इन अधिकारियों को बैंक के भावी लीडरों के रूप में तैयार किया जा रहा है.

iii) उत्तम ग्राहक सेवा के लिए पुरस्कार/ सम्मान: ग्राहक सेवा पर दामोदरन समिति की सिफारिशों के अनुसार आपके बैंक ने एक पुरस्कार कार्यक्रम की शुरुआत की है जिसमें प्रत्येक अंचल के दो कर्मचारियों को 'तिमाही के लिए अंचल के सर्वाधिक ग्राहक अनुकूल कर्मचारी' के रूप में सम्मानित किया जाता है.

iv) धोखाधड़ी/ अनाचार के निवारण के लिए पुरस्कार/ सम्मान: आपके बैंक ने धोखाधड़ी की खोजबीन और निवारण में सक्रिय कदम उठानेवाले कर्मचारियों को सम्मानित करने के

> आपके बैंक की मानव संसाधन संबंधी रणनीति को नियुक्ति, अभिनियोजन, प्रशिक्षण, प्रतिभा प्रतिधारण एवं प्रेरणास्प्रद पहलों/ रणनीतियों के लिए मानव संसाधन नीतियों के साथ प्रभावी रूप से कारोबार आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए तैयार किया गया है.

प्रबंध परिचर्चा एवं विश्लेषण

लिए इस पुरस्कार कार्यक्रम की शुरुआत की है. प्रत्येक तिमाही में पाँच कर्मचारियों का चयन किया जाता है और उन्हें नकद पुरस्कार एवं अन्य लाभों से पुरस्कृत किया जाता है.

4) उत्तराधिकार योजना :

आपके बैंक ने बैंक में प्रमुख / महत्वपूर्ण पदों का भार ग्रहण करने के लिए प्रतिभा समूह को सुनिश्चित करने हेतु उत्तराधिकार योजना अभ्यास की शुरुआत की है. इन महत्वपूर्ण पदों की पहचान करने का प्रथम चरण समाप्त हो चुका है तथा इन महत्वपूर्ण पदों हेतु क्षमतावान उत्तराधिकारियों की तैयारी के लिए विस्तृत विकास कार्यक्रम भी बना लिया गया है.

5) भर्ती एवं कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि:

वर्ष 2013-14 के दौरान आपके बैंक ने 2,456 कर्मचारियों (1,933 अधिकारी और 523 एक्जीक्यूटिव) की भर्ती की, जिनमें से अनुसूचित जाति (अजा) के 408, अनुसूचित जनजाति (अजजा) के 87, अन्य पिछड़े वर्ग (अपिव) के 690 और अशक्त व्यक्ति श्रेणी के 109 कर्मचारी थे. 31 मार्च 2014 को आपके बैंक में 16,438 कर्मचारी कार्यरत थे जिनमें 13,071 अधिकारी, 1165 एक्जीक्यूटिव (संविदा पर), 1,199 लिपिकीय स्टाफ (श्रेणी III) और 1,003 अधीनस्थ कर्मचारी (श्रेणी IV) थे.

अनुसूचित जाति (अजा), अनुसूचित जनजाति (अजजा) और अन्य पिछड़े वर्ग (अपिव) का प्रतिनिधित्व

आपका बैंक अप्रैल 1977 से सीधी भर्ती में और फरवरी 1980 से पदोन्नति में अजा/ अजजा के लिए आरक्षण के नियमों को कार्यान्वित कर रहा है. आपका बैंक सीधी भर्ती में सितंबर 1993 से अन्य पिछड़े वर्ग (अपिव) के लिए भी आरक्षण कार्यान्वित कर रहा है. भारत सरकार द्वारा जारी "सेवाओं में अनुसूचित जाति (अजा), अनुसूचित जनजाति (अजजा) एवं अन्य पिछड़े वर्ग (अपिव) के लिए आरक्षण संबंधी ब्रोशर" के संशोधित अनुदेशों के अनुसार आरक्षण रजिस्टर को विधिवत् अपनाया गया है. आपके बैंक में 31 मार्च 2014 को विभिन्न संवर्गों की कुल संख्या में अजा, अजजा और अपिव का प्रतिनिधित्व नीचे तालिका 4 में दिया गया है.

तालिका 4 : अजा/अजजा/अपिव का प्रतिनिधित्व

31 मार्च 2014 को	कुल संख्या	जिनमें से		
	1,332.70	अजा	अजजा	अपिव
अधिकारी	13071	1635	524	2443
एक्जीक्यूटिव	1165	205	35	385
लिपिकीय		अजा	अजजा	अपिव
अधीनस्थ स्टाफ (स्वीपरों को छोड़कर)	1199	133	37	100
स्वीपर	1003	238	78	180
कुल	16438*	2211	674	674
कुल संख्या का %		13.45%	4.10%	18.91%

*बैंक में अधिकारी वर्ग में 9 कर्मचारी संविदा नियुक्ति पर तथा 1165 एक्जीक्यूटिव संविदा आधार पर हैं.

31 जनवरी 2014 को बैंक में 33 भूतपूर्व सैनिक और 387 शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्ति थे. आपका बैंक भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्तियों (पीडब्यूडी) के लिए अलग से रोस्टर रखता है. आपके बैंक ने अजा/ अजजा/ पीडब्ल्यूडी तथा अपिव के कर्मचारियों के लिए संबंधित श्रेणी में संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति की है तथा इंट्रानेट पर उनके नाम प्रदर्शित किए गए हैं ताकि कल्याण संघों के सदस्य इन कर्मचारियों की शिकायतों के प्रभावी रूप से निराकरण हेतु संपर्क अधिकारी तक पहुँच सकें.

6) प्रशिक्षण एवं विकास

एक सक्षम कार्यबल ही प्रत्येक सफल संगठन का आधार होता है. उत्कृष्टता हासिल करने के लिए आपके बैंक ने हमेशा प्रशिक्षण और विकास पहल कार्यों को सबसे आगे रखा है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने 583 आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 14,431 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया. 540 अधिकारियों ने बैंक के कार्य निष्पादन को प्रभावित करनेवाले देशी और वैश्विक परिवर्तनों के समतुल्य बने रहने के लिए भारत और विदेश के कुछ प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थानों के बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया. इसके अतिरिक्त, आपके बैंक ने सशक्त 90 दिवसीय परिचय कार्यक्रम के माध्यम से 1,438 ग्रेड 'ए' अधिकारियों को शामिल किया है, जिन्हें सभी मुख्य कारोबार वर्टिकलों के बारे में कक्षागत प्रशिक्षण और गहन ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण देने के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स पर जानकारी भी दी गई है.

आपके बैंक का ऑनलाइन लर्निंग पोर्टल, आई-वर्सिटी यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक कर्मचारी अपने डेस्कटॉप से आवश्यक ज्ञान प्राप्त कर सके. इसने बैंक में ज्ञानवर्धक वातावरण को बढ़ावा दिया है.

प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के कारोबार पर विशेष ध्यान होने के कारण प्रशिक्षण अनुसूची में आरबीजी के लिए प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र उधार (पीएसएल) प्रशिक्षण पर नियमित कार्यक्रम शामिल किए गए हैं जिनमें क्षेत्रीय प्रमुखों, आरबीजी शाखा प्रमुखों और परिसंपत्ति अधिकारियों को पीएसएल कारोबार को लक्ष्य स्तरों को प्राप्त करने के लिए कार्यशाला सम्मिलित है. आपका बैंक निरंतर रूप से ग्राहक केन्द्रित कौशल विकास कार्यक्रमों, जैसे ''ग्राहक अनुभव प्रबंध'' कार्यक्रम, के संचालन द्वारा ''ग्राहक आह्लाद'' के अपने मुख्य ध्येय कथन पर खरा उतरने का प्रयास करता रहता है.

> एक सक्षम कार्यबल ही प्रत्येक सफल संगठन का आधार होता है. उत्कृष्टता हासिल करने के लिए आपके बैंक ने हमेशा प्रशिक्षण और विकास पहल कार्यों को सबसे आगे रखा है.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, उसके प्रीमियम स्टाफ प्रशिक्षण कॉलेज, जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (जेएनआईबीएफ) को जनवरी 2014 में आईएसओ 9001-2008 प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया है.

वर्ष के दौरान, आपके बैंक के कार्य में कोई बड़ी बाधा नहीं आई तथा प्रस्तुत अधिकांश मामलों का निपटान मैत्रीभाव से किए जाने के कारण औद्योगिक संबंध का वातावरण सामान्यतः मैत्रीपूर्ण रहा.

सुविधाएं एवं बुनियादी सेवाएं

2013-14 के दौरान आपके बैंक ने 309 रिटेल शाखाएं खोली हैं, 16 शाखाओं का स्थान परिवर्तन तथा 13 शाखाओं का नवीकरण किया है. बैंक ने सीबीडी-बेलापुर कार्यालय परिसर में नया 33 केवी सब स्टेशन स्थापित किया है. वर्ष के दौरान आपके बैंक को पूर्व किदवई नगर, दिल्ली में नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन (एनबीसीसी) द्वारा विकसित किए जा रहे, कार्यालय-सह-आवासीय कॉम्प्लेक्स में कार्यालय के लिए 1,22,088 वर्गफुट माप का स्थान और 36 आवासीय फ्लैट सहित 150 कारों की पार्किंग का स्थान आबंटित किया गया है. एनबीसीसी शहरी विकास मंत्रालय द्वारा परियोजना के लिए नियुक्त कार्यान्वयन एजेंसी है. इस स्थान के लिए निर्माण कार्य नवंबर 2013 में आरंभ किया गया है और 2016 तक इस कार्य के पूरा हो जाने का लक्ष्य रखा गया है. आपके बैंक ने आईडीबीआई टॉवर, मुंबई में लगी 12 यात्री लिफ्टों के आधुनिकीकरण का कार्य भी पूरा किया है.

प्रबंध परिचर्चा एवं विश्लेषण

आईएसओ 9001:2008 प्रमाणित अत्याधुनिक करेंसी चेस्ट

आपका बैंक उद्योग जगत में भारतीय रिज़र्व बैंक की स्वच्छ नोट नीति के कार्यान्वयन में अग्रणी है. वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, पंचकुला, कोची, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद में अपने अत्याधुनिक करेंसी चेस्ट (सीसी) की श्रृंखला में जालंधर केंद्र को शामिल किया. ये सीसी सभी संबद्ध शाखाओं से नकदी प्रोसेस करते हैं तथा एटीम एवं शाखाओं के तंत्र के माध्यम से विपणन के लिए स्वच्छ नोट प्रदान करते हैं. अहमदाबाद और जालंधर के नए सीसी को छोड़कर अन्य सभी सीसी को आईएसओ 9001-2008 गुणवत्ता प्रमाणपत्र के अंतर्गत प्रमाणित किया गया है.

आंतरिक लेखा परीक्षा

आपके बैंक में एक परिपूर्ण आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग है जो विभिन्न कारोबार/ सहायता वर्टिकलों, शाखाओं तथा सहायक संस्थाओं द्वारा किये जा रहे सभी कार्यकलापों की नियमित लेखा परीक्षा करता है. बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति के दिशानिर्देशों तथा पर्यवेक्षण के अंतर्गत लेखा परीक्षा की जाती है. लेखा परीक्षा, नियत कार्यों को करते समय अपनी स्वतंत्रता तथा वस्तुनिष्ठता को बनाए रखती है. आपके बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अपने कार्यों के लिए जोखिम-आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा को अपनी रणनीति के रूप में अपनाया है तथा आंतरिक एवं समवर्ती लेखा परीक्षा पर भारत सरकार द्वारा हाल में जारी दिशानिर्देशों को कार्यान्वित किया है. इसके अतिरिक्त आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य की प्रभावशीलता को वेब आधारित लेखा परीक्षा प्रबंध प्रणाली का कार्यान्वयन, ऑफ-साइट अलर्ट प्रबंध प्रणाली तथा महत्वपूर्ण केंद्रों पर लेखा परीक्षा केंद्र (ऑडिट हब) की स्थापना के पश्चात् और अधिक बढ़ाया गया है

आपके बैंक के पास परिचालनों के स्वरूप और जटिलताओं के अनुरूप प्रौद्योगिकी और आईटी सुरक्षा से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा व्यवस्था के हिस्से के रूप में अनुभवी आंतरिक सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा (आई एस ऑडिट) टीम मौजूद है.

आपके बैंक ने विनियामक आवश्यकताओं के अनुसार आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य के पूरक के रूप में एक व्यापक समवर्ती लेखा परीक्षा प्रणाली भी कार्यान्वित की है. अपनी ऋण पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के उद्देश्य से पिछले साल एक ऋण लेखा-परीक्षा प्रणाली 2012-13 से लागू की गयी. यह प्रणाली व्यापक रूप से ऋण मूल्यांकन, ऋणों की मंजूरी और ऋण प्रशासन के क्षेत्र में आपके बैंक की नीतियों के अनुपालन का आकलन करती है. आपका बैंक आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था की पर्याप्तता एवं प्रभावशीलता, नीतियों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन का निरंतर आधार पर मूल्यांकन करता है तथा विभिन्न जोखिमों का समय पर समाधान करने के लिए नियंत्रणों को मजबूत और चुस्त-दुरुस्त बनाने के उपाय सुझाता है. इसे ध्यान में रखते हुए आपका बैंक जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा नीति, समवर्ती लेखा परीक्षा नीति, सूचना सुरक्षा लेखा परीक्षा नीति और धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन नीति की वार्षिक आधार पर समीक्षा करता है.

धोखाधड़ी प्रबंध प्रणाली

आपके बैंक ने आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग के अंतर्गत धोखाधड़ी निगरानी समूह (एफएमजी) के माध्यम से धोखाधड़ी निगरानी व्यवस्था की शरुआत की है. धोखाधड़ियों की निगरानी और समीक्षा करने के लिए धोखाधड़ी समीक्षा परिषद् (एफआरसी) का गठन किया गया है जिससे प्रणालीगत खामियों, यदि कोई हैं, की पहचान की जा सके, सुधारात्मक उपाय शुरू किये जा सकें तथा जांच की प्रगति और वसूली स्थिति की निगरानी की जा सके. धोखाधड़ी निगरानी समूह धोखाधड़ियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उपचारात्मक कार्रवाई की प्रभावोत्पादकता की भी समीक्षा करता है. इस प्रकार की कार्रवाई में आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत बनाना और आवश्यकता आधारित उपचारात्मक उपाय करना शामिल है. धोखाधड़ियों के संभावित क्षेत्रों को एक प्रभावी नियंत्रण एवं प्रबंधन प्रणाली प्रदान करने के लिए एक विस्तृत धोखाधड़ी जोखिम प्रबंध नीति कार्यान्वित की गई है. इस नीति में धोखाधड़ी का पहले ही पता लगा लेना, नियंत्रण, रिपोर्टिंग, निगरानी और उस पर कार्रवाई के लिए कार्यपद्धति भी शामिल है.

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति और कार्यपालकों की लेखा परीक्षा समिति कार्य-निष्पादन की निरंतर आधार पर समीक्षा करती है, आंतरिक लेखा परीक्षा के कर्मियों को दिशानिर्देश देती है और आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की प्रभावशीलता और इसी प्रकार विनियामक दिशानिर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करती है.

सतर्कता तंत्र

आपके बैंक के कॉरपोरेट केंद्र में स्थित पूर्ण रूप से सुसज्जित सतर्कता विभाग, सतर्कता से जुड़ी शिकायतों की जांच करने के लिए शीर्ष प्रबंधन को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने तथा नियंत्रण प्रणालियों और निर्धारित प्रक्रियाओं में कमियों, यदि कोई हैं, में सुधार लाने के लिए सुधारात्मक उपाय सुझाने के लिए एक माध्यम के रूप में कार्य करता है. यह सतर्कता से संबंधित अनुशासनिक-कार्रवाई मामलों में दंड की मात्रा और प्रकार के बारे में सुझाव भी प्रदान करता है. आपके बैंक ने सतर्कता प्रशासन में सुधार लाने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों को कार्यान्वित किया है, जिसके अंतर्गत जनता / किसी अन्य स्रोत से प्राप्त शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाती है. इस संवेदनशील पहलू पर महत्वपूर्ण दिशानिर्देशों को सूचना एवं अनुपालन हेतु कर्मचारियों के लिए आंतरिक साइट पर प्रदर्शित किया गया है.

वर्ष के दौरान बिना पूर्व सूचना दिए विभिन्न शाखाओं के सतर्कता दौरे किये गये ताकि कदाचार, यदि कोई हो तथा निर्दिष्ट प्रणालियों और प्रक्रियाओं के गैर-अनुपालन का पता लगाया जा सके. जहां आवश्यक समझा गया वहां सुधारात्मक उपाय सुझाए गए. इसके अतिरिक्त, आपके बैंक के कर्मचारियों में सतर्कता जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने के लिए वर्ष के दौरान निवारक एवं सहभागितात्मक सतर्कता पर केंद्रित कई चर्चापरक कार्यशालाएं व विशेषज्ञों के व्याख्यान/ प्रस्तुतियां आयोजित की गईं.

कर्मचारियों को भ्रष्टाचार की बुराइयों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए प्रधान कार्यालय, आंचलिक कार्यालयों और शाखा कार्यालयों में 28 अक्तूबर 2013 से 02 नवंबर 2013 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया.

विनियामक अनुपालन

आपके बैंक ने विभिन्न सांविधिक और विनियामक शर्तों एवं दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं. मुख्य अनुपालन अधिकारी की अध्यक्षता में एक समर्पित अनुपालन विभाग है जो निम्नलिखित प्रकार के अनुपालन संबंधी कार्यकलापों पर नजर रखता है :

क) सांविधिक प्रावधान (बैंककारी विनियमन अधिनियम, भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, फेमा, धनशोधन निवारण अधिनियम आदि),

ख) विनियामक दिशानिर्देश (आरबीआई, आईआरडीए, सेबी आदि),

ग) उद्योग संघ/ स्व-विनियामक निकायों द्वारा निर्धारित मानक एवं पद्धतियां (बीसीएसबीआई, आईबीए, फेडाई, फिम्मडा आदि)

घ) आपके बैंक की आंतरिक नीतियां

आईआईएल ने कारोबार प्रारम्भ नहीं किया जैसा कि उसे विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के आईडीबीआई इंफ्राफिन लि. के इक्विटी में सहभागिता के लिए भारत सरकार के अनुमोदन की प्रतीक्षा थी. तथापि, भारत सरकार ने, आईडीबीआई बैंक द्वारा आईडीएफ़ की स्थापना की स्वीकृति नहीं दी. आईडीबीआई बैंक के निदेशक मंडल ने इसलिए, 28 फरवरी 2014 को हुई अपनी बैठक में आईआईएल के समापन का प्रस्ताव स्वीकृत किया और आईआईएल को कंपनी के समापन हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया है. आईआईएल में आईडीबीआई बैंक के निवेश को हमारे बही खाते में ₹ 1 तक घटाया गया है जिसके परिणामस्वरूप आईआईएल को समेकित उद्देश्य के लिए सहयोगी कंपनी बनाने से रोका गया है.

IIL did not commence business as it was awaiting GoI's approval for participation of various Public Sector Banks in the equity of IDBI Infrafin Ltd. GoI has however, not approved the setting up of IDF by IDBI Bank. The Board of Directors of IDBI Bank have, therefore, at its meeting held on February 28, 2014 approved the proposal for winding up of IIL and IIL has been advised to take necessary steps for winding up of the company. The investment of IDBI Bank in IIL has been written down to ₹ 1 in our books consequently IIL ceases to be associate company for consolidation purpose.

3 अनुमानों का उपयोग / Use of Estimates:

वित्तीय विवरण तैयार करने हेतु प्रबंधन के लिए यह जरूरी है कि वह ऐसे अनुमान एवं धारणाएं बनाये जो वित्तीय विवरणों की तारीख को दर्शायी गई परिसंपत्तियों, देयताओं, व्ययों, आय की राशि और आकस्मिक देयताओं के प्रकटीकरण को प्रभावित करती है. प्रबंधन को विश्वास है कि ये अनुमान एवं धारणाएं तर्कपूर्ण और विवेकपूर्ण हैं. तथापि, वास्तविक परिणाम अनुमानों से अलग हो सकते हैं. लेखा अनुमानों में किसी भी तरह के संशोधन को चालू तथा भावी अवधियों में भविष्यलक्षी प्रभाव से हिसाब में लिया जाता है.

The preparation of financial statements requires the management to make estimates and assumptions that affect the reported amount of assets, liabilities, expenses, income and disclosure of contingent liabilities as at the date of the financial statements. Management believes that these estimates and assumptions are reasonable and prudent. However, actual results could differ from estimates. Any revision to accounting estimates is recognized prospectively in current and future periods.

4 राजस्व निर्धारण / Revenue Recognition:

राजस्व का निर्धारण इस अधिसंभाव्य सीमा के तहत किया जाता है कि आर्थिक फायदों का प्रवाह समूह को होगा तथा राजस्व का परिमाण विश्वशत रूप से मापा जा सकता है.

Revenue is recognized to the extent it is probable that the economic benefits will flow to the Group and the revenue can be reliably measured.

i. ब्याज आय तथा लीज किराये की गणना उपचित आधार पर की जाती है, जबकि गैर निष्पादक परिसंपत्तियों के मामले में रिजर्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार वसूली के बाद गणना की जाती है.

Interest income is recognized on accrual basis except in the case of nonperforming assets where it is recognized upon realization as per the prudential norms of RBI.

ii. साख पत्र / बैंक गारंटी पर कमीशन की गणना साख पत्र /गारंटी की अवधि में उपचित आधार पर की जाती है.

Commissions on Letter of Credit (LC)/Bank Guarantee (BG) are accrued over the period of LC/ BG.

iii. शुल्क आधारित आय को प्राप्ति की सुनिश्चितता के आधार पर उपचित किया जाता है तथा यह ग्राहक से हुए करार के अनुसार कार्य की प्रगति के आधार पर लिया जाता है.

Fee based income are accrued on certainty of receipt and is based on milestones achieved as per terms of agreement with the client.

iv. बट्टाकृत लिखतों पर आय की गणना लिखत की अवधि पर स्थायी प्राप्ति के आधार पर की जाती है.

Income on discounted instruments is recognized over the tenure of the instrument on a constant yield basis.

v. लाभांश की गणना उपचय आधार पर की जाती है, जब लाभांश की प्राप्ति का अधिकार तय हो जाता है.

Dividend is accounted on an accrual basis when the right to receive the same is established.

vi. अग्रिमों के मामले में वसूली का विनियोजन ऋण करार / पुनर्संरचना पैकेज में विनिर्दिष्ट विनियोजन के क्रम के अनुसार किया जाता है.
In case of advances, recovery is appropriated as per the order of appropriation specified in the loan agreement / restructuring package.

vii. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज लि. के मामले में

In case of IDBI Capital Market Services Ltd,

क) कूपन दर वाली ऋण प्रतिभूतियों की एकमुश्त आधार पर खरीद अथवा बिक्री पर प्रदत्त अथवा प्राप्त कुल प्रतिफल को मुख्य प्रतिफल और उपचित ब्याज के रूप में अलग से निर्धारित किया जाता है. ऐसी प्रतिभूतियों की खरीद पर निवल ब्याज के रूप में प्रदत्त राशि तथा बिक्री पर प्राप्त राशि को निवल आधार पर गणना की जाती है और उसे ब्याज के जरिए व्यय अथवा आय के रूप में हिसाब में लिया जाता है.

a) Devolvement of equity shares in respect of issues underwritten by the company are treated as investments. Underwriting income on these issues are credited to profit and loss account and not netted against the value of investments.

ख) व्यापार दिनांकों के आधार पर सेकेंडरी मार्केट कार्य पर अर्जन दलाली और कमीशन का निर्धारण होता है. व्यापार दिनांकों के आधार पर ऑनलाइन पोर्टल कार्य पर दलाली का निर्धारण होता है. विपणन निर्गम और संसाधन जुटाने के विषय में दलाली और कमीशन सूचना की उपलब्धता की सीमा तक उपचित हैं.

b) Brokerage and commission earned on secondary market operations is recognized on the basis of trade dates. Brokerage on online portal operations is recognized on the basis of trade dates. Brokerage and commission in respect of issue marketing and resource mobilization are accrued to the extent of availability of information.

ग) डिपॉज़िटरी, पोर्टफोलियो प्रबंधन, निवेश बैंकिंग और अन्य शुल्कों की गणना की उपचय आधार पर की जाती है.

c) Depository, Portfolio Management, Investment Banking and other fees are accounted for on accrual basis.

viii. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. के मामले में निवेश प्रबंधन शुल्क का निर्धारण उपचित आधार पर आईडीबीआई म्युचुअल फंड की योजनाओं की दैनिक औसत परिसंपत्तियों के प्रतिशत पर इस प्रकार किया जाता है कि यह भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ('सेबी') (म्युचुअल फंड) विनियमन, 1996 (विनियमन) तथा अन्य कोई संशोधन अथवा संबंधित योजनाओं के ऑफर डॉक्यूमेंट में विनिर्दिष्ट दरों से ज्यादा न होने पाए.

In case of IDBI Asset Management Ltd, Investment Management fees are recognized net of service tax on an accrual basis as a percentage of the average daily net assets of the schemes of IDBI Mutual funds, such that it does not exceed the rates prescribed by the Securities and Exchange Board of India ('SEBI') (Mutual Fund) Regulations, 1996 (the 'Regulations') and any other amendments or offer document of the respective schemes.

ix. आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि. के मामले में

In case of IDBI MF Trustee Company Ltd,

क) ट्रस्टीशिप शुल्क का निर्धारण उपचित आधार पर आईडीबीआई म्युचुअल फंड की योजनाओं की दैनिक औसत परिसंपत्तियों के प्रतिशत पर इस प्रकार किया जाता है कि यह भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ('सेबी') (म्युचुअल फंड) विनियमन, 1996 (विनियमन) तथा अन्य कोई संशोधन अथवा संबंधित योजनाओं के ऑफर डॉक्यूमेंट में विनिर्दिष्ट दरों से ज्यादा न होने पाए.

a) Trusteeship fees are recognized on an accrual basis as a percentage of the average daily net assets of the schemes of IDBI Mutual funds, such that it does not exceed the rates prescribed by the Securities and Exchange Board of India ('SEBI') (Mutual Fund) Regulations, 1996 (the 'Regulations') and any other amendments or offer document of the respective schemes.

ख) आईडीबीआई म्युचुअल फंड की योजनाओं के व्यय की भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) (म्युचुअल फंड) विनियमन, 1996 में विनिर्दिष्ट की गई सीमा से अधिक होने पर अतिरिक्त व्यय की राशि कंपनी वहन करेगी तथा इसे लाभ-हानि खाते में प्रभारित किया जाएगा.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

b) Expenses of the scheme of IDBI Mutual Fund in excess of the limits prescribed by the Securities and Exchange Board of India (Mutual Fund) Regulations Act 1996 are required to be borne by the Company as per the said regulations and as such are charged to the Profit and Loss account.

आईडीबीआई इंटेक लि. के मामले में समय तथा तात्विक आधार पर मूल्य निर्धारित संविदाओं से प्राप्त राजस्व को उस समय हिसाब में लिया जाता है जब सेवाएं प्रदान की जाती हैं और संबंधित लागत उपगत किए जाते हैं. उत्पादों की बिक्री से राजस्व को कार्य की प्रगति के आधार पर तथा सहमत शर्तों के अनुसार माल के स्वामित्व के अंतरण पर हिसाब में लिया जाता है. वार्षिक तकनीकी सेवा राजस्व को प्रदान की गई सेवाओं की अवधि के दौरान आनुपातिक रूप से हिसाब में लिया जाता है. राष्ट्रीय संविदा केंद्र से प्राप्त राजस्व को बिक्री की पुष्टि प्राप्त होने पर हिसाब में लिया जाता है.

x. In case of IDBI Intech Ltd, Revenue from contracts priced on time and material basis are recognized when services are rendered and related costs are incurred. Revenue from sale of products is recognized on achievement of milestone basis and transfer of property of goods as per agreed terms. Annual Technical Services revenue is recognized proportionately over the period in which the services are rendered. Revenue from National Contact Centre is recognized upon receipt of confirmation of sales.

आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लि. के मामले में यदि बकाया देय राशियां अगले दो वित्तीय वर्षों की समाप्ति तक वसूल नहीं की जाती हैं, तो समनुदेशनों को अनियमित समनुदेशनों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. इस प्रकार के अनियमित समनुदेशनों की आय प्राप्ति के वर्ष में ही गणना में ली जाती है. इस प्रकार के अनियमित समनुदेशनों की कोई बकाया राशि जो विगत किसी वर्ष में बट्टे खाते डाल दी गई हो, यदि वह चालू वर्ष में आय के रूप में उपचित हो जाती हो, तो उसे प्रतिवर्त कर दिया जाता है. लेखांकन नीति में परिवर्तन हुआ है क्योंकि पहले बट्टे खाते डाले जानेवाले अशोध्य ऋण एक वित्तीय वर्ष पूरा होते ही डाल दिए जाते थे.

xi. In case of IDBI Trusteeship Services Ltd, Assignments are to be classified as irregular assignments if any outstanding dues are not recovered till the end of next two financial years. Income in respect of such irregular assignments is accounted for in the year of receipt. Any previous year/s amount outstanding against, such irregular assignments are written off as bad debt in year of such determination and current year income accrued, if any, is reversed. There is a change in the accounting policy as the write off of bad debts was previously done after completion of one financial year.

जब अंतिम समाधान अनिश्चित हो, तो अन्य ऋणों को अशोध्य व बट्टे खाते समझा जाता है.

Other Debts are considered as bad and written off when ultimate realisation is uncertain.

जीवन बीमा संयुक्त उद्यम - आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.

Life Insurance Joint Venture-IDBI Federal Life Insurance Company Ltd

(i) प्रीमियम आय / Premium Income:

गैर-संबंध कारोबार के लिए, प्रीमियम (सेवा कर घटाकर) को देय होने पर आय के रूप में अभिनिर्धारित किया जाता है. व्यपगत पॉलिसियों के प्रीमियम को इन पॉलिसियों के फिर से सक्रिय होने पर आय के रूप में हिसाब में लिया जाता है.

For non-linked business, premium (net of service tax) is recognized as income when due. Premium on lapsed policies is recognized as income when such policies are reinstated.

संराशीकृत प्रीमियम को संराशीकरण वर्ष में देय माना जाता है और उसे नवीकरण प्रीमियम माना जाता है.

Commuted premium is considered as due in the year of commutation and is considered as renewal premium.

टॉप अप प्रीमियमों को एकल प्रीमियम माना जाता है.

Top up premiums are considered as single premium.

संबद्ध कारोबार के लिए संबद्ध यूनिटों के सृजन पर प्रीमियम को आय माना जाता है.

For linked business, premium is recognized as income when the associated units are allotted.

(ii) संबद्ध निधि से आय / Income from Linked fund:

संबद्ध निधियों से आय, जिसमें निधि प्रबंध शुल्क, नीति प्रशासन शुल्क, बीमा की लागत आदि शामिल हैं, को बीमा पॉलिसी के निबंधन एवं शर्तों के अनुसार संबद्ध निधि से वसूला जाता है और उपचय आधार पर हिसाब में लिया जाता है.

Income from linked funds which includes fund management charges, policy administration charges, cost of insurance, etc. are recovered from the linked fund in accordance with terms and conditions of policy and are accounted on accrual basis.

(iii) निवेशों पर अर्जित आय / Income Earned on Investments:

निवेशों पर ब्याज आय को उपचय आधार पर निर्धारित किया जाता है. बट्टे का उपचय व ऋण प्रतिभूतियों से संबद्ध प्रीमियम के परिशोधन का निर्धारण सीधी-पंक्ति आधार पर धारिता / परिपक्वता अवधि के बाद किया जाता है.

Interest income on investments is recognized on accrual basis. Accretion of discount and amortization of premium relating to debt securities is recognized over the holding/maturity period on a straight-line basis.

लाभांश आय का निर्धारण तब किया जाता है जब लाभांश प्राप्ति का अधिकार स्थापित हो जाए.

Dividend income is recognized when the right to receive dividend is established.

सहबद्ध कारोबार के अलावा ऋण प्रतिभूतियों की बिक्री पर लाभ या हानि निवल बिक्री विचार व परिशोधन का अंतर होता है, जिसकी गणना बिक्री की तारीख के अनुसार औसत भारित आधार पर की जाती है.

Profit or loss on sale of debt securities for other than linked business is the difference between the net sale consideration and the amortized cost, which is computed on a weighted average basis, as on the date of sale.

सहबद्ध कारोबार के अलावा इक्विटी शेयरों व म्युच्युअल फंड यूनिटों की बिक्री पर लाभ या हानि निवल बिक्री विचार व वहन राशि का अंतर होता है, जिसकी गणना बिक्री की तारीख के अनुसार औसत भारित आधार पर की जाती है तथा इसमें पूर्व में "उचित मूल्य परिवर्तन खाते" के अंतर्गत निर्धारित उचित मूल्य के संचयी परिवर्तनों को शामिल किया जाता है.

Profit or Loss on sale of equity shares and mutual funds units for other than linked business is the difference between the net sale consideration and the carrying amount, which is computed on weighted average basis, as on the date of sale and includes the accumulated changes in the fair value previously recognized under "Fair Value Change Account".

सहबद्ध कारोबार के लिए धारित निवेशों की बिक्री पर लाभ या हानि निवल बिक्री विचार व वहन राशि का अंतर होता है, जिसकी गणना बिक्री की तारीख के अनुसार औसत भारित आधार पर की जाती है.

Profit or loss on sale of investment held for linked business is the difference between the net sale consideration and the carrying amount, which is computed on a weighted average basis, as on the date of sale.

(iv) पुनर्बीमा प्रीमियम / Reinsurance premium:

सत्तांतरित पुनर्बीमा की लागत पुनर्बीमाकर्ता के साथ हुए समझौते या सिद्धांततः व्यवस्था के अनुसार प्रीमियम आय के निर्धारित करने के समय हिसाब में ली जाती है. सत्तांतरित पुनर्बीमा का लाभ या कमीशन पुनर्बीमा में अर्पित किए गए प्रीमियम में से घटाया जाता है.

Cost of reinsurance ceded is accounted for at the time of recognition of premium income in accordance with the treaty or in-principle arrangement with the reinsurer. Profit or commission on reinsurance ceded is netted off against premium ceded on reinsurance.

(v) अर्जन लागत / Acquisition Costs:

अर्जन लागतें वे लागतें होती हैं जो प्राथमिक रूप से बीमा संविदा के अर्जन से जुड़ी होती हैं तथा ये जिस अवधि में वहन की जाती हैं, तभी व्यय की जाती हैं.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

Acquisition costs are costs that vary with and are primarily related to acquisition of insurance contracts and are expensed in the period in which they are incurred.

(vi) प्रदत्त लाभ / Benefits Paid:

प्रदत्त लाभ में पॉलिसी लाभ क़ा दावा निपटान, यदि कोई हो, शामिल है.

Benefits paid comprise of policy benefits and claim settlement costs, if any.

मृत्यु, राइडर एवं अभ्यर्पण दावे सूचना मिलने के बाद हिसाब में लिए जाते हैं. उत्तरवर्ती लाभ दावे व परिपक्वता दावे तब हिसाब में लिए जाते हैं, जब वे देय होते हैं.

Death, rider and surrender claims are accounted for on receipt of intimation. Survival benefit claims and maturity claims are accounted when due.

सम्बद्ध पॉलिसियों के अंतर्गत आहरण सहबद्ध यूनिटों के निरस्त होने पर संबंधित योजना में हिसाब में लिए जाते हैं.

Withdrawals under linked policies are accounted in the respective schemes when the associated units are cancelled.

पुनर्बीमा वसूलियां संबंधित दावों की अवधि में ही हिसाब में ली जाती हैं.

Reinsurance recoveries on claims are accounted for, in the same period as the related claims.

(vii) बीमांकिक देयता मूल्यांकन / Actuarial liability valuation:

जीवन बीमा के मामले में प्रवर्तमान बीमा पॉलिसियों के संबंध में तथा ऐसी पॉलिसियों के संबंध में जहाँ प्रीमियम तो जारी नहीं है, लेकिन देयता विद्यमान है, उनके संबंध में बीमांकिक देयता का निर्धारण नियुक्त बीमांकक द्वारा स्वीकार्य बीमांकक प्रथाओं, बीमा अधिनियम, 1938, इरडा विनियमन व भारतीय बीमांकक संस्थान के बीमांकक प्रथा मानकों की अपेक्षाओं के अनुरूप सकल प्रीमियम पद्धति से किया जाता है. संबद्ध पॉलिसियों के अंतर्गत देयताएं यूनिटों के मूल्य व मृत्यु एवं रुग्णता जोखिमों के संबंध में भावी गैर यूनिट रिजर्व का योग करने के बाद पॉलिसी प्रभार घटाकर निकाली जाती हैं.

Actuarial liability for life policies in force and for policies in respect of which premium has been discontinued but a liability exists, is determined by the Appointed Actuary using the gross premium method, in accordance with accepted actuarial practice, requirements of Insurance Act 1938, IRDA regulations and the Actuarial Practice Standards of the Institute of Actuaries of India. Liabilities under unit linked policies are the sum of the value of units and the prospective non unit reserve in respect of mortality and morbidity risks and future policy expenses, less policy charges.

5 अग्रिम और प्रावधान / Advances and Provisions:

i. अग्रिमों को मानक, अवमानक, संदिग्ध तथा हानि परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है तथा रिजर्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार प्रावधान किए जाते हैं. अग्रिमों को अनर्जक परिसंपत्तियों के लिए किये गए प्रावधानों को घटाकर दिखाया जाता है.

Advances are classified into Standard, Sub-standard, Doubtful and Loss assets and provisions are made in accordance with the prudential norms prescribed by RBI. Advances are stated net of provisions towards non-performing advances.

ii. जहाँ बही ऋणों सहित मूर्त प्रतिभूति पर अग्रिमों का न्यूनतम 10% भाग विनिर्दिष्ट / सृजित किया जाता है, वहाँ अग्रिमों को 'मूर्त परिसंपत्तियों द्वारा प्रतिभूत' के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. एस्क्रो, गारंटी, चुकौती आश्वासन पत्र, ब्रांड पर प्रभार, लाइसेंस, पेटेंट, कॉपीराइट आदि पर प्रभार को 'मूर्त परिसंपत्तियां' नहीं माना जाता है.

Advances are classified as `Secured by Tangible Assets' when security of at least 10% of the advance has been stipulated/created against tangible security including book debts. Security in the nature of escrow, guarantee, comfort letter, charge on brand, license, patent, copyright etc are not considered as `Tangible Assets'.

iii. विगत वर्षों में बट्टे खाते डाले गए ऋणों में की गई वसूलियों तथा ऋणी की मौजूदा स्थिति में आवश्यक न समझे गए प्रावधानों की राशि को लाभ व हानि खाते में निर्धारित किया जाता है.

Amounts recovered against debts written-off in earlier years and provisions no longer considered necessary in the context of the current status of the borrower are recognized in the profit and loss account.

iv. ऋण और अग्रिमों की पुनर्रचना/पुनर्निर्धारण पर प्रावधान बैंकों द्वारा ऋण और अग्रिमों की पुनर्रचना पर लागू रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है.

Provision on loans and advances restructured/rescheduled is made in accordance with the applicable RBI guidelines on restructuring of loans and advances by Banks.

v. रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों की आवश्यकतानुसार बैंक प्रतिचक्रीय सुरक्षा बनाता है, जो बोर्ड के अनुमोदन से, समय-समय पर संशोधित होता है और इसका उपयोग रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमत परिस्थितियों और सीमाओं के अंतर्गत करता है.

The Bank makes countercyclical buffer as required by RBI guidelines, amended from time to time, with the approval of the Board and utilizes the same within the limits and in the circumstances permitted by RBI.

6 निवेश / Investments:

वर्गीकरण / Classification:

रिजर्व बैंक के मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार संपूर्ण निवेश पोर्टफोलियो को निम्नलिखित श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है:

In terms of extant guidelines of the RBI on Investment classification and Valuation, the entire investment portfolio is categorized as:

i. परिपक्वता तक धारित

Held To Maturity,

ii. बिक्री के लिए उपलब्ध तथा

Available For Sale and

iii. क्रय-विक्रय के लिए धारित

Held For Trading.

प्रत्येक श्रेणी के अतंर्गत निवेश को नियत रूप में पुनः वर्गीकृत किया गया है.

Investments under each category are further classified as:

i. सरकारी प्रतिभूतियाँ

Government Securities

ii. अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियाँ

Other Approved Securities

iii. शेयर

Shares

iv. डिबेंचर तथा बॉण्ड

Debentures and Bonds

v. सहायक संस्थाएं /संयुक्त उद्यम

Subsidiaries/ Joint Ventures

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

vi. अन्य (वाणिजियक पत्र, म्यूचुअल फंड यूनिट, प्रतिभूति रसीद व प्रभाव अंतरण प्रमाणपत्र, सिडबी, नाबार्ड, एनएचबी, आरआईडीएफ जमा)

Others (Commercial Paper, Mutual Fund Units, Security Receipts & Pass Through Certificate, SIDBI/NABARD/ NHB/RIDF Deposit).

वर्गीकरण का आधार / Basis of Classification:

क) बैंक द्वारा परिपक्वता तक धारित रखने के उद्देश्य से किए गए निवेशों को 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है.

a) Investments that the Bank intends to hold till maturity are classified as 'Held to Maturity'.

ख) खरीद की तारीख से 90 दिनों के अंदर पुनः बिक्री किए जाने के उद्देश्य से धारित निवेशों को 'क्रय-विक्रय के लिए धारित' शीर्ष के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है.

b) Investments that are held principally for resale within 90 days from the date of purchase are classified as 'Held for Trading'.

ग) जो निवेश उपर्युक्त दोनों श्रेणियों में नहीं आते हैं, उन्हें 'बिक्री के लिए उपलब्ध' शीर्ष के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है.

c) Investments, which are not classified in the above two categories, are classified as 'Available for Sale'.

घ) निवेश को उसकी खरीद के समय 'परिपक्वता तक धारित', 'बिक्री के लिए उपलब्ध' अथवा 'क्रय-विक्रय के लिए धारित' शीर्ष के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है और उसके बाद उन्हें विनियामक दिशा-निर्देशों के अनुसार श्रेणियों में उन्हें अंतरित किया जाता है.

d) An investment is classified as 'Held to Maturity', 'Available for Sale' or 'Held for Trading' at the time of its purchase and subsequent shifting amongst categories and its valuation is done in conformity with RBI guidelines.

ड) सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों में किए गए निवेशों को 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है.

e) Investments in subsidiaries, joint venture are classified as 'Held to Maturity'.

मूल्यांकन / Valuation:

i) किसी निवेश की अर्जन लागत को निर्धारित करने में :

In determining the acquisition cost of an investment:

क) सेकंडरी बाजार से खरीदी गयी इक्विटी लिखतों के मामले में प्रदत्त दलाली, कमीशन, स्टाम्प ड्यूटी और अन्य करों को अर्जन लागत में शामिल किया जाता है जबकि ट्रेजरी निवेशों सहित अन्य निवेशों के मामले में ऐसे व्ययों को लाभ और हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है.

a) Brokerage, commission, stamp duty and other taxes paid are included in cost of acquisition in respect of acquisition of equity instruments from the secondary market whereas in respect of other investments, including treasury investments, such expenses are charged to Profit and Loss Account.

ख) खंडित अवधि के लिए प्रदत्त/ प्राप्त ब्याज को अर्जन लागत/ बिक्री में शामिल नहीं किया जाता है और उसे ब्याज व्यय/ आय माना जाता है.

b) Broken period interest paid/ received is excluded from the acquisition cost/ sale and treated as interest expense/ income.

ग) लागत को भारित औसत लागत प्रणाली के आधार पर निर्धारित किया जाता है.

c) Cost is determined on the weighted average cost method.

ii) 'परिपक्वता तक धारित' रखे गये निवेशों को अर्जन लागत के अनुसार हिसाब में लिया जाता है, लेकिन यदि उनका मूल्य अंकित मूल्य से अधिक हो, तो परिपक्वता की शेष बची अवधि में उन्हें सीधी पंक्ति आधार पर परिशोधित किया जाता है. निवेशों के मूल्य में अस्थायी स्वरूप की कमी के अलावा होने वाली अन्य कमी के संबंध में प्रत्येक निवेश के लिए अलग-अलग प्रावधान किया जाता है.

Investments 'Held To Maturity' are carried at acquisition cost unless it is more than the face value, in which case the premium is amortized on straight line basis over the remaining period of maturity. Diminution, other than temporary, in the value of investments in subsidiaries/ joint venture under this category is provided for each investment individually.

iii) क्रय-विक्रय के लिए धारित तथा बिक्री के लिए उपलब्ध श्रेणियों के अंतर्गत निवेशों को स्क्रिप-वार अंकित किया जाता है और प्रत्येक श्रेणी में हुए निवल ह्रास, यदि कोई हो, को लाभ - हानि लेखे में दर्शाया जाता है जबकि किसी निवल वृद्धि, यदि कोई हो, को छोड़ दिया जाता है.

Investments 'Held for Trading' and 'Available For Sale' are marked to market scrip-wise and the resultant net depreciation, if any, in each category is recognized in the Profit and Loss account, while the net appreciation, if any, are ignored.

क) ट्रेजरी बिलों, वाणिज्यिक पत्रों तथा जमा प्रमाणपत्रों का मूल्यांकन रखाव लागत पर किया जाता है.

a) Treasury Bills, commercial papers and certificates of deposit being discounted instruments are valued at carrying cost,

ख) क्रय -विक्रय/उद्भूत किये गये निवेशों के संबंध में बाजार मूल्य स्टॉक एक्सचेंजों में उपलब्ध क्रय-विक्रय/ भाव-सूची से लिया जाता है. सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्य बाजार मूल्यों अथवा भारतीय निर्धारित आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्न संघ (एफआईएमएमडीए) के साथ मिलकर भारतीय प्राथमिक व्यापारी संघ (पीडीएआई) द्वारा घोषित मूल्यों के आधार पर लिया जाता है.

b) In respect of traded/ quoted investments, the market price is taken from the trades/ quotes available on the stock exchanges. Government Securities are valued at market prices or prices declared by Primary Dealers Association of India (PDAI) jointly with Fixed Income Money Market and Derivative Association of India (FIMMDA)

ग) अनुद्भूत शेयरों का मूल्य विश्लेषित मूल्य/पुनर्खरीद मूल्य अथवा यदि नवीनतम तुलन पत्र उपलब्ध हो, तो निवल परिसंपत्ति मूल्य के आधार पर अथवा रिजर्व बैंक के तत्संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुसार ₹ 1 प्रति कंपनी की दर से निकाला जाता है, नियत आय वाली अनुद्भूत प्रतिभूतियों (सरकारी प्रतिभूतियों को छोड़कर) का मूल्य समान परिपक्वता अवधि वाली केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियों की परिपक्वता पर प्रतिफल (वाईटीएम) दरों पर समुचित रूप से अधिक दर निर्धारित कर वाईटीएम आधार पर निकाला जाता है. इस प्रकार के सीमांकन व वाईटीएम दरों को एफआईएमएमडीए द्वारा प्रकाशित संबंधित दरों के आधार पर लागू किया जाता है.

c) The unquoted shares are valued at break-up value or at Net Asset Value if the latest balance sheet is available, else at ₹ 1 per company and units are valued at repurchase price, as per relevant RBI guidelines. The unquoted fixed income securities (other than government securities) are valued on Yield to Maturity (YTM) basis with appropriate mark-up over the YTM rates for Central Government securities of equivalent maturity. Such mark up and YTM rates applied are as per the relevant rates published by FIMMDA.

घ) परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों का मूल्यांकन रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गए तथा ऐसे लिखतों पर लागू दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है. तद्नुसार ऐसे मामलों में जहाँ परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों द्वारा जारी नकदी प्रवाह, संबंधित योजना में लिखतों को समनुदेशित वित्तीय परिसंपत्तियों की वास्तविक वसूली तक सीमित हो, वहाँ बैंक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों से समय-समय पर प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के लिए प्राप्त हुए निवल परिसंपत्ति मूल्य को हिसाब में लेता है.

d) Security receipts issued by the asset reconstruction companies are valued in accordance with the guidelines applicable to such instruments, prescribed by RBI from time to time. Accordingly, in cases where the cash flows from security receipts issued by the asset reconstruction companies are limited to the actual realisation of the financial assets assigned to the instruments in the concerned scheme, the Bank reckons the net asset value obtained from the asset reconstruction company from time to time, for valuation of such investments at each reporting period end.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ड) अधिमान्य शेयर को अग्रिमों के रूप में माना जाता है तथा ये परिसंपत्ति वर्गीकरण व प्रावधानीकरण के उन सामान्य विवेकपूर्ण मानदंडों के अधीन होते हैं, जो अग्रिमों पर लागू हैं.

e) Preference shares are valued at market rates, if quoted or on appropriate yield to maturity basis not exceeding redemption value as per RBI guidelines.

निवेशों की बिक्री से प्राप्त लाभ या हानि को लाभ - हानि लेखे में जमा/ नामे किया जाता है. तथापि परिपक्वता पर धारित निवेशों की बिक्री से प्राप्त लाभ को पहले लाभ-हानि खाते में जमा किया जाता है, उसके बाद वर्ष / अवधि की समाप्ति पर लागू करों को काटकर कैपिटल रिजर्व खाते में समायोजित किया जाता है. बिक्री से हानि को लाभ-हानि खाते में हिसाब में लिया जाता है.

Profit or Loss on sale of investments is credited/ debited to Profit and Loss Account. However, profits on sale of investments in Held to Maturity category is first credited to Profit and Loss Account and thereafter appropriated, net of applicable taxes and amount required to be transferred to Statutory Reserves, to the Capital Reserve Account at the year/period end. Loss on sale is recognized in the Profit and Loss Account.

निवेशों की राशि प्रावधानों को घटाकर दर्शायी जाती है.

Investments are shown net of provisions.

रेपो एवं रिवर्स रेपो लेनदेन / Repo and reverse repo transactions:

रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशानुसार सरकारी प्रतिभूतियों व कॉरपोरेट ऋण प्रतिभूतियों (चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) व सीमांत आपाती सुविधा (एमएसएफ) के तहत रिजर्व बैंक से किए गए लेनदेनों को छोड़कर) रेपो व रिवर्स रेपो के लेनदेन क्रमशः ऋण लेने व ऋण देने वाले लेनदेन के रूप में प्रदर्शित किए जाते हैं. रेपो लेनदेन पर उधार लागत को ब्याज व्यय के रूप में तथा रिवर्स रेपो लेनदेन पर प्राप्त राजस्व को ब्याज आय के रूप में लिया जाता है.

In accordance with the RBI guidelines repo and reverse repo transactions in government securities and corporate debt securities (excluding transactions conducted under Liquidity Adjustment Facility ('LAF') and Marginal Standby Facility ('MSF') with RBI) are reflected as borrowing and lending transactions respectively. Borrowing cost on repo transactions is accounted as interest expense and revenue on reverse repo transactions is accounted as interest income.

रिजर्व बैंक से एलएएफ एवं एमएसएफ के अंतर्गत किए रेपो लेनदेन के संबंध में रिजर्व बैंक से उधार ली गई राशि को निवेश खाते में जमा कर लेनदेन की परिपक्वता पर रिवर्स किया जाता है. इस पर लगने वाली लागत को ब्याज व्यय माना जाता है. एलएएफ के अंतर्गत रिवर्स रेपो लेनदेन में रिजर्व बैंक को दी गई राशि निवेश खाते में नामे कर लेनदेन की परिपक्वता पर रिवर्स कर दी जाती है. इस पर प्राप्त राजस्व को ब्याज आय माना जाता है.

In respect of repo transactions under LAF and MSF with RBI, amount borrowed from RBI is credited to investment account and reversed on maturity of the transaction. Costs thereon are accounted for as interest expense. In respect of reverse repo transactions under LAF, amount lent to RBI is debited to investment account and reversed on maturity of the transaction. Revenues thereon are accounted as interest income.

जीवन बीमा संयुक्त उद्यम: आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

Life Insurance Joint Venture-IDBI Federal Life Insurance Company Ltd

बीमा अधिनियम, 1938, आईआरडीए (निवेश) विनियम, 2000 और आईआरडीए द्वारा इस संदर्भ में समय-समय पर जारी विभिन्न अन्य परिपत्रों / अधिसूचनाओं के अनुसार निवेश किए जाते हैं.

Investments are made in accordance with the Insurance Act, 1938, the IRDA (Investment) Regulations, 2000, and various other circulars/notifications issued by the IRDA in this context from time to time.

निवेशों के खरीद की तारीख को लागत पर दर्ज किया जाता है जिसमें उपचित ब्याज को छोड़ कर दलाली और कर, यदि कोई हों, शामिल किए जाते हैं.

Investments are recorded at cost on the date of purchase, which includes brokerage and taxes, if any, and excludes accrued interest.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

वर्गीकरण / Classification:

तुलन पत्र की तारीख से बारह महीने के भीतर परिपक्व होने वाले निवेश और तुलन पत्र की तारीख से बारह महीनों में निपटाने के विशेष इरादे से किए गए निवेशों को अल्पकालिक निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता हैं.

Investments maturing within twelve months from the balance sheet date and investments made with the specific intention to dispose them off within twelve months from the balance sheet date are classified as short term investments.

अल्पकालिक निवेशों के अलावा अन्य निवेशों को दीर्घकालिक निवेशों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है.

Investments other than short-term investments are classified as long-term investments.

मूल्यांकन- शेयरधारकों के निवेश और गैर-संबद्ध पॉलिसीधारकों के निवेश

Valuation – shareholders' investments and non-linked policyholders' investments

सभी ऋण प्रतिभूतियों को 'परिपक्वता तक धारित' माना जाता है और तदनुसार परंपरागत लागत अंकित की जाती हैं जो सीधी रेखा के आधार पर परिपक्वता / धारिता अवधि पर प्रीमियम के परिशोधन अथवा छूट पर वृद्धि के अधीन है.

All debt securities are considered as 'held to maturity' and accordingly stated at historical cost, subject to amortization of premium or accretion of discount over the period of maturity/holding on a straight line basis.

तुलन पत्र की तारीख को सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों को उनके उचित मूल्य पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ('एनएसई') - प्राथमिक एक्सचेंज पर अंतिम मूल्य पर अंकित किया जाता है. यदि इक्विटी शेयर प्राथमिक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध नहीं है या सौदा नहीं किया गया है तो उसे उसके उचित मूल्य पर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ('बीएसई') द्वितीयक एक्सचेंज पर अंतिम मूल्य पर अंकित माना जाता है. म्यूचुअल फंड यूनिटों को तुलन पत्र की तारीख को पिछले दिन के शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है. सूचीबद्धता की प्रतीक्षा में इक्विटी शेयरों को परंपरागत मूल्य पर अंकित किया जाता है जो इस तरह के निवेश मूल्य के प्रत्येक निवेश के लिए अलग से निर्धारित किया गया है और जो मूल्य में कमी,यदि कोई हो, के लिए प्रावधान के अधीन है.

Listed equity shares as at the balance sheet date are stated at fair value being the quoted closing price on the Primary Exchange – 'National Stock Exchange ('NSE')'. In case the equity share is not listed/traded on the Primary Exchange the quoted closing price on the Secondary Exchange – 'Bombay Stock Exchange ('BSE')', is considered as fair value. Mutual fund units as at the balance sheet date are valued at the previous day's net asset values. Equity shares awaiting listing are stated at historical cost subject to provision for diminution, if any, in the value of such investment determined separately for each individual investment.

सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों और म्युचुअल फंड यूनिट के उचित मूल्य में हुए परिवर्तन के कारण न लिए गए लाभ / हानि को "उचित मूल्य परिवर्तन खाते" में लिया जाता है और तुलनपत्र में आगे ले जाया जाता है.

Unrealized gains/losses arising due to changes in the fair value of listed equity shares and mutual fund units are taken to "Fair Value Change Account" and carried forward in the balance sheet.

किसी भी ह्रास हानि को राजस्व या लाभ-हानि खाते में उतना व्यय समझा जाता है, जितना कि प्रतिभूति या निवेश के पुनर्मूल्यांकित उचित मूल्य व राजस्व या लाभ-हानि खाते में व्यय के रूप में निर्धारित किसी भी पूर्व ह्रासित हानि द्वारा कम की गई इसकी अर्जन लागत के बीच का अंतर होता है. पूर्व में अभिनिर्धारित किसी भी ह्रासित हानि के प्रतिवर्तन को राजस्व या लाभ व हानि खाते में निर्धारित किया जाता है

Any impairment loss is recognized as an expense in Revenue or Profit and Loss Account to the extent of the difference between the re-measured fair value of the security or investment and its acquisition cost as reduced by any previous impairment loss recognized as expense in Revenue or Profit and Loss Account. Any reversal of previously recognized impairment loss is recognized in Revenue or Profit and Loss Account.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

मूल्यांकन - संबद्ध कारोबार / Valuation - linked business

सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन भारतीय नियत आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्नी संघ (एफआईएमएमडीए) से प्राप्त मूल्यों के आधार पर किया जाता है. सरकारी प्रतिभूतियों के अलावा ऋण प्रतिभूतियों का मूल्यांकन रेटिंग एजेंसी द्वारा दैनिक आधार पर जारी किए जाने वाले प्रतिफल मैट्रिक्स का उपयोग करते हुए उचित मूल्य आधार पर किया जाता है.

Government Securities are valued at prices obtained from Fixed Income Money Market and Derivative Association of India (FIMMDA). Debt Securities other than Government Securities are valued at Fair Value using Yield Matrix for Bonds released by Rating Agency, on a daily basis.

मनी मार्केट लिखतों अर्थात - जमा प्रमाणपत्र , संपार्श्विक उधार तथा उधार लेन-देन संबंधी दायित्व का मूल्यांकन लागत पर किया जाता है, जो धारिता / परिपक्वता अवधि पर सीधी पंक्ति आधार पर बट्टे की अभिवृद्धि या प्रीमियम के परिशोधन के अधीन होता है. अन्य मनी मार्केट लिखतों जैसे - वाणिज्यिक कागजातों, ट्रेजरी बिलों का मूल्यांकन एफ़आईएमएमडीए से प्राप्त मूल्यों पर किया जाता है तथा इस प्रकार के लिखतों, जिनकी परिपक्वता अवधि 182 दिन या उससे कम शेष है, का मूल्यांकन पिछले मूल्यांकन मूल्य और मोचन मूल्य तथा संबंधित लिखत की शेष परिपक्वता अवधि पर एकसमान पिछले मूल्यांकन मूल्य के बीच के अंतर पर किया जाता है.

Money Market Instruments i.e. Certificate of Deposit, Collateral Borrowing and Lending Obligation are valued at cost, subject to accretion of discount or amortization of premium over the holding/maturity period on a straight line basis. Other Money Market instruments like Commercial Papers, Treasury Bills are valued at prices obtained from FIMMDA and such instruments with remaining maturity period of 182 days or less are valued at last valuation price plus difference between the redemption value and last valuation price spread uniformly over the remaining maturity period of the respective instrument.

तुलन पत्र की तारीख को सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों को उनके उचित मूल्य पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ('एनएसई') - प्राथमिक एक्सचेंज पर अंतिम मूल्य पर अंकित किया जाता है. यदि इक्विटी शेयर प्राथमिक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध नहीं है या सौदा नहीं किया गया है तो उसे उसके उचित मूल्य पर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ('बीएसई') - द्वितीयक एक्सचेंज पर अंतिम मूल्य पर अंकित माना जाता है. म्युच्युअल फंड यूनिटों का मूल्यांकन विगत दिन के निवल परिसंपत्ति मूल्य पर किया जाता है. सूचीबद्धता की प्रतीक्षा में इक्विटी शेयरों को परंपरागत मूल्य पर अंकित किया जाता है जो इस तरह के निवेश मूल्य के प्रत्येक निवेश के लिए अलग से निर्धारित किया गया है और जो मूल्य में कमी,यदि कोई हो, के लिए प्रावधान के अधीन है.

Listed equity shares as at the balance sheet date are stated at fair value being the quoted closing price on the Primary Exchange – 'National Stock Exchange ('NSE')'. In case the equity share is not listed/traded on the Primary Exchange the quoted closing price on the Secondary Exchange – 'Bombay Stock Exchange ('BSE')', is considered as fair value. Mutual fund units are valued at the previous day's net asset values. Equity shares awaiting listing are stated at historical cost subject to provision of diminution, if any, in the value of such investment determined separately for each individual investment.

निवेश पर न लिए गए लाभ / हानि को संबंधित निधि के राजस्व खाते में निर्धारित किया जाता है.

Unrealized gains/losses on investments are recognized in the respective fund's Revenue Account.

निवेशों का अंतरण / Transfer of investments

निवेशों का शेयरधारकों की निधि से पॉलिसीधारकों की निधि में अंतरण रखाव राशि या बाजार मूल्य, जो भी कम हो, पर किया जाता है. तथापि ऋण प्रतिभूति के मामले में सभी अंतरण निवल परिशोधन लागत पर किए जाते हैं. यूनिट संबद्ध निधियों के निवेशों में अंतरण बाजार मूल्य पर किया जाता है.

Transfer of investments from Shareholders' Fund to the Policyholders' Fund is at carrying amount or market price, whichever is lower. However in case of debt securities all transfers are carried out at the net amortized cost. Transfer of investments between unit linked funds is done at market price.

7 डेरिवेटिव लेन देन / Derivative Transactions:

'बचाव'(हेज) के रूप में नामित लेनदेनों में :

In Transactions designated as 'Hedge':

क) डेरिवेटिव लेनदेन पर देय/प्राप्य निवल ब्याज की गणना उपचय आधार पर की जाती है.

a) Net interest payable/ receivable on derivative transactions is accounted on accrual basis.

ख) हेज स्वैपों के अवधिपूर्व समाप्त होने पर किसी लाभ/हानि को स्वैप की शेष अनुबंधित अवधि या परिसंपत्ति/देयता की शेष अवधि, जो भी कम हो, के आधार पर तय किया जाता है.

b) On premature termination of Hedge swaps, any profit/ losses are recognized over the remaining contractual life of the swap or the residual life of the asset/ liability whichever is lesser.

ग) अंतर्निहित देयता में परिवर्तन से हेज लेनेदेनों को पुनः अभिनामित करने की गणना के लिए इसे एक हेज की समाप्ति और दूसरे का अर्जन माना जाता है.

c) Redesignation of hedge swaps by change of underlying liability is accounted as the termination of one hedge and acquisition of another.

घ) हेज करारों को तब तक बाजार मूल्य के अनुसार अंकित नहीं किया जाता है जब तक कि उसके अंतर्निहित मूल्य को भी बाजार मूल्य के अनुसार अंकित नहीं किया जाता. बाजार के लिए चिह्नित हेज करारों के संबंध में बाजार मूल्य में परिवर्तनों को लाभ एवं हानि खाते में दर्ज किया जाता है.

d) Hedge contracts are not marked to market unless the underlying is also marked to market. In respect of hedge contracts that are marked to market, changes in the market value are recognized in the profit and loss account.

'क्रय-विक्रय' के रूप में नामित लेनदेनों में / In Transactions designated as 'Trading':

क्रय-विक्रय के लिए नामित बकाया डेरिवेटिव लेनदेनों जिनमें ब्याज दर स्वैप, परस्पर मुद्रा स्वैप, परस्पर मुद्रा विकल्प एवं ऋण चूक स्वैप शामिल हैं, की गणना उनके उचित मूल्य पर की जाती है. इसके फलस्वरूप हुए लाभ/हानि को लाभ एवं हानि खाते में दिखाया जाता है. ऑप्शनों पर प्रीमियम को तुलन-पत्र की मद के रूप में दर्ज किया जाता है और इसे परिपक्वता/निरस्त होने पर लाभ-हानि लेखे में अंतरित कर दिया जाता है.

Outstanding derivative transactions designated as 'Trading', which includes interest rate swaps, cross currency swaps, cross currency options and credit default swaps, are measured at their fair value. The resulting profits/ losses are included in the profit and loss account. Premium on options is recorded as a balance sheet item and transferred to Profit and Loss Account on maturity/ cancellation.

विनिमय क्रय-विक्रय मुद्रा फ्यूचर्स (ईटीसीएफ़') खंड में क्रय-विक्रय के लिए नामित डेरिवेटिव लेन-देनों जिनमें मुद्रा फ्यूचर्स, मुद्रा ऑप्शन और ब्याज दर फ्यूचर्स शामिल हैं, की गणना उनके उचित मूल्य और टी+1 पर निपटायी गई नकदी पर की जाती है. इन लेन-देनों के फलस्वरूप हुए लाभ/हानि को संबंधित एक्सचेंजों द्वारा निर्धारित की गई माह के अंत की निपटान तारीख को लाभ एवं हानि खाते में अंतरित किया जाता है.

Derivative Transactions in Exchange Traded Currency Futures (ETCF's) segments designated as trading includes Currency Futures, Currency Options and Interest Rate Futures which are measured at their fair value and are cash settled on T+1 basis. The resulting profits / losses on these transactions are transferred to Profit & Loss Account on the month end settlement date stipulated by Respective Exchanges.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

फ़्यूचर्स एवं ऑप्शन में लेनदेन / Transactions in Futures and Options

आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज लि. के मामले में फ़्यूचर्स कांट्रेक्ट / ऑप्शन बिक्री के समय देय प्रारंभिक मार्जिन राशि एक्सचेंजों में फिक्स्ड डिपॉजिट, नकदी जमा व प्रतिभूतियों के रूप में जमाराशियों से समायोजित की जाती है.

In case of IDBI Capital Market Services Ltd, Initial Margin payable at the time of entering into futures contract / sale of options is adjusted against the deposits with the exchanges in the form of fixed deposits, cash deposits and securities.

फ़्यूचर्स कांट्रेक्ट में लेनदेनों को संविदा के कल्पित क्रय-विक्रय मूल्य पर खरीद व विक्रय के रूप में शामिल किया जाता है. तुलन पत्र की तारीख को फ़्यूचर्स में खुले ब्याज में से कल्पित मूल्य कम कर दिया जाता है.

Transactions in Future contracts are accounted as Purchase and Sales at the notional trade value of the contract. The open interest in futures as at the Balance Sheet date is netted by its notional value.

निपटान मूल्य अथवा विगत दिवस के एक्सचेंज के बंद भाव व अगले दिन के एक्सचेंज के बंद भाव के अंतर के कारण एक्सचेंज को अदा की गई या प्राप्त की गई राशि को मार्क टू मार्केट मार्जिन के रूप में चिह्नित किया जाता है. मार्क टू मार्केट मार्जिन खाते की शेष राशि तुलनपत्र की तारीख तक फ़्यूचर्स कांट्रेक्ट के खुले ब्याज के मूल्य की घटबढ़ के फलस्वरूप अदा की गई या प्राप्त की गई निवल राशि होती है. मार्क टू मार्केट मार्जिन खाते की निवल नामे शेष राशि राजस्व को प्रभारित की जाती है, जबकि निवल जमा शेष राशि को चालू देयताओं में दर्शाया जाता है.

The difference in the settlement price or exchange closing price of the previous day and exchange closing price of the subsequent day, paid to or received from the exchange is treated as Mark to Market Margin. The balance in the Mark to Market Margin Account represents the net amount paid or received on the basis of movement in the prices of open interest in futures contracts till the balance sheet date. Net debit balance in the Mark to Market Margin Account is charged off to revenue whereas net credit balance is shown under current liabilities.

ऑप्शनों के क्रय-विक्रय पर अदा की गई या प्राप्त की गई प्रीमियम तथा ऑप्शन के उपयोग के चलते अदा या प्राप्त की गई अंतर राशि को खरीदी या बिक्री के हिसाब में लिया जाता है. तुलन पत्र की तारीख के अनुसार बिक्रीत ऑप्शनों के खुले ब्याज के मामले में ऑप्शन से प्राप्त प्रीमियम की राशि से तुलनपत्र की तारीख को लागू प्रीमियम की राशि अधिक होने पर उस राशि के लिए प्रावधान किया जाता है. तुलन पत्र में लागू प्रीमियम के मुकाबले प्राप्त प्रीमियम की राशि अधिक होने पर उसे निर्धारित नहीं किया जाता है. इसी प्रकार ऑप्शन खरीदी के मामले में ऑप्शन से प्राप्त प्रीमियम की राशि से तुलनपत्र की तारीख को लागू प्रीमियम की राशि अधिक होने पर उस राशि के लिए प्रावधान किया जाता है किंतु तुलन पत्र में लागू प्रीमियम के मुकाबले प्राप्त प्रीमियम की राशि अधिक होने पर उसे अनदेखा किया जाता है. बहुविध खुली स्थिति के मामले में क्रय व विक्रय, दोनों ही स्थितियों में प्रावधान किया जाता है या अतिरिक्त प्रीमियम को अनदेखा किया जाता है.

Premium paid or received on purchase and sale of options and the difference paid or received on exercise of options is accounted as Purchases or Sales. In case of open interest in options sold as on the balance sheet date, provision is made for the amount by which premium prevailing on the Balance Sheet date exceeds the premium received for those options. The excess of premium received over the premium prevailing on the Balance Sheet date is not recognized. Similarly, in case of options bought, provision is made for the amount by which the premium paid for the option exceeds the premium prevailing on the Balance Sheet date and the excess of premium prevailing on the Balance Sheet date over the premium paid is ignored. In case of multiple open positions, provision is made or excess premiums are ignored after netting off the balances in buy as well as sell positions.

ब्याज दर स्वैप / Interest Rate Swaps

आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज लि. के मामले में प्राथमिक डीलरशिप परिचालनों के संबंध में बंद किए गए परिचालनों के ब्याज दर स्वैप की कल्पित प्राथमिक राशि में से संबंधित परिसंपत्तियों और देयताओं को घटाया जाता है. ब्याज दर स्वैप में लाभ या हानि को संविदा की शर्तों के अनुसार देय तारीख को हिसाब में लिया जाता है.

In case of IDBI Capital Market Services Ltd, Assets and Liabilities in respect of notional principal amount of Interest Rate Swaps of the discontinued operations pertaining to Primary Dealership operations are netted. Gain or loss on Interest Rate Swaps is accounted for on due dates as per the terms of the contract.

8 अचल परिसंपत्तियां एवं मूल्यह्रास / Fixed Assets and depreciation

बैंक व आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट सर्विसेज लि.

Bank and IDBI Asset Management Ltd

i. अचल परिसंपत्तियों को जहां कहीं पुनर्मूल्यांकित किया गया हो, के अलावा परंपरागत लागत (संस्थापन लागत सहित) पर लिया जाता है. पुनर्मूल्यांकन पर यदि कोई वृद्धि हुई हो तो उसे 'पुनर्मूल्यांकन रिजर्व' खाते में जमा किया जाता है. पुनर्मूल्यांकित परिसंपत्तियों के संबंध में पुनर्मूल्यांकन के फलस्वरूप हुए अतिरिक्त मूल्यह्रास को पुनर्मूल्यांकन रिजर्व से लाभ - हानि लेखे में अंतरित कर दिया जाता है.

Fixed assets are carried at historical cost (inclusive of installation cost) except wherever revalued. The appreciation on revaluation, if any, is credited to the `Revaluation Reserve' Account. In respect of revalued assets, the additional depreciation consequent to revaluation is transferred from Revaluation Reserve to the Profit and Loss account.

ii. ₹ 5000 से कम लागत की अचल परिसंपत्तियों पर उनके अर्जन के वर्ष में पूर्ण मूल्यह्रास किया जाता है.

Fixed assets individually costing less than ₹ 5000 are fully depreciated in the year of addition.

iii. मूल्यह्रास का प्रावधान परिवर्धन की तारीख से सीधी रेखा पद्धति (एसएलएम) के आधार पर किया जाता है. कंपनी अधिनियम, 1956 की अनुसूची XIV में दी गयी मूल्यह्रास की दरों को न्यूनतम दरें माना जाता है. यदि प्रबंधन के अनुमान के अनुसार किसी परिसंपत्ति को अर्जित करते समय उस अचल परिसंपत्ति के अनुमानित जीवन काल या बाद में समीक्षा करने पर उसका शेष उपयोगी जीवनकाल कम हो जाता है तो प्रबंधन द्वारा उपयोगी जीवनकाल/बाकी उपयोगी जीवनकाल के अनुमान के आधार पर मूल्यह्रास की ऊंची दर लगायी जाती है. इस नीति के अनुसरण में मूल्यह्रास का प्रावधान निम्नलिखित दरों के अनुसार किया गया है :

Depreciation is provided on Straight Line Method (SLM) from the date of addition. The rates of depreciation prescribed in Schedule XIV of the Companies Act, 1956 are considered as the minimum rates. If the management's estimate of the useful life of a fixed asset at the time of acquisition of the asset or of the remaining useful life on a subsequent review is shorter, depreciation is provided at a higher rate based on management's estimates of the useful life/ remaining useful life. Pursuant to this policy, depreciation has been provided using the following rates:

परिसंपत्ति Asset	मूल्यह्रास की दर Depreciation Rate
परिसर / Premises	1.63%
फर्नीचर एवं फिक्स्चर्स / Furniture and fixtures	8.33%
बिजली संस्थापना एवं मशीनरी / Electrical installation and machinery	8.33%
मोटर वाहन / Motor vehicles	20.00%
कंप्यूटर (आंतरिक सॉफ्टवेयर सहित) / Computers (including integral software)	33.33%
स्वचालित टेलर मशीनें / Automated Teller Machines	12.50%
वी-सैट उपकरण / VSAT equipment	10.00%
कर्मचारियों के पास टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं / Consumer durables with employees	20.00%

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

iv. वर्ष के दौरान परिवर्धित/बेची गयी अचल परिसंपत्तियों पर वास्तविक अवधि के लिए मूल्यह्रास का प्रावधान किया जाता है.

Depreciation on additions/ sale of fixed assets during the year is provided for the period for which assets were actually held.

v. लीज वाली भूमि को लीज की अवधि में परिशोधित किया जाता है.

- The account remains 'out of order' in respect of an Overdraft/Cash Credit (OD/CC). 'Out of order' means if the account outstanding balance remains continuously in excess of the sanctioned limit/drawing power. In cases where the outstanding balance in the principal operating account is less than the sanctioned limit/drawing power, but there are no credits continuously for 90 days as on the date of Balance Sheet or credits are not enough to cover the interest debited during the same period, these accounts are treated as 'out of order'.
- क्रय किए गए या भुनाई किए गए बिल 90 से अधिक दिन से 'अतिदेय' हों.
- The bill remains overdue for a period of more than 90 days in the case of bills purchased and discounted.
- कृषि ऋण के संबंध में अल्पावधि फसलों के मामले में ब्याज तथा/ अथवा मूलधन की किस्तों की अदायगी दो फसल मौसम से अतिदेय हो और दीर्घावधि फसलों में एक फसल मौसम से अतिदेय हो.
- In respect of an agricultural loan, the interest and / or installment of principal remains overdue for two crop seasons for short duration crops and for one crop season for long duration crops.

इसके अलावा रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार एनपीए को अवमानक, संदिग्ध एवं हानि परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. अवमानक परिसंपत्ति उसे कहा जाता है, जो 12 माह या इससे कम अवधि से एनपीए हो. किसी परिसंपत्ति को संदिग्ध तब माना जाता है, जब यह अवमानक परिसंपत्ति की श्रेणी में 12 माह या इससे अधिक अवधि से हो. हानि परिसंपत्ति उसे कहा जाता है जो बैंक द्वारा अथवा आंतरिक / बाह्य लेखापरीक्षकों द्वारा अथवा रिज़र्व बैंक के निरीक्षण के दौरान हानि परिसंपत्ति के रूप में अभिनिर्धारित की गई हो किन्तु जिसे पूर्णतः बट्टे खाते नहीं डाला गया हो.

NPAs are further classified into sub-standard, doubtful and loss assets based on the criteria stipulated by RBI. A substandard asset is one, which has remained as NPA for a period less than or equal to 12 months. An asset is classified as doubtful if it has remained in the sub-standard category for more than 12 months. A loss asset is one where loss has been identified by the Bank or by the internal / external auditors or during RBI inspection but the amount has not been written off fully.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2014)

Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2014)

प्रतिभूतियों में निवेश के संबंध में, जहां ब्याज/ मूलधन बकाया है, बैंक ऐसी प्रतिभूतियों पर आय को गणना में शामिल नहीं करता है तथा निवेश के मूल्य में कमी के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित प्रावधानीकरण मानदंडों के अनुसार उचित प्रावधान करता है.

In respect of investments in securities, where interest / principal is in arrears, the Bank does not reckon income on such securities and makes provisions as per provisioning norms prescribed by RBI for depreciation in the value of investments.

(क) कुल निधि आधारित व गैर- निधि आधारित सकल ऋण जोखिम एक्सपोजर

a. Total gross credit risk exposures, Fund based and Non-fund based separately.

(राशि मिलियन ₹ में) / (Amt. in ₹ million)

विवरण Particulars	निधि आधारित Fund Based	गैर-निधि आधारित Non Fund Based	कुल Total
कुल सकल ऋण जोखिम एक्सपोजर * Total Gross Credit Exposures*	**2733905.21**	**1458518.40**	**4192423.61**
देशी / Domestic	2555863.85	1442090.18	3997954.03
विदेशी / Overseas	178041.36	16428.22	194469.58

* अग्रिम एलसी, बीजी, एलईआर, स्वीकृतियों और अनाहरित मंजूरियों सहित

* includes advances, LCs, BGs, LERs, acceptances & undrawn sanctions

(ख) सकल ऋण सहायता प्राप्त शीर्ष 20 उद्योग : निधि आधारित व गैर- निधि आधारित

b. Top 20 industry type distribution of Gross credit exposures- fund based and non-fund based

(राशि मिलियन ₹ में) / (Amt. in ₹ million)

उद्योग का नाम Industry Name	निधि आधारित Fund Based	गैर-निधि आधारित Non Fund Based	कुल Total
बिजली / Power	326257.14	149850.36	476107.50
तेल एवं गैस/ पेट्रोलियम पदार्थ Oil & Gas/Petroleum Products	135972.04	163013.46	298985.50
इन्फ्रास्ट्रक्चर (अन्य) / Infrastructure Others	152639.98	136757.99	289397.97
सड़क व पुल/ पोर्ट / Roads & bridges / ports	173895.53	104749.71	278645.24
आवास ऋण / Housing Loans	242702.86	0.00	242702.86
लोह एवं इस्पात / Iron and Steel	133861.44	82782.75	216644.19
एनबीएफसी / NBFC	136670.18	10207.34	146877.52
दूरसंचार सेवाएं / Telecom	70369.51	74093.17	144462.68
व्यापार / Trading	66371.35	35425.30	101796.65
टेक्सटाइल / Textiles	84449.57	16268.87	100718.44
सामान्य मशीनरी एवं उपकरण General Machinery & Equipments	35499.25	64838.17	100337.42

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2014)

Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2014)

(राशि मिलियन ₹ में) / (Amt. in ₹ million)

उद्योग का नाम Industry Name	निधि आधारित Fund Based	गैर-निधि आधारित Non Fund Based	कुल Total
बैंकिंग / Banking	20154.67	75826.98	95981.65
निर्माण / Construction	17727.46	75411.86	93139.32
सीमेंट / Cement	70239.29	11727.50	81966.79
रसायन और रसायन उत्पाद Chemical & Chemical Products	46188.88	33764.62	79953.50
उर्वरक / Fertilizers	39649.07	35340.28	74989.35
आवास वित्त कंपनिया / Housing Finance Companies	72733.95	0.00	72733.95
वित्तीय सेवाएँ (बैंक व एनबीएफ़सी को छोड़कर) Financial Services (other than Banks & NBFCs)	28173.26	42093.95	70267.21
विद्युत मशीनरी एवं उपकरण Electrical Machinery & Equipments	15859.76	45121.10	60980.86
चीनी व चीनी उत्पाद / Sugar & Sugar Products	44741.48	11326.46	56067.94
अन्य / Others	819748.54	289918.53	1109667.07
कुल / Total	**2733905.21**	**1458518.40**	**4192423.61**

(ग) जिन उद्योगों में सकल ऋण सहायता का 5% से अधिक हिस्सा है

c. Industries having more than 5% of the Gross credit exposures

(राशि मिलियन ₹ में) / (Amt. in ₹ million)

उद्योग का नाम / Industry Name	निधि आधारित Fund Based	गैर-निधि आधारित Non Fund Based	कुल Total	% %
बिजली / Power	326257.14	149850.36	476107.50	11.36%
तेल एवं गैस/ पेट्रोलियम पदार्थ Oil & Gas/Petroleum Products	135972.04	163013.46	298985.50	7.13%
इन्फ्रास्ट्रक्चर (अन्य) Infrastructure Others	152639.98	136757.99	289397.97	6.90%
सड़क व पुल/ पोर्ट Roads & bridges / ports	173895.53	104749.71	278645.24	6.65%
आवास ऋण / Housing Loans	242702.86	0.00	242702.86	5.79%
लोह एवं इस्पात / Iron and Steel	133861.44	82782.75	216644.19	5.17%

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2014)

Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2014)

(घ) परिसंपत्तियों का शेष संविदात्मक परिपक्वता विश्लेषण

d. Residual contractual maturity breakdown of assets

(राशि मिलियन ₹ में) / (Amt. in ₹ million)

परिपक्वता अवधि Maturity Buckets	परिसंपत्तियां / Assets				
	नकदी एवं रिज़र्व बैंक व अन्य बैंकों के पास जमा शेष Cash & Balances with RBI and Other Banks	निवेश Investments	अग्रिम Advances	अचल परिसंपत्तियां एवं अन्य परिसंपत्तियां Fixed Assets & Other Assets	कुल परिसंपत्तियां Total Assets
पहला दिन / Day 1	49544.69	29549.79	18869.54	4725.10	102689.12
2 से 7 दिन 2 to 7 days	22014.80	51767.30	30837.30	2070.60	106690.00
8 से 14 दिन 8 to 14 days	3627.60	73.70	22438.20	4029.00	30168.50
15 से 28 दिन 15 to 28 days	4536.40	12161.80	12293.50	3438.70	32430.40
29 दिन से 3 माह तक 29 days & upto 3 months	19994.80	13290.70	90338.90	11219.10	134843.50
3 माह से अधिक व 6 माह तक Over 3 months & upto 6 months	6923.40	58463.20	63464.20	7420.90	136271.70
6 माह से अधिक व 1 वर्ष तक Over 6 months & upto 1 year	21585.00	64985.50	120373.90	3771.70	210716.10
1 वर्ष से अधिक व 3 वर्ष तक Over 1 year & upto 3 years	20763.40	153633.50	813305.50	227.00	987929.40
3 वर्ष से अधिक व 5 वर्ष तक Over 3 years & upto 5 years	7267.20	144216.00	278845.10	36205.30	466533.60
5 वर्ष से अधिक Over 5 yrs	11921.80	509593.55	526093.90	34084.73	1081693.98
कुल / Total	**168179.09**	**1037735.04**	**1976860.04**	**107192.13**	**3289966.30**

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2014)

Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2014)

(ङ) 31 मार्च 2014 के अनुसार अनर्जक परिसंपत्तियाँ

e. Non Performing Assets as on March 31, 2014

(राशि मिलियन ₹) / (Amt. in ₹ million)

एनपीए की राशि (सकल) / Amount of NPAs (Gross)	**99601.59**
अवमानक / Substandard	29015.20
संदिग्ध 1 / Doubtful 1	33988.09
संदिग्ध 2 / Doubtful 2	29884.92
संदिग्ध 3 / Doubtful 3	3368.87
हानि / Loss	3344.51
निवल एनपीए राशि / Net NPAs	**49023.04**
एनपीए अनुपात / NPA Ratios	
• सकल अग्रिमों की तुलना में सकल एनपीए / Gross NPAs to Gross Advances	4.90%
• निवल अग्रिमों की तुलना में निवल एनपीए / Net NPAs to Net Advances	2.48%
एनपीए में घट-बढ़ (सकल) / Movement of NPAs (Gross)	
• आरंभिक शेष / Opening Balance	64499.79
• परिवर्धन / Additions	57060.09
• बट्टे खाते / Write offs	13926.85
• कटौतियां / Reductions	8031.44
• अंतिम शेष / Closing Balances	99601.59
एनपीए के लिए प्रावधानों में घट-बढ़ / Movement of provisions for NPAs	
• आरंभिक शेष / Opening Balances	32533.78
• अवधि के दौरान किए गए प्रावधान / Provisions made during the period	33072.12
• घटाएं: प्रतिचक्रीय प्रावधानीकरण बफर में अंतरित Less : Transferred to Counter-Cyclical Provisioning Buffer	0.00
• घटाएं: बट्टे खाते डाली गई राशि / Less: Write off	13926.85
• घटाएं: अतिरिक्त प्रावधानों का पुनरांकन / Less: Write back of excess provisions	1944.10
• अंतिम शेष / Closing Balances	49734.95
अनर्जक निवेशों की राशि / Amount of Non-Performing Investments	**8965.14**
अनर्जक निवेशों के लिए धारित प्रावधानों की राशि **Amount of provisions held for Non-performing Investments**	**5610.74**
निवेशों (बांड व डिबेंचर सहित) के मूल्य में कमी के लिए प्रावधानों में घट-बढ **Movement of provisions for depreciation on investments (including bonds and debentures)**	
आरंभिक शेष / Opening Balance	12258.24
अवधि के दौरान किए गए प्रावधान / Provisions made during the period	2199.69
बट्टे खाते में डाली गई राशि/ अतिरिक्त प्रावधानों का पुनरांकन Write offs / Write Back of excess provisions	1973.32
अंतिम शेष / Closing Balance	12484.61

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2014)

Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2014)

तालिका डीएफ-4: ऋण जोखिम - मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन पोर्टफोलियो का प्रकटन:

Table DF-4: Credit Risk: Disclosures for Portfolios Subject to the Standardised approach

बैंक पूँजी गणना के लिए अपनी ऋण सहायता पर जोखिम भार की गणना करने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा निर्दिष्ट बाह्य रेटिंग एजेंसियों द्वारा प्रदान की गई रेटिंग का प्रयोग करता है. बासेल दिशानिर्देशों के अनुसार बैंकों से यह अपेक्षित है कि वे देशी ऋण एजेंसियों अर्थात् क्रिसिल, केयर, इक्रा, इंडिया रेटिंग्स (पूर्व फिच इंडिया), ब्रिकवर्क व स्मेरा तथा अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों अर्थात् फिच, मूडीज़ तथा स्टेंडर्ड एंड पूअर्स द्वारा प्रदान की गई बाह्य रेटिंग का उपयोग करता है.

The Bank uses the solicited ratings assigned by the external credit rating agencies specified by RBI for calculating risk weights on its exposures for capital calculations. In line with the Basel guidelines, banks are required to use the external ratings assigned by domestic credit rating agencies viz. Crisil, CARE, ICRA, India Ratings (formerly Fitch India), Brickwork and SMERA and international credit rating agencies Fitch, Moody's and Standard & Poor's.

प्रदत्त रेटिंग का प्रयोग अनुमत तरीके से तुलन-पत्र में तथा तुलन-पत्र से इतर अल्पावधि व दीर्घावधि सभी पात्र ऋण सहायताओं के लिए किया जाता है. केवल उन्हीं रेटिंगों पर विचार किया जाता है, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं तथा रेटिंग एजेंसियों के मासिक बुलेटिन के अनुसार लागू हों.

The ratings assigned, are used for all eligible exposures; on balance sheet & off balance sheet; short term & long term in the manner permitted by the guidelines. Only those ratings which are publicly available and in force as per the monthly bulletin of the rating agencies are considered.

जोखिम भारिता के प्रयोजन के लिए पात्र होने के लिए बैंक की ऋण जोखिम सहायता की संपूर्ण राशि को बाह्य ऋण आकलन हेतु हिसाब में लिया जाता है. बैंक एक वर्ष या इससे कम की संविदात्मक परिपक्वता वाली ऋण सहायता के लिए अल्पावधि रेटिंग तथा एक वर्ष से अधिक वाली ऋण सहायता के लिए दीर्घावधि रेटिंग का प्रयोग करता है.

To be eligible for risk weighting purposes, the entire amount of credit risk exposure to the Bank is taken into account for external credit assessment. The Bank uses short term ratings for exposures with contractual maturity of less than or equal to one year and long term ratings for those exposures which have a contractual maturity of over one year.

किसी कॉरपोरेट ऋण सहायता के लिए रेटिंग प्रदान करने और उपयुक्त जोखिम भार लागू करने की प्रक्रिया रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित विनियामक दिशा-निर्देशों के अनुरूप है. जहाँ किसी कॉरपोरेट के लिए एक से अधिक रेटिंग उपलब्ध हैं, वहाँ दो रेटिंग उपलब्ध होने पर निम्नतर रेटिंग तथा तीन या अधिक रेटिंग होने पर द्वितीय निम्नतर रेटिंग लागू की जाती है.

The process used to assign the ratings to a corporate exposure and apply the appropriate risk weight is as per the regulatory guidelines prescribed by RBI. In cases where multiple external ratings are available for a given corporate, the lower rating, where there are two ratings and the second lowest rating, where there are three or more ratings is applied.

3 प्रमुख जोखिम समूहों में ऋण जोखिम न्यूनीकरण एवं कटौती के पश्चात बैंकिंग बही में परिसंपत्तियों की निवल बकाया राशि और गैर-निधि आधारित सुविधाओं का विश्लेषण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है:

The table given below gives the breakup of net outstanding amounts of assets in Banking Book and Non Fund Based Facilities after Credit Risk Mitigation in 3 major risk buckets as well as those that are deducted:

(राशि मिलियन ₹) / (Amt. in ₹ million)

जोखिम-भार / Risk Weight	निवल सहायता राशि / Net Exposure
100% से कम / Less than 100%	2103656.63
100 % पर / At 100%	1164166.43
100 % से अधिक / More than 100%	476252.39
पूँजी से कटौती / Deduction from Capital	410.56
कुल / Total	**3744486.01**

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2014)

Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2014)

तालिका डीएफ-5 : ऋण जोखिम न्यूनीकरण : मानकीकृत दृष्टिकोण का प्रकटन

Table DF-5: Credit Risk Mitigation: Disclosures for Standardised Approaches

संपार्श्विक प्रतिभूति उधारकर्ता द्वारा ऋण सुविधा को सुरक्षित करने के लिए उधारदाता को प्रदान की गई एक परिसंपत्ति या अधिकार है. ऋण जोखिमों को कम करने के लिए बैंक अपने निवेशों के प्रति संपार्श्विक प्रतिभूति लेता है. बैंक के पास संपार्श्विक प्रबंध और ऋण जोखिम न्यूनीकरण (सीआरएम) तकनीकों पर बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति है जिसमें स्वीकार्य संपार्श्विक प्रतिभूतियों के बारे में मानदंड, ऐसे संपार्श्विकों के वर्गीकरण और मूल्यांकन के लिए कार्यप्रणाली और प्रक्रियाएं दी गई हैं.

A collateral is an asset or a right provided by the borrower to the lender to secure a credit facility. To mitigate credit risk, the Bank obtains collaterals against its exposures. The Bank has a Board approved policy on Collateral Management and Credit Risk Mitigation (CRM) Techniques, which includes norms on acceptable collaterals, procedures & processes to enable classification and valuation of such collaterals.

तुलन-पत्रीय नेटिंग उन ऋणों और जमाराशियों तक सीमित है जहाँ बैंक के पास अन्य निर्धारित शर्तों के अतिरिक्त विशिष्ट धारणाधिकार सहित वैध रूप से प्रवर्तनीय नेटिंग व्यवस्था है. यह नेटिंग उसी प्रतिपक्षकार की संपार्श्विक प्रतिभूतियों पर ऋणों के लिए है जो निर्धारणीय नेटिंग व्यवस्था के अधीन है.

On-Balance sheet netting is confined to loans and deposits, where the Bank has legally enforceable netting arrangements, involving specific lien in addition to other stipulated conditions. The netting is only undertaken for loans against collaterals of the same counterparty and subject to identifiable netting arrangement.

बैंक द्वारा ऋण सहायता की बचाव व्यवस्था करने (हेजिंग) के लिए वित्तीय तथा गैर-वित्तीय दोनों संपार्श्विक प्रतिभूतियों का इस्तेमाल किया जाता है. उधारकर्ता के प्रकार, जोखिम रूपरेखा तथा सुविधा को ध्यान में रखते हुए किसी उत्पाद के लिए उपयुक्त संपार्श्विक प्रतिभूति का निर्धारण किया जाता है. बैंक द्वारा स्वीकार की जाने वाली प्रमुख पात्र वित्तीय संपार्श्विक प्रतिभूतियों में नकदी, बैंक की स्वयं की जमाराशियाँ, स्वर्ण, राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र, किसान विकास पत्र, घोषित अभ्यर्पण मूल्य के साथ जीवन बीमा पॉलिसियां और विभिन्न प्रतिभूतियां शामिल हैं. गैर-वित्तीय संपार्श्विक प्रतिभूतियों में भूमि व भवन, संयंत्र एवं मशीनरी तथा स्टॉक शामिल हैं. तथापि, खुदरा पोर्टफोलियो के अंतर्गत संपार्श्विक प्रतिभूतियों को उत्पाद के प्रकार के अनुसार परिभाषित किया जाता है, जैसे आवास ऋण के लिए संपार्श्विक प्रतिभूति आवासीय बंधक होगा और ऑटो ऋण के लिए वाहन होगा. अधिकांश पात्र वित्तीय संपार्श्विक प्रतिभूतियाँ जहाँ बैंक ने सीआरएम तकनीक के अंतर्गत पूँजीगत अभिलाभ प्राप्त किया है, बैंक की स्वयं की सावधि जमाराशियों के रूप में हैं जो ऋण या बाजार जोखिम के अधीन नहीं हैं.

Both financial as well as non-financial collaterals are used to hedge its credit exposures. Appropriate collateral for a product is determined after taking into account the type of borrower, the risk profile and the facility. The main types of eligible financial collaterals accepted by the Bank are Cash, Bank's own deposits, Gold, National Savings Certificates, Kisan Vikas Patra, Insurance policies with a declared surrender value and various Debt securities. The non-financial collaterals include Land & Building, Plant & Machinery, Stock, etc. However, under the retail portfolio the collaterals are defined as per the type of product e.g. collateral for housing loan would be residential mortgage and an automobile is a collateral for auto loan. Most of the eligible financial collaterals, where the Bank has availed capital benefits under CRM techniques, are in the form of Bank's own FDs which are not subject to credit or market risk.

बैंक अपने ऋणों को सुरक्षित करने के लिए गारंटियों पर भी विचार करता है. तथापि, यह सिर्फ उन्हीं गारंटियों पर विचार करता है जो प्रत्यक्ष, सुस्पष्ट तथा बिनाशर्त होती है. संप्रभु सरकारों, सरकारी संस्थाओं, बैंकों, प्राथमिक व्यापारियों, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों हेतु ऋण गारंटी निधि ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई), निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी) तथा उच्च रेटिंग प्राप्त कॉरपोरेट संस्थाओं को बासेल दिशानिर्देशों में निर्धारित रूप में पूँजीगत अभिलाभ प्राप्त करने के लिए बैंक द्वारा पात्र गारंटीकर्ता माना जाता है.

The Bank also considers guarantees for securing its exposures; however only those guarantees which are direct, explicit and unconditional are considered. Sovereigns, Public Sector Entities, Banks, Primary Dealers, Credit Guarantee fund Trust for Micro and Small Enterprises (CGTMSE), Export Credit Guarantee Corporation (ECGC) and highly rated corporate entities are considered as eligible guarantors by the Bank for availing capital benefits as stipulated in the Basel guidelines.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2014)

Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2014)

बैंक संभावित ऋण जोखिमों के प्रभाव को कम करने के लिए विभिन्न प्रक्रियाओं तथा तकनीकों का प्रयोग करता है. ऋण जोखिम न्यूनीकरण (सीआरएम) एक ऐसा साधन है जो पात्र वित्तीय संपार्श्विक प्रतिभूति के मूल्य की सीमा तक इसकी पूँजी आवश्यकता की गणना करते समय, प्रतिपक्षी को बैंक के ऋण की जोखिम को कम करने के लिए तैयार किया गया है. प्रतिपक्षी को ऋण जोखिम, उपयुक्त मार्जिन लगाने के बाद, पात्र वित्तीय संपार्श्विक प्रतिभूतियों के मूल्य द्वारा समायोजित किया जाता है. मूल्य में अस्थिरता का पता लगाने के लिए मार्जिन लागू किया जाता है जिसमें ऋण सहायता और संपार्श्विक प्रतिभूति दोनों के लिए मुद्रा असंतुलन के कारण होनी वाली अस्थिरता भी शामिल है. पात्र गारंटियों के अंतर्गत पूँजी बचत का लाभ उठाने के लिए ऋण सहायता की राशि प्रतिभूत और अप्रतिभूत हिस्सों में बाँट दी जाती है. ऋण सहायता का प्रतिभूत हिस्सा गारंटीकर्ता के जोखिम भार को दर्शाता है, जबकि अप्रतिभूत हिस्सा बाध्यताधारी के जोखिम भार को दर्शाता है, बशर्ते कि बासेल दिशानिर्देशों में निर्धारित अपेक्षाओं को पूरा किया जाए.

The Bank utilizes various processes and techniques to reduce the impact of the credit risk to which it is exposed. CRM is one such tool designed to reduce the Bank's credit exposure to the counterparty while calculating its capital requirement to the extent of the value of eligible financial collateral. The credit exposure to a counter party is adjusted by the value of eligible financial collaterals after applying appropriate haircuts. The haircuts are applied to account for volatility in value, including those arising from currency mismatch for both the exposure and the collateral. For availing capital savings under eligible guarantees, the amount of exposure is divided into covered and uncovered portions. The covered portion of the exposure attracts the risk weight of guarantor, while the uncovered portion continues to attract the risk weight of the obligor subject to meeting requirements stipulated in the Basel guidelines.

सीआरएम तकनीक में शामिल बैंक की ऋण सहायता निम्नानुसार है :
The Bank's exposures where CRM techniques were applied are as follows:

(राशि मिलियन ₹) / (Amt. in ₹ million)

विवरण / Particulars	निधि आधारित Fund Based	गैर-निधि आधारित* Non-Fund Based *
पात्र वित्तीय संपार्श्विक प्रतिभूति में शामिल कुल ऋण सहायता Total Exposures covered by eligible financial collateral	78823.58	133960.77
पात्र संपार्श्विक प्रतिभूति का लाभ लेने के बाद ऋण सहायता Exposure after taking benefit of eligible collateral	30191.12	102095.10

* गैर-बाजार संबद्ध / * Non-Market Related

जहां रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशानुसार सीआरएम तकनीक के रूप में कॉरपोरेट गारंटियों का प्रयोग किया गया वहां यथा 31 मार्च 2014 को ऋण सहायता की राशि ₹ 22082.31 मिलियन थी.

The exposure covered by corporate guarantees where CRM techniques as per RBI guidelines were applied amounted to ₹ 22082.31 million as on March 31, 2014.

तालिका डीएफ-6 : प्रतिभूतिकरण ऋण निवेश : मानकीकृत दृष्टिकोण का प्रकटन

Table DF-6: Securitisation Exposures: Disclosure for Standardised Approach

बैंक की मुख्य प्रतिभूतिकृत ऋण-सहायता में पास थ्रु सर्टीफिकेटों (पीटीसी) के रूप में प्रतिभूतिकृत ऋण-पत्रों में किये गये निवेश शामिल हैं और इसमें द्वितीय हानि के रूप में ऋण वृद्धि प्रदान करना भी शामिल है. इन ऋणों/ प्राप्य राशियों को रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार एनबीएफसी/ एमएफआई से प्रतिभूतिकरण मार्ग से प्राप्त किया जाता है.

The main securitized exposures of the Bank are the investments made in securitized papers in the form of Pass Through Certificates (PTCs) and providing credit enhancements in the form of Second Loss. The loans/ receivables are acquired through the Securitization route from NBFCs/MFIs in accordance with the prevalent RBI guidelines.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2014)

Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2014)

बैंक प्रतिभूतिकरण लेन-देनों में निम्नलिखित में से कुछ या सभी भूमिकाएं अदा करता है:

The Bank acts in either some or all of the roles in securitization transactions as given below:

i. **निवेशक:** निवेशक जो विशेष प्रयोजन माध्यमों (एसपीवी) द्वारा जारी प्रतिभूतिकृत ऋण-पत्रों अर्थात् पास थ्रु सर्टीफिकेटों (पीटीसी) में निवेश करता है.

Investor: As an investor who invests in the securitized papers viz. Pass Through Certificates (PTCs) issued by the Special Purpose Vehicle (SPV).

ii. **ऋण वृद्धि प्रदाता (सीई):** खुदरा ऋणों के प्रतिभूतिकरण लेन-देन सामान्यतः चलनिधि सुविधा (एलएफ), प्रथम हानि ऋण सुविधा (एफएलसीएफ) तथा द्वितीय हानि ऋण सुविधा (एसएलसीएफ) द्वारा समर्थित हैं. इन सुविधाओं को सामूहिक रूप से ऋण वृद्धि कहा जाता है. चलनिधि सुविधा का प्रयोग समूहन अंतर्वाहों में अस्थायी असंतुलन को पूरा करने के लिए किया जाता है जबकि प्रथम हानि ऋण सुविधा और द्वितीय हानि ऋण सुविधा समूहन ऋण में कमियों को पूरा करने के लिए हैं.

Provider of Credit Enhancement (CE): Securitization transactions of retail loans are generally backed by Liquidity Facility (LF), First Loss Credit Facility (FLCF) and Second Loss Credit Facility (SLCF), collectively known as Credit Enhancement. While LF is used for meeting temporary mismatch in pool inflows, FLCF and SLCF are meant for meeting pool delinquencies.

बैंक के प्रतिभूतिकरण कार्यकलापों के संबंध में सामान्य गुणात्मक प्रकटन निम्नानुसार हैं :

The general qualitative disclosures with respect to securitization activities of the Bank are as follows:

• प्रतिभूतिकरण कार्यकलाप के संबंध में बैंक का उद्देश्य उस सीमा सहित जिस तक ये कार्यकलाप अंतर्निहित प्रतिभूतिकृत ऋणों के ऋण जोखिम को बैंक से अलग अन्य संस्थाओं को अंतरित करते हैं. • The Bank's objectives in relation to securitization activity, including the extent to which these activities transfer credit risk of the underlying securitized exposures away from the bank to other entities.	प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र को उधार (पीएसएल) के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में कमी को पूरा करने के उद्देश्य से बैंक एक निवेशक के रूप में इन कार्यकलापों को करता है. ऋणों को दायित्व-रहित आधार पर प्रतिभूतिकृत किया जाता है जिसके द्वारा अंतर्निहित ऋणों का ऋण जोखिम एनबीएफ़सी/ एमएफ़आई द्वारा निवेशक (बैंक) को पूर्णतः अंतरित हो जाता है. In order to supplement, achievement of target in Priority Sector Lending (PSL), the Bank undertakes securitization activities as an investor. The loans are securitized on non-recourse basis whereby the credit risk of the underlying loans is fully transferred by NBFCs/MFIs to investor (Bank).
• अन्य जोखिमों का स्वरूप • The nature of other risks.	अर्जित समूहों को रेटिंग एजेंसी द्वारा तय की गई ऋण वृद्धि द्वारा पर्याप्त रूप से कवर किया जाता है. यदि समूहों में हानियों का स्तर ऋण वृद्धि से अधिक हो जाता है, तो हानियों को निवेशक द्वारा वहन किया जाता है. The pools acquired are adequately covered by Credit Enhancement as decided by Rating Agency. If the losses in the pool exceed level of credit enhancement, the losses are to be borne by investor.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2014)

Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2014)

<table>
<tr><td>• प्रतिभूतिकरण प्रक्रिया में बैंक द्वारा निभायी जाने वाली विभिन्न भूमिकाएं और इनमें से हरेक में बैंक की सहभागिता की सीमा का संकेत.
• The various roles played by the Bank in the securitisation process and an indication of the extent of the bank's involvement in each of them;</td><td>31 मार्च 2014 को समाप्त वर्ष के दौरान बैंक ने निवेशक तथा प्रतिभूतिकरण लेन-देन में ऋण वृद्धि प्रदाता के रूप में भूमिकाएं अदा की है. यथा 31 मार्च 2014 को ऋण निवेश निम्नानुसार है:
During the year ended on March 31, 2014, the Bank has played the roles of an Investor and provider of Credit Enhancement in Securitisation transactions. The exposures as on March 31, 2014 is as under:
(₹ राशि मिलियन) / (Amt. in ₹ million)
<table>
<tr><th>क्र.सं.
Sr. No</th><th>अदा की गई भूमिका
Role played</th><th>लेन-देनों की संख्या
No. of transactions</th><th>अंतर्निहित राशि
Amount involved</th></tr>
<tr><td>1</td><td>निवेशक (बकाया)
Investor (o/s)</td><td>74</td><td>100925.65</td></tr>
<tr><td>2</td><td>ऋण वृद्धि प्रदाता (द्वितीय हानि सुविधा)
Provider of Credit enhancement (Second Loss Facility)</td><td>9</td><td>1842.90</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>• प्रतिभूतिकरण ऋण निवेशों के ऋण तथा बाजार जोखिम में परिवर्तनों की निगरानी करने के लिए लागू प्रक्रियाओं का विवरण
• a description of the processes in place to monitor changes in the credit and market risk of securitisation exposures.</td><td>बैंक ने खुदरा ऋणों के समूह/ संपत्ति पर ऋण (लैप) द्वारा समर्थित पीटीसी प्राप्त किये हैं. समूह को एएए (एसओ)/ एए (एसओ) रेटिंग प्राप्त है और पर्याप्त ऋण वृद्धि (सीई) द्वारा समर्थित हैं. बैंक वसूली निष्पादन, चुकौती, समय-पूर्व भुगतान, ऋण वृद्धि के उपयोग, मार्क-टु-मार्केट तथा रेटिंग पूल की आवधिक निगरानी करता है.
The Bank has acquired PTCs backed by pool of retail loans/Loan Against Property (LAP). The pools are rated AAA (SO) /AA (SO) and supported by adequate credit enhancement (CE). The Bank periodically monitors the collection performance, repayments, prepayments, utilization of CE, Mark to Market value and rating of the pools.</td></tr>
<tr><td>• प्रतिभूतिकरण ऋण-निवेशों के जरिए प्रतिधारित जोखिमों को कम करने के लिए ऋण जोखिम न्यूनीकरण के प्रयोग को नियंत्रित करने संबंधी बैंक की नीति का विवरण.
• a description of the bank's policy governing the use of credit risk mitigation to mitigate the risks retained through securitisation exposures;</td><td>बैंक मानक परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण के संबंध में रिज़र्व बैंक के 7 मई 2012 एवं 21 अगस्त 2012 के परिपत्र में वर्णित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करता है. बैंक रेटिंग एजेंसियों द्वारा निर्धारित रूप में पर्याप्त ऋण वृद्धि के साथ प्रतिभूतिकृत परिसंपत्तियों को अर्जित करता है.
The Bank meticulously follows extant RBI guidelines on Securitisation of Standard Assets as outlined in RBI circular dated May 07, 2012 and August 21, 2012. The Bank acquires securitized assets with adequate CE as recommended by rating agencies.</td></tr>
<tr><td colspan="2">प्रतिभूतिकरण कार्यकलापों के लिए बैंक की लेखा नीतियों का सारांश, निम्नलिखित सहित:
Summary of the bank's accounting policies for securitisation activities, including :</td></tr>
<tr><td>• लेन-देनों को बिक्री माना जाता है या वित्तपोषण.
• whether the transactions are treated as sales or financings;</td><td>प्रतिभूतिकृत कागजात के अर्जन को बैंक की बहियों में निवेश माना जाता है.
Acquisition of securitized papers is treated as investments in the books of the Bank.</td></tr>
<tr><td>• प्रतिधारित या क्रय की गई स्थितियों का मूल्यांकन करने में प्रयुक्त विधियां तथा मुख्य धारणाएं (निविष्टियों सहित)
• methods and key assumptions (including inputs) applied in valuing positions retained or purchased</td><td>प्रतिभूतिकृत कागजात को बिक्री के लिए उपलब्ध श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है और रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार फिम्मडा मूल्यांकन के आधार पर मार्क-टु-मार्केट किया जाता है.
The securitized papers are categorized under Available For Sale category and are marked to market based on FIMMDA valuations as per extant RBI guidelines.</td></tr>
</table>

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2014)

Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2014)

• गत अवधि से विधियों तथा मुख्य धारणाओं में परिवर्तन और परिवर्तनों का प्रभाव • changes in methods and key assumptions from the previous period and impact of the changes;	शून्य / NIL
• उन व्यवस्थाओं के लिए तुलन पत्र में देयताओं को दर्शाने के लिए नीतियां जो बैंक से प्रतिभूतिकृत परिसंपत्तियों के लिए वित्तीय सहायता की अपेक्षा कर सकती हैं. • policies for recognizing liabilities on the balance sheet for arrangements that could require the bank to provide financial support for securitized assets.	रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार देयताएं तुलन पत्र में दर्शायी जाती हैं. Liabilities are recognized on the balance sheet in terms of RBI guidelines.
बैंकिंग बही में, प्रतिभूतिकरण के लिए प्रयुक्त बाह्य ऋण मूल्यांकन संस्थाओं (ईसीएआई) के नाम और प्रतिभूतिकरण ऋण निवेश का प्रकार जिसके लिए हर एजेंसी का प्रयोग किया जाता है. In the banking book, the names of External Credit Assessment Institutions (ECAIs) used for securitization and the types of securitization exposure for which each agency is used.	प्रतिभूतिकृत ऋण-निवेशों को क्रिसिल, केयर, इक्रा तथा इंडिया रेटिंग्स द्वारा बाह्य रूप से रेटिंग प्राप्त है. The exposures securitized are externally rated by CRISIL, CARE, ICRA and India Ratings.
मात्रात्मक प्रकटन : बैंकिंग बही / Quantitative disclosures : Banking Book	
बैंक द्वारा प्रतिभूतिकृत ऋणों की कुल राशि The total amount of exposures securitized by the bank	द्वितीय हानि सुविधा के जरिए ₹ 1842.90 मिलियन ₹ 1842.90 million by way of second loss facility.
वर्तमान अवधि के दौरान प्रतिभूतिकृत हानियों के लिए बैंक द्वारा हिसाब में ली गई ऋण सहायता For exposures securitized, losses recognized by the bank during the current period broken by the exposure type.	शून्य / Nil
एक वर्ष के भीतर प्रतिभूतिकृत की जाने वाली परिसंपत्तियों की राशि Amount of assets intended to be securitized within a year	शून्य / Nil
इनमें से प्रतिभूतिकरण से एक वर्ष पूर्व उत्पन्न हुई परिसंपत्तियों की राशि. Of the above, the amount of assets originated within a year before securitization.	शून्य / Nil
प्रतिभूतिकृत ऋणों की कुल राशि (ऋण के प्रकार के अनुसार) और ऋण प्रकार के अनुसार बिक्री पर अभिलाभ या हानि न माने गये. The total amount of exposures securitized (by exposure type) and unrecognized gain or losses on sale by exposure type.	शून्य / Nil
निम्न की कुल राशिः / Aggregate amount of: • ऋण के प्रकार के अनुसार विभक्त प्रतिधारित या खरीदे गए तुलन पत्र में शामिल किये गये प्रतिभूतिकरण ऋण • on-balance sheet securitization exposures retained or purchased broken down by exposure type and	शून्य / Nil
• ऋण के प्रकार के अनुसार विभक्त तुलन पत्र में शामिल न किए गए प्रतिभूतिकरण ऋण. • off-balance sheet securitization exposures broken down by exposure type	₹ 1842.90 मिलियन की द्वितीय हानि सुविधा के प्रति जारी की गई बैंक गारंटी Bank Guarantees issued towards second loss facility of ₹ 1842.90 million.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2014)

Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2014)

• प्रतिधारित या खरीदे गए प्रतिभूतिकरण ऋणों की कुल राशि और संबद्ध पूँजी प्रभार, ऋणों में विभक्त और हरेक विनियामक पूँजी दृष्टिकोण के लिए अलग-अलग जोखिम भार दायरे में पुनः विभक्त • Aggregate amount of securitization exposures retained or purchased and the associated capital charges, broken down between exposures and further broken down into different risk weight bands for each regulatory capital approach	शून्य / Nil
• ऋण जिन्हें टियर I पूँजी से पूरी तरह से घटाया गया है, कुल पूँजी में से घटाए गए ऋण वृद्धिकारी बकाया लिखत (आई/ओ) और कुल पूँजी में से घटाए गए अन्य ऋण • Exposures that have been deducted entirely from Tier 1 capital, credit enhancing I/Os deducted from total capital, and other exposures deducted from total capital.	शून्य / Nil
मात्रात्मक प्रकटन: व्यापारिक बही / Quantitative disclosures : Trading book	
बैंक द्वारा प्रतिभूतिकृत ऋणों की कुल राशि जिनके लिए बैंक ने कुछ ऋण जोखिमों को अपने पास रखा है और जो ऋण के प्रकार के अनुसार बाजार जोखिम दृष्टिकोण के अधीन हैं. Aggregate amount of exposures securitized by the bank for which the bank has retained some exposures and which is subject to the market risk approach, by exposure type.	वित्तीय वर्ष 2014 के दौरान अर्जित प्रतिभूतिकृत कागजात : ₹ 97838.10 मिलियन Securitized papers acquired during FY 2014: ₹ 97838.10 million 31 मार्च 2014 को बकाया प्रतिभूतिकृत कागजात : ₹ 100925.65 मिलियन Securitized papers outstanding as on March 31, 2014: ₹ 100925.65 million
निम्न की कुल राशि : / Aggregate amount of: • ऋण के प्रकार के अनुसार विभक्त प्रतिधारित या खरीदे गए तुलन पत्र में शामिल किये गये प्रतिभूतिकरण ऋण; तथा • on-balance sheet securitization exposures retained or purchased broken down by exposure type; and	वित्तीय वर्ष 2014 के दौरान अर्जित प्रतिभूतिकृत कागजात : ₹ 97838.10 मिलियन Securitized papers acquired during FY 2014: ₹ 97838.10 million 31 मार्च 2014 को बकाया प्रतिभूतिकृत कागजात : ₹ 100925.65 मिलियन Securitized papers o/s as on March 31, 2014: ₹ 100925.65 million
• ऋण के प्रकार के अनुसार विभक्त तुलन पत्र में शामिल न किए गए प्रतिभूतिकरण ऋण. • off-balance sheet securitization exposures broken down by exposure type.	शून्य / Nil
निम्न के लिए अलग-अलग प्रतिधारित या खरीदे गए प्रतिभूतिकरण ऋणों की कुल राशि : Aggregate amount of securitization exposures retained or purchased separately for: • विशिष्ट जोखिम के लिए व्यापक जोखिम उपाय के अधीन प्रतिधारित या खरीदे गए प्रतिभूतिकरण ऋण; तथा • securitization exposures retained or purchased subject to Comprehensive Risk Measure for specific risk; and • विभिन्न जोखिम भार दायरों में विभक्त विशिष्ट जोखिम के लिए प्रतिभूतिकरण ढाँचे के अधीन प्रतिभूतिकरण ऋण • securitization exposures subject to the securitization framework for specific risk broken down into different risk weight bands.	शून्य / Nil 31 मार्च 2014 को बकाया प्रतिभूतिकरण ऋण : ₹ 100925.65 मिलियन Securitization exposure o/s as on March 31, 2014: ₹ 100925.65 million.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2014)

Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2014)

निम्न की कुल राशि : / Aggregate amount of: • प्रतिभूतिकरण ऋणों के लिए पूँजी अपेक्षाएं, अलग-अलग जोखिम भार दायरे में विभक्त प्रतिभूतिकरण जोखिम ढाँचे के अधीन • the capital requirements for the securitization exposures, subject to the securitization framework broken down into different risk weight bands.	(राशि मिलियन ₹ में) / (Amt. in ₹ million)			
	सुविधा / Facility	100% सीसीआर पर राशि Amt . at 100% CCR	रेटिंग / Rating	जोखिम भार Risk Weight
	निवेश बकाया Investment Outstanding	20698.7	एएए(एसओ) / AAA(SO)	20%
		72285.1	एए(एसओ) / AA(SO)	30%
		6284.1	ए(एसओ) / A(SO)	50%
		1657.7	बीबीबी (एसओ) /BBB(SO)	100%
• ऋण जिन्हें टियर I पूँजी से पूरी तरह से घटाया गया है, कुल पूँजी में से घटाए गए ऋण वृद्धिकारी बकाया लिखत और कुल पूँजी में से घटाए गए अन्य ऋण • securitization exposures that are deducted entirely from Tier 1 capital, credit enhancing I/Os deducted from total capital, and other exposures deducted from total capital.	शून्य / Nil			

तालिका डीएफ-7: व्यापार बही में बाजार जोखिम:

Table DF-7: Market Risk in Trading Book

बाजार जोखिम ब्याज दरों, इक्विटी दरों, विनिमय दरों और पण्य दरों जैसे बाजार को प्रभावित करने वाले कारकों में उतार-चढ़ाव तथा अस्थिरता के कारण निवेश के मूल्य में होने वाली हानि का जोखिम है. बैंक को स्वयं के साथ-साथ ग्राहकों की ओर से भी किए जाने वाले कारोबारी कार्यकलापों के कारण बाजार जोखिमों का सामना करना पड़ता है. बैंक इन कार्यकलापों से होने वाली वित्तीय ऋण सहायता पर अपनी जोखिम प्रबंध व्यवस्था के तहत निगरानी व प्रबंधन रखता है, जिसके तहत वित्तीय बाजारों की अप्रत्याशित प्रकृति पर नजर रखने के साथ-साथ शेयरधारकों की पूँजी पर पड़ने वाले किसी प्रतिकूल प्रभाव को न्यूनतम करने का प्रयास किया जाता है.

Market Risk is the risk of loss in the value of an investment due to adverse movements in the level of the market variables such as interest rates, equity prices, exchange rates and commodity prices, as well as volatilities therein. The Bank is exposed to market risk through its trading activities, which are carried out on its own account as well as those undertaken on behalf of its customers. The Bank monitors and manages the financial exposures arising out of these activities as an integral part of its overall risk management system. The system takes cognizance of the unpredictable nature of the financial markets and strives to minimise any adverse impact on the shareholders' wealth.

बैंक ने परिसंपत्ति देयता प्रबंध (एएलएम) नीति, बाजार जोखिम नीति, निवेश नीति और डेरिवेटिव नीति तैयार की हैं. ये नीतियां बोर्ड द्वारा अनुमोदित हैं. इन नीतियों से यह सुनिश्चित किया जाता है कि प्रतिभूतियों, विदेशी मुद्रा विनिमय और डेरिवेटिव के परिचालन उचित व मान्य कारोबार प्रथा के अनुरूप तथा विनियामक दिशा-निर्देशों के अनुसार किए जाएं. इन नीतियों में वित्तीय लिखतों के लेन-देन के संबंध में सीमाएं तय की गई हैं. कारोबार आवश्यकताओं व आर्थिक परिवेश में होने वाले परिवर्तनों और संशोधित नीति-निर्देशों तथा प्रक्रिया व उत्पाद नवोन्मेष को देखते हुए इनमें आवश्यक परिवर्तन के लिए इन नीतियों की आवधिक रूप से समीक्षा भी की जाती है.

The Bank has formulated an Asset Liabilities Management (ALM) Policy, a Market Risk and Derivative Policy and an Investment Policy all of which are approved by the Board. These policies ensure that operations in securities, foreign exchange and derivatives are conducted in accordance with sound & acceptable business practices and are as per the extant regulatory guidelines. These policies contain the limit structure that governs transactions in financial instruments. These policies are reviewed periodically to incorporate changed business requirements, economic environment and changes in regulations in addition to process and product innovations.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2014)

Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2014)

बैंक की परिसंपत्ति देयता प्रबंध समिति (एल्को) में वरिष्ठ कार्यपालक होते हैं और इसकी नियमित रूप से बैठकें होती हैं ताकि तुलन-पत्र जोखिमों का समन्वित तरीके से प्रबंधन किया जा सके. एल्को चलनिधि, ब्याज दर व विदेशी मुद्रा विनिमय जोखिम जैसे बाजार जोखिमों के प्रबंध पर विशेष ध्यान देती है. ब्याज दर संवेदनशीलता विश्लेषण बैंक की निवल ब्याज आय (एनआईआई) से ब्याज दरों में घट-बढ़ के पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करता है.

The Asset Liability Management Committee (ALCO) comprising top executives of the Bank meet regularly to manage balance sheet risks in a coordinated manner. ALCO focuses on the management of risks viz. liquidity, interest rate and foreign exchange risks. Interest rate sensitivity analysis is measured through impact of interest rate movements on Net Interest Income (NII) of the Bank.

बैंक बाजार जोखिम एवं डेरिवेटिव नीति के माध्यम से ऐसे व्यापार जोखिमों की पहचान करता है, जिनका प्रबंधन किया जाना हो. इस नीति के अंतर्गत लेखा बही में जोखिम प्रबंध के उपयुक्त स्तर के लिए आवश्यक संगठनात्मक स्वरूप, विभिन्न साधनों, पद्धतियों, प्रक्रियाओं आदि को भी निर्धारित किया गया है. बैंक द्वारा अपनाए जाने वाले प्रमुख जोखिम प्रबंधनों में व्यापार पोर्टफोलियो का मार्क टु मार्केट (एमटीएम) प्रबंध, पीवी01, संशोधित अवधि, हानि रोध सीमाएं, ग्रीक लिमिट्स, संभाव्य भावी ऋण सहायता, तनाव परीक्षण आदि शामिल हैं.

The Market Risk and Derivative Policy identifies the trading risks to be managed by the Bank. It also lays down the organizational structure, tools, systems, processes, etc., necessary for appropriate levels of risk management in the trading book. The important risk management tools employed by the Bank are Marked to Market (MTM) of trading portfolio, PV01, modified duration, Stop loss, Greek limits, Potential Future Exposure, stress testing etc.

निवेश नीतियां रिज़र्व बैंक द्वारा जारी विभिन्न परिपत्रों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई हैं. निवेश नीति में लिखतों में निवेश, ऐसे निवेशों का उद्देश्य तथा बैंक से लेन-देन के लिए पात्र ग्राहकों के बारे में मानदंड निर्धारित किए गए हैं.

The Investment policy has been framed keeping in view market dynamics and various circulars issued by RBI in this regard. The policy lays down the parameters for investments in instruments, the purpose for such investments and the eligible customers with whom Bank can transact.

बैंक अपनी बाजार जोखिम का निम्न व्यापक उद्देश्यों से प्रबंध करता है:

The Bank manages its market risk with the broad objectives of:

1. निवेशों, विदेशी मुद्रा और डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में निहित ब्याज दर जोखिम, मुद्रा जोखिम व इक्विटी जोखिम का प्रबंध;
   Management of interest rate risk, currency risk and equity risk arising from investments, foreign exchange and derivatives portfolio;
2. विभिन्न पोर्टफोलियो में लेन-देन के संबंध में उचित वर्गीकरण, मूल्यांकन व लेखांकन;
   Proper classification, valuation and accounting of the transactions in various portfolios;
3. डेरिवेटिव, निवेश और विदेशी मुद्रा विनिमय उत्पादों से संबंधित लेन-देनों की पर्याप्त व उचित रिपोर्टिंग;
   Adequate and proper reporting of the transactions related to derivative, investment and foreign exchange products;
4. बाजार से संबंधित लेन-देनों के परिचालन व निष्पादन पर प्रभावी नियंत्रण; और
   Effective control over the operation and execution of market related transactions; and
5. विनियामक अपेक्षाओं का अनुपालन.
   Compliance with regulatory requirements.

बैंक में अलग से एक बाजार जोखिम समूह (एमआरजी)/ मध्यम कार्यालय है, जोकि ट्रेजरी परिचालनों में बाजार जोखिम की पहचान, मूल्यांकन, निगरानी व रिपोर्टिंग के लिए एवं अपवाद की स्थितियों में उनकी जानकारी देने के लिए उत्तरदायी है. यह समूह बाजार जोखिम को मापने के लिए नीतियों व प्रक्रियायों में परिवर्तन की भी सिफारिश करता है. इस समूह की प्रमुख रणनीतियां व प्रक्रियाएं निम्नानुसार हैं:

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2014)

Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2014)

The Bank has an independent Market Risk Group (MRG)/Middle Office which is responsible for identification, assessment, monitoring and reporting of market risk in Treasury operations and to highlight exceptions, if any. The group also recommends changes in policies and methodologies for measuring market risk. The main strategies and processes of the group are:-

1. प्रत्यायोजनः ट्रेजरी परिचालनों के लिए अधिकारों का उपयुक्त प्रत्यायोजन किया गया है. निवेश संबंधी निर्णय बोर्ड की निवेश समिति के पास निहित हैं. एमआरजी संबंधित नीतियों में यथा वर्णित विभिन्न सीमाओं की निगरानी करता है.

   Delegation: Appropriate delegation of powers has been put in place for treasury operations. Investment decisions are vested with Investment Committee of the Board. MRG monitors various limits, which have been laid down in the policies.

2. नियंत्रणः सिस्टम में पर्याप्त डाटा एकीकरण नियंत्रण मौजूद है. इन नियंत्रणों का प्रयोग लेखापरीक्षा के लिए भी किया जाता है.

   Controls: The systems have adequate data integrity controls. The controls are used for audit purpose as well.

3. अपवाद संचालन प्रक्रियाः नीतियों के अंतर्गत तय की गई सीमाएं सिस्टम में शामिल कर ली गई हैं जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि उसे लागू किया जा रहा है और अपवाद को न्यूनतम रखा जा सके. सीमाओं के उल्लंघन/ अपवाद, यदि कोई हो, को प्रत्यायोजित प्राधिकारी द्वारा विश्लेषित और अभिपुष्ट किया जाता है.

   Exception handling processes: The limits set in the policies have been inserted in the system for ensuring that the same is being enforced to minimize exceptions. The limit breaches/exceptions, if any, are analyzed and ratified from the delegated authorities.

एमआरजी वरिष्ठ प्रबंधन और बोर्ड की समिति के सदस्यों को फॉरेक्स, निवेश व डेरिवेटिव उत्पाद संबंधी जोखिमों के बारे में आवधिक रूप से रिपोर्ट देता है. बैंक अपेक्षानुसार विभिन्न विनियामक रिपोर्ट भी प्रस्तुत करता है. बैंक की जोखिम क्षमता के आधार पर जोखिम मैट्रिक्स पर सीमाएं रखी जाती हैं तथा उन पर आवधिक आधार पर निगरानी रखी जाती है.

The MRG periodically reports on forex, investment and derivative product related risk measures to the senior management and committees of the Board. The Bank also reports to regulators as per the reporting requirements. Based on the risk appetite of the Bank, limits are placed on the risk metrics which are monitored on a periodic basis.

31 मार्च 2014 को बाजार जोखिमों के लिए पूँजी प्रभार का समूहन

Aggregation of capital charge for market risks as on March 31, 2014

(राशि मिलियन ₹) / (Amt. in ₹ million)

जोखिम श्रेणी / Risk Category		पूँजी प्रभार / Capital charge
क. a.	**जोखिम विशेष के कारण पूँजी प्रभार Capital Charge on account of specific risk**	**10882.66**
i)	ब्याज दर संबंधी लिखतों पर / On interest rate related instruments	4302.48
ii)	इक्विटी पर / On equities	6580.18
iii)	डेरिवेटिव पर / On derivatives	0.00
ख. b.	**सामान्य बाजार जोखिम के कारण पूँजी प्रभार Capital charge on account of general market risk**	**6373.46**
i)	ब्याज दर संबंधी लिखतों पर / On interest rate related instruments	3646.08
ii)	इक्विटी पर / On equities	2253.96

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2014)

Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2014)

(राशि मिलियन ₹) / (Amt. in ₹ million)

जोखिम श्रेणी / Risk Category		पूँजी प्रभार / Capital charge
iii)	विदेशी मुद्रा पर / On Foreign exchange	450.00
iv)	बहुमूल्य धातुओं पर / On precious metals	0.00
v)	डेरिवेटिव पर (एफएक्स विकल्प) / On derivatives (FX Options)	23.42
	व्यापारिक बही पर कुल पूँजी प्रभार (क + ख) **Total Capital Charge on Trading Book (a+b)**	**17256.12**
	व्यापारिक बही पर कुल जोखिम भारित परिसंपत्तियां **Total Risk Weighted Assets on Trading Book**	**191734.68**

तालिका डीएफ-8 : परिचालन संबंधी जोखिम:

Table DF-8: Operational Risk

परिचालन संबंधी जोखिम का अर्थ हानि का जोखिम है जो आंतरिक कार्यकलापों, व्यक्तियों और पद्धतियों में खामियों या असफलताओं के कारण या बैंक की कारोबारी गतिविधियों पर बाहरी घटनाओं के प्रभाव के कारण होता है. इसमें विधिक जोखिम तो शामिल हैं, किन्तु रणनीतिक और प्रतिष्ठा संबंधी जोखिम शामिल नहीं हैं.

Operational Risk is defined as the risk of loss resulting from inadequate or failed internal processes, people & systems or from external events inherent in Bank's business activities. This includes legal risk, but excludes strategic and reputational risks.

परिचालन जोखिम प्रबंध संरचना

Operational Risk Management Framework

बैंक के पास सुपरिभाषित परिचालन जोखिम और कारोबार निरंतरता प्रबंध (ओआर और बीसीएम) नीति है. इस नीति का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग परिचालनों में निहित परिचालन जोखिमों की पहचान, निर्धारण और उसकी सीमाओं का पता लगाना और उनको कम करना है. यह इन जोखिमों की निगरानी और इनको कम करने के लिए क्षमताओं, साधनों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं के विकास पर भी ध्यान केंद्रित करता है.

The Bank has a well-defined Operational Risk & Business Continuity Management (OR & BCM) Policy. The main objectives of the policy are identification & assessment of operational risks attached to banking operations and developing capabilities, tools, systems and processes to monitor and mitigate these risks.

बैंक में प्रभावी परिचालन जोखिम प्रबंध के लिए एक सक्षम परिचालन जोखिम प्रबंध संरचना उपलब्ध है तथा इसने एक संगठनात्मक संरचना भी निर्मित की है, जिसमें निदेशक मण्डल, बोर्ड की आरएमसी और परिचालन जोखिम प्रबंध समिति (ओआरएमसी) शामिल हैं. परिचालन जोखिम प्रबंध कार्यकलापों पर एक समीक्षा रिपोर्ट ओआरएमसी एवं बोर्ड की आरएमसी को आवधिक आधार पर प्रस्तुत की जाती है.

The Bank has a robust Operational Risk Management Framework and has also established an enabling organizational structure comprising of Board of Directors, RMC of the Board and Operational Risk Management Committee (ORMC) for effective management of Operational Risk. Review reports on Operational Risk management activities are periodically presented to ORMC and RMC of the Board.

एएमए में परिवर्तन के लिए बैंक की पहल

Bank's initiative in migrating to AMA

वर्तमान में, बैंक परिचालनगत जोखिम के लिए पूँजी प्रभार की संगणना हेतु बुनियादी संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) का पालन कर रहा है. तथापि, उन्नत परिमापन दृष्टिकोण (एएमए) में अपेक्षित परिवर्तन के एक हिस्से के रूप में बैंक अपनी परिचालनगत जोखिम प्रबंध प्रणाली व प्रक्रिया में और सुधार करने के लिए सम्मिलित प्रयास कर रहा है. इस संबंध में बैंक के विभिन्न कार्यों से जुड़े परिचालनात्मक जोखिम के प्रबंधन हेतु एक व्यापक

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2014)

Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2014)

परिचालनात्मक जोखिम मूल्यांकक (कोर) का कार्यान्वयन किया गया है. इस प्रयोजन हेतु प्रमुख जोखिम संकेतक (केआरआई) तथा जोखिम व नियंत्रण स्व-मूल्यांकन (आरसीएसए) का उपयोग किया जाता है. परिचालनात्मक जोखिम मापने हेतु बैंक लॉस डाटा कैप्चर (एलडीसी) मॉड्यूल के जरिए परिचालनात्मक हानि आंकड़ों का नियमित रूप से संग्रहण कर रहा है तथा आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार इन हानियों को विभिन्न कारोबारी श्रृंखलाओं एवं इसके प्रकारों के तहत वर्गीकृत कर रहा है.

